✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 349 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 19 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के गांधी मैदान से अग्निशमन वाहनों को रवाना करते सीएम सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी एवं अन्य

## गया से पलामू तक रेल क्रांति की आहट

### गया-डालटनगंज भाया परैया-चतरा नई रेल परियोजना अब विशेष परियोजना अधिसूचित | दशकों पुराना सपना साकार होने की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** दक्षिण बिहार और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों के लिए ऐतिहासिक महत्व रखने वाली गया-डाल्टेनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना को आखिरकार बड़ी प्रशासनिक मंजूरी मिल गई है। रेल मंत्रालय के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल ने परैया (किमी 0.00) से चतरा (किमी 75.1) के बीच नई ब्रॉडगेज रेल लाइन तथा काष्ठा की ओर 4.95 किमी वाई कनेक्शन परियोजना को विशेष रेल परियोजना घोषित करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। इस अधिसूचना के साथ ही वर्षों से उपेक्षित रहे मगध और पलामू क्षेत्र के लोगों में नई उम्मीद जगी है। यह केवल एक रेल लाइन नहीं बल्कि उन लाखों लोगों के सपनों का रास्ता है जो आजादी के बाद से इस क्षेत्र को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने की मांग करते रहे हैं। कई पीढ़ियां इस उम्मीद में गुजर गईं कि कभी गया से शेरघाटी, इमामगंज होते हुए पलामू तक रेल चलेगी। अब पहली बार यह सपना धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। प्रस्तावित रेल लाइन गया जिले के परैया, गुरुआ, शेरघाटी, बांकेबाजार, इमामगंज, डुमरिया और झारखंड के मैगरा, नौडीहा बाजार होते हुए डाल्टेनगंज तक पहुंचने की परिकल्पना के रूप में देखी जा रही है। वर्तमान अधिसूचना में परैया से चतरा तक के हिस्से को विशेष परियोजना घोषित किया गया है, जिसे आगे पलामू क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 के तहत विशेष रेल परियोजना घोषित होने के बाद भूमि अधिग्रहण,



प्रशासनिक स्वीकृति और निर्माण प्रक्रिया में तेजी आने की संभावना है। इससे लंबे समय से फाइलों में अटकी परियोजना को गति मिलेगी।

#### पिछड़े इलाकों को मिलेगा विकास का नया रास्ता

यह रेल लाइन मगध और दक्षिणी बिहार के उन इलाकों से होकर गुजरेगी, जहां आज भी परिवहन की पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। इमामगंज, बांकेबाजार और डुमरिया जैसे प्रखंड लंबे समय से सड़क संपर्क की समस्याओं से जूझते रहे हैं। बरसात के दिनों में कई गांवों का संपर्क लगभग टूट जाता है। रेलवे लाइन बनने से इन क्षेत्रों को न केवल बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना पर्यटन के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। गया अंतरराष्ट्रीय बौद्ध पर्यटन केंद्र है, जबकि आसपास के क्षेत्र ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक दृष्टि से समृद्ध हैं। रेल संपर्क बढ़ने से देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी।

#### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास की नई उम्मीद

यह प्रस्तावित रेल लाइन उन इलाकों से होकर गुजरती है जिन्हें लंबे समय तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता रहा है। विकास की कमी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने इन क्षेत्रों को मुख्यधारा से दूर रखा। अब रेलवे परियोजना को विशेष दर्ज़ा मिलने से लोगों को उम्मीद है कि क्षेत्र में उद्योग, बाजार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा सामाजिक-आर्थिक (शेष पृष्ठ 11 पर)

## कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में नहीं ले सकता : सम्राट

### अपने राज्य में निवेश करें राज्य को समृद्ध बनाने में योगदान दें उद्यमी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को राजधानी पटना के गांधी मैदान में 80 अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों और एआई आधारित आधुनिक अग्निशमन नियंत्रण कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार अब सड़क, बिजली और मूलभूत सुविधाओं से आगे बढ़कर औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बिहार से बाहर उद्योग स्थापित कर चुके उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जन्मभूमि बिहार लौटें और यहां निवेश कर राज्य को समृद्ध बनाने में योगदान दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े-बड़े उद्योगपति आगे आ रहे हैं। उनकी सरकार को अभी एक महीना और तीन दिन हुए हैं लेकिन इस दौरान बिहार से बाहर गए कई उद्यमियों ने वापस लौटकर निवेश करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि 20 नवंबर 2026 को एनडीए सरकार के एक वर्ष पूरा होने तक बिहार में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश पर काम शुरू कराने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने



कहा कि बिहार में सुशासन कायम है और पुलिस को पूरी स्वतंत्रता दी गई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राज्य में कोई भी व्यक्ति कानून को हाथ में नहीं ले सकता और पुलिस लगातार अपराधियों को जवाब दे रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार को 1000 जवानों वाला सीआईएसएफ ट्रेनिंग सेंटर मिला है। उन्होंने कहा कि गया में विकसित हो रहे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भी सीआईएसएफ का एक और ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने का अनुरोध किया जाएगा। कार्यक्रम में अग्निशमन कर्मियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा को विपदा बनने से रोकना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई व्यवस्थाओं का असर आज भी दिखाई देता है। उन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी उनकी सरकार निभा रही है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष उदयकांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा की महानिदेशक शोभा अहोतकर तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी गोपाल सिंह मौजूद रहे।

## सचिवालय कर्मियों के लिए इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा की हुई शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में सचिवालय कर्मियों के लिए सोमवार से विशेष इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा की शुरुआत कर दी गई। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की ओर से शुरू की गई इस सेवा का शुभारंभ परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर परिवहन विभाग के अपर सचिव प्रवीण कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। परिवहन विभाग की ओर से शुरू की गई यह विशेष सेवा सचिवालय आने-जाने वाले सरकारी कर्मियों को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। विभाग का कहना है कि प्रतिदिन हजारों सरकारी कर्मचारी निजी वाहनों से सचिवालय पहुंचते हैं जिससे राजधानी में ट्रैफिक दबाव बढ़ता है और पेट्रोल-डीजल की खपत भी अधिक होती है। नई इलेक्ट्रिक और पिंक बस सेवा से निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। इस दौरान बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि इस विशेष सेवा के तहत पटना के पांच प्रमुख रूटों पर कुल 25 बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इनमें 15 इलेक्ट्रिक बसें और 10 पिंक बसें शामिल हैं। ये सभी बसें प्रतिदिन सचिवालय आने-जाने वाले कर्मचारियों के लिए संचालित की जाएंगी। इस मौके पर परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के अनुरूप यह पहल की गई है। वहीं परिवहन सचिव राज कुमार ने कहा कि सचिवालय विशेष बस सेवा का मुख्य उद्देश्य सरकारी कर्मियों को बेहतर और भरोसेमंद सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रमुख रूटों से बसों का परिचालन शुरू किया गया है ताकि शहर के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले कर्मियों को राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व अधिकारी धर्मेन्द्र निलंबित

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में जनता की समस्याओं के समाधान का फाइल लटकाने वालों अफसरों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। पहला विकेट मुजफ्फरपुर में गिरा। जिले में एक राजस्व अधिकारी को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने बताया कि मुजफ्फरपुर के कुढनी में पदस्थापित राजस्व अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। धर्मेंद्र कुमार पर कई बार काम में लापरवाही के आरोप लगे। यह सभी अधिकारियों के लिए एक मैसेज है।

### 40 लाख की लूट का खूंखार आरोपित मुठभेड़ में घायल

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र में हुए 40 लाख रुपये के आभूषण लूट मामले के एक मुख्य आरोपी आखिरकार पुलिस की सख्त कार्रवाई का शिकार बन गया। सोमवार की सुबह सिसवन थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव निवासी अंकित कुमार सिंह पुलिस मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घुटनों में पुलिस की गोली लगने से यह अपराधी अब जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। यह वही अंकित है जिसने 6 मई को जीरादेई के जामापुर स्थित एक आभूषण दुकान में हुई लूट की वारदात में अहम भूमिका निभाई थी।

### हत्या मामले में दो सगे भाइयों को उम्रकैद

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले में चार साल पुराने एक हत्याकांड में अदालत ने दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे तृतीय विनय प्रकाश तिवारी की अदालत ने पंकज राय (उर्फ पवन) और दीपक राय (उर्फ नीरज राय) को दोषी करार दिया है। यह घटना 6 अगस्त 2020 को कुदरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में हुई थी। घर के पानी की निकासी और नाली को लेकर दो पक्षों में विवाद शुरू हुआ था। विवाद बढ़ने पर नीरज राय के उकसाने पर पंकज राय ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से शिवजी राय के पेट में गोली मार दी थी। लोक अभियोजक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रायल के दौरान 8 गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।

### एसबीआइ की सीएसपी से पांच लाख लूटे

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** सरायरंजन थाना क्षेत्र में सोमवार को हथियारबंद अपराधियों ने करीब पांच लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाशों ने एसबीआई सीएसपी को अपना निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार लुटेरों ने बैंक से करीब पांच लाख रुपये लूट लिए। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सरायरंजन थाना क्षेत्र के रायपुर बुजुर्ग स्थित एसबीआई सीएसपी पर दो बाइक से चार बदमाश पहुंचे। सभी बदमाश नकाबपोश थे और आधुनिक हथियारों से लैस थे। बताया गया कि तीन बदमाश सीएसपी केंद्र के अंदर घुस गए, जबकि उनका एक साथी बाहर रहकर निगरानी करता रहा। सीएसपी के अंदर घुसे बदमाशों ने काउंटर से करीब पांच लाख रुपये नगद लूट लिए।

## रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** सासाराम और शिवसागर रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार को अलग-अलग स्थानों से दो शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। रेल पुलिस ने एक युवती और एक युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। दोनों मृतकों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिवसागर थाना क्षेत्र के समहुता गांव के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवती का शव पड़ा मिला। सोमवार सुबह जम्मू तवी एक्सप्रेस के लोको पायलट की नजर शव पर पड़ी जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल रेल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने युवती की गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मामले में रितेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना में सासाराम रेलवे स्टेशन से पश्चिम बेदा नहर के समीप रेलवे ट्रैक के पास एक युवक का शव बरामद किया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस का मानना है कि युवक की मौत चलती ट्रेन से गिरने के कारण हुई हो सकती है। पुलिस ने शव को रेलवे पोल संख्या 575/22/24 के पास से बरामद किया है। युवक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है और पहचान कराने का प्रयास जारी है। दोनों घटनाओं के बाद रेल पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## सड़क हादसे में छह की मौत, चार घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 पर सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। ठठा गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दो माह का नवजात, एक महिला और एक बालक की मौत ने लोगों को भावुक कर दिया। घटना के बाद सड़क पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो सवार लोग किसी जरूरी काम से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर शव और घायलों को पड़ा देख स्थानीय लोग दहशत में आ गए। हादसे के तुरंत बाद



आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकालने लगे। घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने कई घायलों की हालत बेहद गंभीर बताई है और बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की तैयारी की जा रही है। वहीं पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मानसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक घटना के बाद फरार बताया जा रहा है। उसकी तलाश जारी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एनएच-31 पर आए दिन तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर सख्त यातायात नियंत्रण, स्पीड मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे हादसे आगे भी लोगों की जान लेते रहेंगे। हादसे में नवजात शिशु और महिला की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अस्पताल में भर्ती घायलों के परिजन लगातार उनकी सलामती की दुआ कर रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया और प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही मानसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। ट्रक चालक की पहचान और वाहन को कब्जे में लेने की कार्रवाई की जा रही है।

## झारखंड में जल्द होंगी हजारों नई भर्तियां : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने 319 शिक्षकों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में 319 शिक्षकों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आने वाले दो से चार महीनों में हजारों नई नियुक्तियां करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही मानव संसाधन के क्षेत्र में नियुक्ति प्रक्रिया को तेजी दी गई है। उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों में शिक्षा विभाग में करीब 9 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी अभ्यर्थी इंटर और स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार केवल रोजगार देने के उद्देश्य से



नहीं बल्कि झारखंड के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए नियुक्तियां कर रही है। हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय योजना का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कुपोषण झारखंड के लिए एक बड़ी चुनौती रहा है। अब सरकार का लक्ष्य राज्य को इस समस्या से बाहर निकालना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और महिला पर्यवेक्षिकाओं की इसमें अहम भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर बने। इसके लिए शिक्षा, पोषण और रोजगार के क्षेत्र में लगातार काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंत्री संजय प्रसाद यादव, मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



# बिहटा-अरवल-औरंगाबाद रेल लाइन को मिली नई रफ्तार

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जल्द भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया आगे बढ़ाने का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली/अरवल।** बिहार के बहुप्रतीक्षित बिहटा-अरवल-औरंगाबाद रेल लाइन परियोजना को लेकर सोमवार को नई दिल्ली में महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। भाजपा के अरवल विधायक मनोज शर्मा ने भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार मुलाकात कर परियोजना पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की। मुलाकात के दौरान विधायक मनोज शर्मा ने रेल मंत्री के समक्ष परियोजना की वर्तमान स्थिति, क्षेत्रीय महत्व और जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्रमुखता से रखा। इस पर रेल मंत्री ने आश्वस्त किया कि परियोजना से संबंधित सभी आवश्यक कागजी प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी, ताकि रेल लाइन निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से प्रारंभ हो सके। रेल मंत्री के इस आश्वासन के बाद अरवल, औरंगाबाद तथा पटना जिले के लोगों में नई उम्मीद जगी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह रेल परियोजना क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्षेत्र के लोगों का मानना रहा है कि यदि यह रेल लाइन बनती है तो दक्षिण बिहार के कई हिस्सों की तस्वीर बदल सकती है। सड़क मार्ग पर निर्भर लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और पटना से संपर्क भी आसान होगा। विधायक मनोज शर्मा ने मुलाकात के बाद कहा कि क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री के साथ हुई बातचीत बेहद सकारात्मक रही और केंद्र सरकार इस परियोजना को गंभीरता से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने रेल मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परियोजना के आगे बढ़ने से न केवल यातायात व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि रोजगार, व्यापार और औद्योगिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

## प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को विभाग बताएंगे अपनी उपलब्धियां : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के सभी विभाग अब अपने-अपने विभागों की महत्वपूर्ण कार्यों और उपलब्धियों को नियमित तौर पर जनता के बीच रखेंगे। इसके लिए प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे सूचना भवन स्थित 'संवाद' कक्ष में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इसके संबंध में सभी विभाग को पत्र जारी किया है। पत्र में विभागों के लिए रोस्टर भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए प्रत्येक विभाग से किसी वरीय पदाधिकारी को इस कार्य की समुचित व्यवस्था करने के लिए नोडल पदाधिकारी के तौर पर नामित करने का निर्देश पत्र में दिया गया है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में इस आयोजन के लिए संयुक्त निदेशक (प्रेस) रवि भूषण सहाय से सभी विभागों के नोडल पदाधिकारी को समन्वय करने के लिए कहा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विभागीय योजनाओं के बारे में पारदर्शी तरीके से जानकारी आमजन तक पहुंचाना।

## एनटीपीसी बाढ़ ने साझा की उपलब्धियां और विकास योजनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बाढ़।** एनटीपीसी बाढ़ में रविवार को मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख सी. सत्य रामकृष्ण ने एनटीपीसी बाढ़ की उपलब्धियों, परिचालन उत्कृष्टता, सतत विकास और सामुदायिक विकास से जुड़ी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी बाढ़ की कुल स्थापित क्षमता 3300 मेगावाट (5X660 मेगावाट) है। स्टेज-1 यूनिट-3 के वाणिज्यिक परिचालन के बाद यह एनटीपीसी का दूसरा सबसे बड़ा पावर स्टेशन बन गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्टेशन ने 17574 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया जो अब तक का सर्वाधिक वार्षिक उत्पादन है। 30 दिसंबर 2025 को 75.38 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक एकदिवसीय उत्पादन और 95.18 प्रतिशत पीएलएफ का रिकॉर्ड बनाया गया। मार्च 2026 में 2045 मिलियन यूनिट का सर्वाधिक मासिक उत्पादन भी दर्ज किया गया। हरित ऊर्जा पहल के तहत स्टेशन में 3150 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं जिनमें 2450 किलोवाट क्षमता की परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। सामुदायिक विकास के तहत बालिका सशक्तिकरण अभियान, उत्कर्ष मेरिट छात्रवृत्ति और मोबाइल मेडिकल वैन जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही 400 एमडब्ल्यूएच क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना पर भी कार्य जारी है जिससे ऊर्जा प्रबंधन और ग्रिड स्थिरता को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में हरेकृष्ण जेना, अजीत कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजित प्रताप सिंह, वी. सरवनन, डॉ. अनिल सोमकुवर और प्रशांत कुमार सामल सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। एनटीपीसी प्रबंधन ने मीडिया प्रतिनिधियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ''अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस'' के अवसर पर बिहार के सभी नागरिकों को विधायक दल के नेता, जनता दल (यू)-सह-ग्रामीण विकास विभाग तथा सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने हार्दिक शुभकामनाएं दी। आगे मंत्री ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हम अपनी ऐतिहासिक धरोहरों की रक्षा करें और आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास से जोड़े। संग्रहालय ज्ञान, शोध और पर्यटन को भी बढ़ावा देता है जिससे समाज में सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है।

## विश्व संग्रहालय दिवस पर बी. डी.कॉलेज और 'संधान' नामक एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर इतिहास विभाग, बी. डी.कॉलेज और 'संधान' नामक एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में 'संग्रहालय में हमारी विरासत' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर जयदेव मिश्र (भूतपूर्व अध्यक्ष, प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग, पटना विश्वविद्यालय,पटना) ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने संग्रहालयों को ज्ञान का इनसाइक्लोपीडिया बताया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह दिवस सन 1977 से मनाया जा रहा है। डॉ.तृप्ति राय, असिस्टेंट प्रोफेसर, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय ने पीपीटी के माध्यम से रुचिकर जानकारी दी। बी डी कॉलेज की प्रधानाचार्या प्रोफ़ेसर रत्ना अमृत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि संग्रहालय अतीत और वर्तमान की कड़ी हैं। नई शिक्षा नीति -2020 में भी विरासत को शिक्षा के साथ जोड़ना चाहिए। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ दिव्या कुमार, आलोक कुमार, डॉ मनिता कुमारी यादव और श्रीमती उपासना सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक 'राजगीर मलमास मेला' पर डा. प्रेम कुमार ने प्रदेशवासियों को दी बधाई और शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अध्यात्म की पावन भूमि राजगीर में 17 मई से शुरू हुए ऐतिहासिक 'राजगीर मलमास मेला' के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि राजगीर का यह मलमास मेला न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश की सनातनी परंपरा, अटूट आस्था और सांस्कृतिक एकता का एक अद्भुत प्रतीक है। इस पवित्र महीने में राजगीर की धरती देवलोक के समान पवित्र हो जाती है। हमारे पुराणों और धर्मग्रंथों में यह वर्णित है कि मलमास (अधिकमास) के दौरान हिंदू धर्म के सभी 33 कोटि देवी-देवता, ऋषि-मुनि और पवित्र तीर्थ साक्षात रूप से राजगीर में निवास करते हैं। इस महीने में राजगीर के पवित्र गर्म जल के कुंडों (सप्तधारा और ब्रह्मकुंड) में स्नान, ध्यान और दान करने से मनुष्य को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी पापों का नाश होता है। यह मेला हमारी 'वसुधैव कुटुंबकम' की मूल भावना को धरातल पर चरितार्थ करता है।

## आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आकाशवाणी पटना के प्रादेशिक समाचार एकांश की ओर से आज से भोजपुरी समाचार का प्रसारण शुरू हो गया है। आकाशवाणी के पटना केन्द्र समेत राज्य के विभिन्न केंद्रों से आज शाम छह बजकर पांच मिनट पर प्रथम भोजपुरी बुलेटिन का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर वाल्मिकीनगर के सांसद सुनील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। श्री कुमार ने आंचलिक भाषा में समाचार प्रसारण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है। इस अवसर पर आकाशवाणी पटना के केन्द्राध्यक्ष एच.डी. सिडाम, कार्यक्रम प्रमुख अमित कुमार, उप निदेशक सह समाचार प्रमुख अजय कुमार, समाचार संपादक डॉक्टर सविता पारीक और निधि श्री समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। भोजपुरी समाचार बुलेटिन को न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर सुना जा सकता है। इसके अलावा यह प्रादेशिक समाचार एकांश के यूट्यूब चैनल, एक्स पर, एआइआर न्यूज अंडर स्कोर पटना पर भी उपलब्ध होगा। गौरतलब है आकाशवाणी पटना से पहले से ही हिंदी, उर्दू और मैथिली भाषाओं में प्रादेशिक समाचार बुलेटिन का प्रसारण हो रहा है।

## युवाओं को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है कुशल युवा कार्यक्रम : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**वैशाली।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बिहार कौशल विकास मिशन की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) आज युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का मजबूत माध्यम बन चुका है। यह बातें केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कही। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के लाखों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, संवाद कौशल एवं व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जा रहा है जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। यह योजना ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। डॉ. झा ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी एवं डिजिटल शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो चुकी है। ऐसे में बिहार सरकार द्वारा संचालित यह योजना युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि कुशल युवा कार्यक्रम को और अधिक सशक्त एवं व्यापक रूप से संचालित किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि केवाईपी केंद्र केवल प्रशिक्षण केंद्र नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बन चुके हैं।

## सीनियर सिटीजन एसोसियशन ने दी विशेश्वर शर्मा को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खगौल।** नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसियशन के संस्थापक कोषाध्यक्ष विशेश्वर शर्मा के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि दी गई। उनके पैतृक निवास पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन से लोगों ने उनके योगदान को याद किया। राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलौन ने कहा कि स्व. शर्मा संस्थापक कोषाध्यक्ष थे उनके रूप में संगठन का एक मजबूत नीव स्तम्भ ढह गया। मौकेपर कामेश्वर शर्मा, कुमकुम कुमारी, राजकुमार, रामकुमार, शुभम, अंकिता, रिपशिखा, दीपशिखा, भरत सिंह, अनिल शर्मा, सत्यनारायण तिवारी, गिरिधर पाठक, राजेद्र प्रसाद, जगदानंद पांडेय, अमरेंद्र कुमारी, सिद्धनाथ शर्मा, विनोद कुमारी चौधरी, ललिता कुंवर, शिवकुमार मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

## योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : नंद किशोर राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवहर।** बिहार सरकार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम ने सोमवार को शिवहर में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर योजनाओं के ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन क्षेत्र बिहार के गांवों की तस्वीर बदलने का सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है और इससे किसानों की आय बढ़ाने में बड़ी मदद मिल सकती है। बैठक में मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। ऐसे में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन जैसे वैकल्पिक आय के साधन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ लाभुकों को तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीण स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकें।

## स्वच्छ ऊर्जा अपनाने को लेकर जन जागरूकता फैलाने 'अवादा भारत उदय यात्रा' पटना पहुंची

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** स्वच्छ ऊर्जा बनाने वाली कंपनी अवादा ग्रुप की ओर से आयोजित 'अवादा भारत उदय यात्रा' पटना पहुंची। स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान पटना में इस यात्रा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों और संस्थाओं को टिकाऊ ऊर्जा और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली से जोड़ने का प्रयास किया गया। अवादा ग्रुप के पास 17.7 जीडब्लूपी से अधिक का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो है जो कंपनी की मजबूत निष्पादन क्षमताओं को दर्शाता है। बिहार नवीकरणीय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के परियोजना निदेशक दिलीप कुमार पटना में निकाली गई 'अवादा भारत उदय यात्रा' के मुख्य अतिथि थे। 8 मई 2026 को कंपनी के नोएडा ऑफिस से रवाना हुई यह यात्रा एक राष्ट्रव्यापी जागरुकता आंदोलन के इरादे से आगे बढ़ रही है। खास तौर पर डिजाइन की गई वैन अब तक लगभग 1217 किलोमीटर का फासला तय कर चुकी है। पटना में इस यात्रा को वहां के स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों व स्थानीय संस्थानों से बहुत उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली जिससे जाहिर होता है सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, पनबिजली जैसे नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में जनता की रुचि बढ़ रही है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा आज वह समय आ गया है जब हम पूरी तरह से प्राकृतिक ऊर्जा की ओर बढ़ें।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए कनेक्ट सेंटर के सदस्यों को सौंपा संगठनात्मक जिलों का प्रभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को मजबूत करने तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की गतिविधियों को तेज करने के उद्देश्य से कनेक्ट सेंटर के सदस्यों के बीच विभिन्न संगठनात्मक जिलों का प्रभार आवंटित किया है। मिन्नत रहमानी को अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पटना अर्बन, कटिहार रूरल, कटिहार अर्बन, पूर्णिया रूरल एवं पूर्णिया अर्बन का प्रभार दिया गया है। राजीव मेहता को भोजपुर, बक्सर, कैमूर, मधुबनी ईस्ट, मधुबनी वेस्ट, पटना रूरल-1, पटना रूरल-2, रोहतास, नालंदा एवं बिहारशरीफ का प्रभार सौंपा गया है। शशि रंजन को दरभंगा रूरल, दरभंगा अर्बन, समस्तीपुर रूरल, समस्तीपुर अर्बन, मुजफ्फरपुर तथा कांटी का प्रभार दिया गया है। प्रेमचंद सिंह को सोनपुर, छपरा, सिवान, सुपौल, गोपालगंज, भागलपुर एवं बांका का प्रभार दिया गया है। ई. कमल कुमार को मुंगेर, बेगूसराय, जमुई, खगड़िया, लखीसराय तथा शेखपुरा जिलों की जिम्मेदारी दी गई है। पंकज यादव को पश्चिमी चंपारण, बगहा, पूर्वी चंपारण, गोविन्दगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली रूरल, वैशाली अर्बन एवं औरंगाबाद का प्रभार दिया गया है। विमलेश तिवारी को अरवल, गया जी, शेरघाटी-बोधगया, जहानाबाद, नवादा एवं महाराजगंज जिलों का प्रभार दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने उम्मीद जताई है कि सभी जिम्मेदार पदाधिकारी अपने-अपने आवंटित जिलों में संगठन को और मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## औद्योगिक विकास को गति देने को लेकर मंत्री ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




पटना। उद्योग विभाग की मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग के क्रियात्मक कार्यों, विभिन्न योजनाओं की प्रगति, औद्योगिक विकास से जुड़े प्रमुख पहलुओं तथा विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर निवेश प्रोत्साहन, औद्योगिक आधारभूत संरचना के विकास एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने विभागीय योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन, बेहतर समन्वय एवं उद्योग अनुकूल वातावरण को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग एवं निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है तथा उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। बैठक में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निवेशकों के लिए बेहतर औद्योगिक वातावरण तैयार करने तथा रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बिहार ने रचा नया वित्तीय रिकॉर्ड, पहली बार 60% के पार पहुंचा सीडी रेशियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य स्तरीय बैंकिंग समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें बिहार में कार्यरत सरकारी, निजी समेत अन्य सभी तरह के बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। साथ ही इनके स्तर से ऋण वितरण तथा प्राथमिकता क्षेत्रों में वित्तीय प्रवाह के स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। इसमें बैंकों के क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो, ऋण वितरण, जमा राशि तथा कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्रों में ऋण प्रवाह की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रस्तुत आंकड़ों से यह बात सामने आई कि बिहार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहली बार 60.21 प्रतिशत का सीडी रेशियो हासिल किया है। विकास आयुक्त ने इसे राज्य सरकार, बैंकिंग संस्थानों एवं विभिन्न विभागों के सम्मलित प्रयासों का परिणाम बताया। राज्य के सभी बैंकों में कुल जमा राशि बढ़कर 6 लाख 15 हजार 428 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अनुपात में ऋण वितरण की स्थिति भी बढ़कर 3 लाख 70 हजार 563 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है जो जमा राशि का 60.21 प्रतिशत है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में जमा राशि में 51 हजार 983 करोड़ रुपये तथा ऋण वितरण में 37 हजार 882 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई है।

## 17 असफल आइवीएफ प्रयासों के बाद दंपति के घर गूंजी किलकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** 23 वर्षों के लंबे वैवाहिक जीवन और 17 असफल आईवीएफ प्रयासों के बाद आखिरकार एक दंपति के जीवन में खुशियों ने दस्तक दी। इंदिरा आईवीएफ पटना की विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और व्यक्तिगत उपचार योजना की मदद से इस दंपति ने एक स्वस्थ संतान को जन्म दिया। यह सफलता उन हजारों दंपतियों के लिए उम्मीद की नई किरण है जिन्हें कई जगहों पर निराशा हाथ लगी है। वर्षों तक लगातार असफलताओं, मानसिक तनाव और सामाजिक दबाव का सामना करने के बाद इस दंपति को कई केंद्रों पर यह तक कह दिया गया था कि वे कभी माता-पिता नहीं बन सकते, लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी और अंततः इंदिरा आईवीएफ पटना पहुंचे। इंदिरा आईवीएफ पटना में उनकी पूरी चिकित्सा जानकारी, पिछले असफल आईवीएफ प्रयासों, भ्रूण की गुणवत्ता, लैब से जुड़े पहलुओं और महिला स्वास्थ्य का गहराई से विश्लेषण किया गया। इसके बाद उनके लिए पूरी तरह व्यक्तिगत और मरीज-केंद्रित उपचार योजना तैयार की गई जिसमें हर छोटे चिकित्सकीय और भ्रूण-विज्ञान से जुड़े पहलू पर विशेष ध्यान दिया गया। इस सफलता के पीछे अनुभवी डॉक्टरों, भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञों और इंदिरा आईवीएफ की मजबूत बहु-विषयक टीम का सामूहिक प्रयास रहा। साथ ही अत्याधुनिक सुविधाओं, उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों और नवीनतम आईवीएफ तकनीकों ने इस जटिल केस को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदिरा आईवीएफ बिहार हेड एवं पटना सेंटर हेड, वरिष्ठ भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि आईवीएफ उपचार में भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लगभग 70 - 80 प्रतिशत सफलता उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रयोगशाला, भ्रूण कल्चर की सही परिस्थितियों, गुणवत्ता प्रणालियों और कुशल भ्रूण-विज्ञान विशेषज्ञों पर निर्भर करती है।

## बिहार में अब दबंगई नहीं चलेगी, जनप्रतिनिधियों पर हमला बर्दाश्त नहीं : डॉ. संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने मोहनपुर प्रखंड के ग्राम गंभीरा में बाराचट्टी विधायक के साथ हुई कथित अभद्रता एवं हमले की घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हिंसा, जातिसूचक टिप्पणी, गाली-गलौज और जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार पूरी तरह अस्वीकार्य है। यदि किसी जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता या आम नागरिक के साथ इस प्रकार की घटना होती है तो प्रशासन को निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि दलित, वंचित और कमजोर समाज के लोगों को डराने-धमकाने की मानसिकता अब बिहार में नहीं चलेगी। बिहार बदल चुका है और अब हर समाज अपने सम्मान और अधिकार के प्रति सजग है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आवेदन में जिन लोगों के नाम दिए गए हैं तथा जिन अन्य लोगों की पहचान वीडियो एवं स्थानीय साक्ष्यों के आधार पर हो सकती है, उन सभी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक सौहार्द एवं कानून के राज के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# अवैध खनन की निगरानी कर रहे एसडीएम का पीछा, तीन बालू लाइनर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अवैध खनन व बालू परिवहन पर कार्रवाई करने निकले एसडीएम का पीछा करने के आरोप में पुलिस ने तीन कथित बालू लाइनरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अधिकारियों की लोकेशन और गतिविधियों की सूचना पर अवैध बालू तस्करों तक पहुंचाते थे, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके। इस मामले में जिला खनन निरीक्षक प्रीतम कुमार ने डिहरी नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार रविवार देर रात एसडीएम निलेश कुमार डिहरी क्षेत्र में अवैध खनन एवं विधि व्यवस्था की निगरानी के लिए निकले थे। इसी दौरान कुछ चारपहिया वाहन उनके वाहन का पीछा कर रहे थे। रात करीब एक बजे पाली पुल के समीप एसडीएम के साथ मौजूद बलों ने पीछा कर रही सफेद रंग की सुजुकी बलेनो कार को रोक लिया। कार में सवार तीन लोगों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वे अवैध रूप से लघु खनिज लदे वाहनों को संरक्षण देने के उद्देश्य से निकले थे। अधिकारियों की लोकेशन और मूवमेंट की जानकारी वे बालू लदे वाहनों के चालकों एवं धंधेबाजों तक पहुंचाते थे, ताकि वाहन सुरक्षित निकल जाए और कार्रवाई से बच सके। गिरफ्तार आरोपियों में डालमियानगर निवासी पंकज सिंह, पिता सत्येंद्र सिंह, हुरका निवासी पवन कुमार, पिता लव सिंह तथा देवरिया निवासी कृष्णा सिंह, पिता देवेंद्र सिंह शामिल हैं। पुलिस ने कृष्णा सिंह और पंकज सिंह के पास से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष राहुल ने बताया कि तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। बरामद मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# खाली पैसेंजर ट्रेन के एक कोच से धुआं निकलने के बाद त्वरित कार्रवाई कर काबू पाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6 पर खड़ी गाड़ी संख्या 53212 डाउन सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन के एक कोच से धुआं निकलने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त ट्रेन प्लेटफॉर्म पर स्थिर अवस्था में खड़ी थी तथा उस समय कोच में कोई यात्री मौजूद नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन पर उपस्थित रेलकर्मियों द्वारा धुआं निकल रहे कोच को 6.00 बजे अलग कर तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित कर मौके पर बुलाया गया। रेलकर्मियों के सहयोग से त्वरित कार्रवाई के फलस्वरूप इस पर 6.05 बजे पूर्णतः काबू पा लिया गया। घटना में किसी भी यात्री अथवा रेलकर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# नाली विवाद में हत्या, दो सगे भाइयों को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में चार साल पहले हुए हत्याकांड में न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। एडीजे तृतीय विनय प्रकाश तिवारी की अदालत ने हत्या के मामले में दोषी पाए गए दो सगे भाइयों, पंकज राय (उर्फ पवन) और दीपक राय (उर्फ नीरज राय) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

यह घटना 6 अगस्त 2020 की है जब कुदरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में घर के पानी की निकासी और नाली को लेकर दो पक्षों में मामूली विवाद शुरू हुआ था। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि नीरज राय के उकसाने पर पंकज राय घर से अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाल लाया और सीधे शिवजी राय के पेट में गोली मार दी। घायल को इलाज के लिए वाराणसी ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के छोटे भाई विनोद कुमार राय के लिखित बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। लोक अभियोजक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ट्रायल के दौरान कुल 8 गवाहों की गवाही और साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोनों को दोषी करार दिया। मुख्य आरोपी पंकज राय पर धारा 302 के तहत उम्रकैद व 50,000 जुर्माना और आर्म्स एक्ट के तहत 5 साल की सजा व 10,000 का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, सह-आरोपी दीपक राय को धारा 302/114 के तहत आजीवन कारावास और 50,000 जुर्माने की सजा दी गई है। जुर्माना न भरने पर 6 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। कोर्ट ने मृतक के बच्चों के भरण-पोषण के लिए लोक अदालत के माध्यम से मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

# एसडीएम ने जनता दरबार में सुनीं जनता की फरियाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज प्रभात कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया जिसमें आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र से कुल 63 परिवादी अपनी शिकायतें लेकर उपस्थित हुए। प्राप्त आवेदनों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि सर्वाधिक 31 मामले भूमि विवाद से जुड़े थे जबकि 24 शिकायतें राशन कार्ड से संबंधित समस्याओं को लेकर थीं। इसके अतिरिक्त 08 अन्य विविध प्रकृति के मामले भी नागरिकों द्वारा रखे गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यालयों को सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन करने का स्पष्ट निर्देश दिया। 'सबका सम्मान-जीवन आसान' पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन की दैनिक समस्याओं का त्वरित समाधान कर प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना है। जनता दरबार के माध्यम से भूमि विवाद जैसे जटिल मामलों और राशन कार्ड जैसी बुनियादी जरूरतों से जुड़ी शिकायतों का एक ही मंच पर निपटारा करने का प्रयास किया गया जिससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिले। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों की मॉनिटरिंग की जाएगी ताकि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर 'उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें' विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** नारायण नर्सिंग कॉलेज के मेडिकल और सर्जिकल नर्सिंग विभाग ने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर 'उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें' विषय के साथ कार्यक्रम आयोजित कर मनाया। इस दौरान सासाराम प्रखंड के नहौना गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बी एस सी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के 20 छात्रों और एम एस सी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के एक छात्र ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में रक्तचाप की जांच, वजन की निगरानी, रक्त शर्करा की निगरानी, हीमोग्लोबिन (एचबी) की निगरानी, बीएमआई आकलन, स्वास्थ्य मूल्यांकन, स्वास्थ्य शिक्षा सत्र, पोस्टर प्रस्तुति और उच्च रक्तचाप की रोकथाम एवं नियंत्रण से संबंधित जागरूकता गतिविधियां शामिल थीं। यह स्वास्थ्य शिविर चिकित्सक के परामर्श एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। छात्रों ने समुदाय को उच्च रक्तचाप से जुड़ी जटिलताओं को रोकने के लिए जोखिम कारकों, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन, दवा का नियमित सेवन और जीवनशैली में बदलाव के बारे में शिक्षित किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य ग्रामीण आबादी में उच्च रक्तचाप के बारे में जागरूकता पैदा करना, शीघ्र निदान को प्रोत्साहित करना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था। यह कार्यक्रम नारायण नर्सिंग कॉलेज की डीन सह प्राचार्या प्रो. डॉ. के. लता, उप प्राचार्या प्रो. डॉ. श्वेता शर्मा और शल्य चिकित्सा नर्सिंग विभाग की प्रमुख प्रो. डॉ. पी. पोन्नारसी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सहायक प्राध्यापक आर. श्रीनिवासन, नर्सिंग ट्यूटर शिवांशु कुमार, विक्रांत कुमार और अक्षय दीप दीवान ने स्वास्थ्य शिविर की गतिविधियों के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन और सहयोग किया। शिविर नहौना गांव में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया।

लगभग पचपन ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया और रक्तचाप की जांच और स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों से लाभान्वित हुए। संकाय सदस्यों और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने छात्रों को प्रोत्साहित किया और कार्यक्रम की प्रभावशीलता को बढ़ाया। कार्यक्रम ने उच्च रक्तचाप की रोकथाम और प्रबंधन के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग, रोगी शिक्षा, संचार और स्वास्थ्य मूल्यांकन में छात्रों के व्यावहारिक कौशल को भी सफलतापूर्वक बढ़ाया।

# पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड स्थित अमौना प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकरण के आदेश के बाद बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने चुनावी कार्यक्रम सार्वजनिक कर दिया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक उम्मीदवार 20 और 21 मई को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन के उपरांत 22 व 23 मई को सभी पर्चों की बारीकी से जांच यानी स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अभ्यर्थियों को नाम वापस लेने के लिए 26 मई की दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है और समय समाप्त होते ही शेष प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे। मतदान की तिथि 3 जून तय की गई है। उस दिन सुबह 7 बजे से शाम 4:30 बजे तक अमौना स्थित सुखदास दुबे उच्च माध्यमिक विद्यालय में वोट डाले जाएंगे। मतदान संपन्न होते ही उसी दिन काराकाट प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक भवन में मतगणना कर परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी। निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अमौना पैक्स की अंतिम मतदाता सूची तैयार है जिसमें कुल 1270 सदस्य शामिल हैं। इस समिति के अंतर्गत महुला, मठिया, अमौना, कोनी, लेवां सहित कई गांव आते हैं जिनके सदस्य मतदान में हिस्सा लेंगे। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकरण द्वारा चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। स्थानीय प्रशासन ने भी चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि मतदान और मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध रहेंगे ताकि किसी तरह की गड़बड़ी न हो और प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# हिन्दू जागरण मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** शनि जयंती के पावन अवसर पर हिंदू जागरण मंच रोहतास की ओर से फजलगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संकट मोचन हनुमान मंदिर, फजलगंज के मुख्य पुजारी जनार्दन दुबे द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं शनि देव की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्र सेवा और समाज कल्याण के संकल्प को दोहराया। इस आयोजन का नेतृत्व हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक और शिविर संयोजक कुमार श्वेतांशु जी ने 31वां रक्तदान कर की व इसको कॉर्डिनेट प्रज्ज्वल परमार ने की। वही कई स्वयंसेवक गुंजन सिंह, रिशु श्रीवास्तव, विशाल नन्दन, अजय सिंह, विवेक विक्रम, दिवाकर कुमार, रंजीत सिंह तूफानी, राणा प्रताप, रमन कुमार, रौशन कुमार ने मुख्य सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे। शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख क्षितिज सिंह, जिला संयोजक अंकित पांडेय, प्रांत सह संयोजक अमन कुमार, संपर्क प्रमुख विकाश कुशवाहा, महिला आयाम प्रमुख सोनम प्रिया, कोष प्रमुख सौरभ राज, सदस्य रुद्रांश पांडेय, संदीप सोनी, मुरारी कुमार, बदु शुक्ला, पिंटू कुमार उपस्थित आदि रहे। रक्तदान शिविर में कुल 30 रक्तवीरों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया गया। अंत में जिला संयोजक अंकित पांडेय ने 5वां रक्तदान किया। इस कैंप को नारायण मेडिकल के साथ लगाया गया। वही श्वेतांशु ने कहा कि जरूरतमंदों को मिनटों में रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है और इस कैंप का सफल शिविर के लिए रक्तदाताओं और सभी सदस्यों को श्रेय दिया जिसमें विशाल सिंह, रवि कुमार, प्रसून तिवारी, शिवम तिवारी एवं बजरंगदल के सदस्य गण मौजूद रहे।

# जगदीश भालोटिया को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि, जुटी कई हस्तियां



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के जाने-माने व्यवसायी स्वर्गीय जगदीश भालोटिया की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नील कोठी स्थित भालोटिया निकेतन में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शहर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। सभा में उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वर्गीय जगदीश भालोटिया एक सरल, मिलनसार एवं समाजसेवी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने व्यवहार और सामाजिक योगदान से शहर में एक अलग पहचान बनाई थी। उनके निधन से शहर ने एक सम्मानित एवं संवेदनशील व्यक्तित्व को खो दिया है। इस अवसर पर उनके पुत्र विशाल भालोटिया एवं पुत्रवधू अनिशा अनुराधा सहित लोक अभियोजक रोहतास उपेंद्र कुमार, अनुमंडल विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंगेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, डॉ. रागिनी सिन्हा, चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, अधिवक्ता मनोज अज्ञानी, मुनमुन पांडेय, प्रदीप सिंह, प्रभात कुमार, श्रीमन नारायण, धनंजय सिंह, प्रमोद पासवान समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का वातावरण भावुक रहा और सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# दावथ अंचल में जमाबंदी सुधार में अंतर, कर्मचारी-सीओ आमने-सामने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** दावथ अंचल कार्यालय में जमाबंदी सुधार के एक मामले ने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनवरी 2026 में आवेदक रविशंकर तिवारी ने अपनी जमाबंदी में दर्ज 'रमन कुमार तिवारी उर्फ रवि शंकर तिवारी' नाम को सुधारकर केवल 'रवि शंकर तिवारी' करने के लिए आवेदन दिया था। आवेदन के साथ पुरानी लगान रसीद संलग्न की गई जिसमें भी 'रमन कुमार तिवारी उर्फ रवि शंकर तिवारी' नाम अंकित है। बताया गया कि अंचल के कर्मचारियों ने जांच के बाद रिपोर्ट में लिखा कि उपलब्ध दस्तावेज के आधार पर नाम सुधार किया जा सकता है। इसके बावजूद अंचलाधिकारी ने आवेदन लौटाते हुए कहा कि संलग्न दस्तावेज नाम सुधार के लिए पर्याप्त नहीं हैं और जरूरी कागजात के साथ दोबारा आवेदन करें। हालांकि अंचल अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा कोई जानकारी हासिल नहीं हो पाई। इससे बड़ा सवाल उठता है कि जब कर्मचारी दस्तावेज को पर्याप्त मानकर पॉजिटिव रिपोर्ट दे रहे हैं तो सीओ उसे नाकाफी क्यों बता रहे हैं। या तो कर्मचारियों की रिपोर्ट गलत है, उनकी ट्रेनिंग अधूरी है या मामले को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। सीओ ने यह भी कहा कि इस प्रकार के सुधार के लिए एडीएम कार्यालय जाना होगा। ऐसे में जिन रैयतों की जमाबंदी में उर्फ के साथ दो नाम दर्ज हैं और एक नाम का प्रमाण मौजूद है, वे असमंजस में हैं कि सुधार आखिर कहां से होगा। आवेदकों ने कर्मचारियों पर परेशान करने का आरोप लगाया है और अंचल कार्यालय की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना संख्या – DWSD/MED/RRP/10/2025-26 (2nd Call)/दिनांक 16.05.2026**

1. कार्य का नाम :– वित्तीय वर्ष 2025–26 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य ''टर्न की'' के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-12 | 91 Nos. | 13,26,982.00 | 27,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 19.05.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.05.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 25.05.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.05.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 380068 District(26-27).D



## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
## कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, पलामू
पता–योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के सामने, मेदिनीनग, पलामू

### आवश्यक सूचना

कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1827 दिनांक 16.04.2026 के द्वारा Mission for Aatmanirbharta in Pulses योजना अंतर्गत Post Harvest Infrastructure (Processing Unit) मशीन का अधिष्ठापन किया जाना है। जिसके लिए योजनान्तर्गत संयंत्र और मशीनरी तथा भवन/गोदाम/भंडारण अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जिसमें भूमि, बिजली या जनशक्ति आदि की लागत शामिल नहीं होगी, जो परयोजना लागत के 33 % तक होगी और प्रति इकाई अधिकतम 25 लाख रूपये की सीमा के अधीन अनुदान का प्रावधान है।

**2.** प्रात्र संस्थाएँ

इस योजना के तहत निम्नलिखित संस्थाओं को सहायता प्रदान की जाएगी।
1. किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)
2. क्लस्टर स्तरीय संघ (सीएलएफ)
3. प्रथमिक कृषि ऋण समितियाँ (पैक्स)
4. व्यक्तियों
5. किसी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत कोई अन्य

**3.** प्रात्रत्रा मानदंड

**3.1** समुह श्रेणी
1. FPOs/CLFs/PACs पंजीकृत होनी चाहिए और पिछले 02 वर्ष से कार्यरत हो।
2. संस्था के पास परियोजना की लागत का कम से कम 15 प्रतिशत और कार्यशील पूंजी के लिए मार्जिन मनी पूरा करने हेतु पर्याप्त आंतरक संसाधन होनी चाहिए।

**3.2** व्यक्तिगत श्रेणी
1. आवेदक की आयु 21 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।
2. एक ही परिवार से केवल एक ही व्यक्ति इस योजना के पात्र हैं।
3. व्यक्ति के पास कार्यशील पूँजी के लिए पर्याप्त आंतरिक संसाधन और मार्जिन मनी होनी चाहिए

**3.3** अन्य नियम और शर्तें Mission for Aatmanirbharta in Pulses योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार पूरी की जानी चाहिए।

पलामू जिला के वैसे इच्छुक अहर्ताधारी जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, जिला कृषि कार्यालय, पलामू के कार्यालय में कार्यावधि में अपना आवेदन एवं Project Report जमा कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR 380092 District(26-27)#D


# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी नगर थाना क्षेत्र में एक नौ वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट समेत बीएनएस की सुसंगत धाराओं में सोमवार को प्राथमिकी किया गया है। पुलिस के अनुसार दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता के पिता ने कहा है कि रविवार की रात करीब 12 बजे एक व्यक्ति छोटन ने उनकी बेटी के मोबाइल पर कॉल कर अश्लील बातें कीं जब बच्ची ने फोन काट दिया तो आरोपी ने दोबारा कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया और घर में आकर जबरन दुष्कर्म किया। घटना के समय उसके माता-पिता अपने रिश्तेदार के घर भोजपुर जिले के पीरो गए थे। बच्ची ने पिता को घटना की जानकारी दी।

# 'मिशन लाइफ' के तहत डीडीयू मंडल में जागरूकता गतिविधियां आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत 'मिशन लाइफ' के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में आज पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल के डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी एवं अनुग्रह नारायण रोड सहित अन्य स्टेशनों पर यात्रियों के मध्य विशेष जनजागरूकता अभियान चलाकर 'अपनी पानी की बोतल साथ रखें' संदेश प्रसारित किया गया। यात्रियों को इको फ्रेंडली एवं पुनः उपयोग योग्य विकल्पों को अपनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने तथा पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। इसी क्रम में रेलकर्मियों के लिए पर्यावरण संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन एवं संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दैनिक कार्यप्रणाली में पर्यावरण अनुकूल उपायों को अपनाने पर विशेष बल दिया गया। इसके अतिरिक्त डीडीयू कॉलोनी क्षेत्र में भी जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए तथा उपस्थित लोगों से स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक सहभागिता दर्ज की गई। मंडल स्तर पर संचालित 'मिशन लाइफ' अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी ऐसी जनभागीदारी आधारित गतिविधियां आगे भी निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य यज्ञ, नगर भ्रमण से हुआ शंखनाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** मलियाबाग में धार्मिक उल्लास का माहौल है। जय मां काली कमेटी के तत्वावधान में शेयर माय डीहवार बाबा की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त 27 मई 2026 से 31 मई 2026 तक काली जी के प्रांगण में पंच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ की तैयारियों को लेकर कमेटी पूरी तरह सक्रिय है और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। इसी क्रम में आज 18 मई 2026 को भव्य महावीर झंडा यात्रा निकाली गई जिसने पूरे मलियाबाग को जयकारों से गुंजायमान कर दिया। बाजा-गाजे के साथ निकली यह नगर भ्रमण यात्रा काली मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों से गुजरी जिसमें जय मां काली कमेटी के सभी सदस्य और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। 'जय बजरंगबली' और 'जय मां काली' के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। कमेटी के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष संजय पांडे एवं सचिव चंद्र भूषण शाह ने जानकारी दी कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर 27 मई से ही विविध धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे जो 31 मई को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ संपन्न होंगे। इस दौरान प्रतिदिन हवन, पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन होगा। कमेटी ने बताया कि डीहवार बाबा क्षेत्र के आराध्य देव हैं और उनकी प्राण प्रतिष्ठा से समूचे मलियाबाग में सुख-समृद्धि आएगी।

# चौकीदार हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के धमौल थाना क्षेत्र में हुए चर्चित चौकीदार हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नवादा पुलिस ने इस मामले के मुख्य आरोपित गौतम उर्फ रामपत यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी को शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना एवं ह्यूमन इंटेलिजेंस के आधार पर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार 10 मई 2026 की शाम करीब 8:15 बजे धमौल थाना क्षेत्र के चौकीदार जितेंद्र पासवान पर चाकू से हमला किया गया था। इस हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया। इलाज के दौरान 11 मई 2026 को उनकी मौत हो गई थी। घटना के बाद पूरे इलाके में आक्रोश का माहौल बन गया था। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ पकरीबरावां के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने लगातार छापेमारी अभियान चलाया और इससे पूर्व दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। पुलिस मुख्य आरोपी गौतम उर्फ रामपत यादव की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसने बताया कि पुराने विवाद को लेकर उसके मन में चौकीदार के प्रति दुश्मनी थी। बदला लेने की नीयत से वह कई दिनों से चौकीदार की गतिविधियों पर नजर रख रहा था और मौका मिलते ही उसने वारदात को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौतम उर्फ रामपत यादव, पिता आनंदी यादव, निवासी तुर्कवन, थाना धमौल, जिला नवादा के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नवादा पुलिस ने कहा है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और किसी भी हाल में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## 20 मई को कौआकोल में बंद रहेंगी दवा दुकानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर 20 मई को कौआकोल प्रखंड की सभी दवा दुकानें बंद रहेंगी। यह निर्णय स्थानीय दवा विक्रेताओं की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। संघ के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से दवाओं की बिक्री से स्थानीय दवा दुकानदारों के समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। साथ ही बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं की उपलब्धता आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि 20 मई को प्रखंड की सभी मेडिकल दुकानें स्वेच्छा से बंद रखकर ऑनलाइन दवा बिक्री का विरोध किया जाएगा। दवा विक्रेताओं ने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियंत्रण लगाने एवं पारंपरिक दवा दुकानदारों के हितों की रक्षा करने की मांग की है।

# ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ठहराव की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर आंदोलन तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में ओडो स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में पूर्व मुखिया सह 'नंगे पैर आंदोलनकारी' अरविंद मिश्रा ने ग्रामीणों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। बैठक में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, छात्र-छात्राएं और युवा वर्ग शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी अर्जुन यादव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अरविंद मिश्रा ने कहा कि ओडो स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर उनका नंगे पैर आंदोलन 35वें दिन में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, जनता के अधिकार और आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी, पथरीले रास्तों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वे सरकार, जनप्रतिनिधियों और रेलवे विभाग को जगाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने रेलवे पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि स्टेशन पर न तो ओवरब्रिज है और न ही अंडरपास, जिससे ग्रामीणों को अंतिम संस्कार जैसे कार्यों में भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार ट्रेनों के खड़े रहने के कारण लोगों को 4-5 किलोमीटर घूमकर श्मशान घाट जाना पड़ता है। वहीं, प्लेटफॉर्म बदलने के लिए यात्रियों को ट्रेन के नीचे से गुजरना या लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। स्टेशन पर पेयजल, शौचालय और यात्री शेड जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। बैठक में आंदोलन को और मजबूती देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इसके तहत 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ओडो स्टेशन परिसर में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाकर समर्थन जुटाने, हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से ज्ञापन सरकार और रेलवे अधिकारियों को भेजने तथा मीडिया के माध्यम से आंदोलन को व्यापक प्रचार देने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने का भरोसा दिलाया और गांव-गांव जाकर जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अर्जुन यादव, लाल बाबू साह, घनश्याम सिंह, विजय कुमार, बजरंगी सिंह, अरविंद कुमार उर्फ मजनू सिंह, प्रशांत तिवारी, प्रमोद साव सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे।

# नवादाः विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में नवादा में एक महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में तथा अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस मौके पर सचिव महोदय ने बताया कि उक्त अधिनियम का प्रचार-प्रसार आवश्यक है, ताकि अधिवक्तागण अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अपनी भूमिका का सही प्रकार से भान कर सकें। इस कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के लिए बनाए गए कानूनों के ऊपर चर्चा की गई तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बैठक में अरविन्द कुमार, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त जिला अधिवक्ता संघ, नवादा के अध्यक्ष तेजनारायण यादव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा के महासचिव अरविन्द कुमार, एडवोकेट एसोसिएशन, नवादा के अध्यक्ष मो. तारीक एवं महासचिव डॉ राकेश कुमार सिन्हा, पूर्व महासचिव अजीत सिंह, वरीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार सिन्हा, गौरी शंकर प्रसाद सिन्हा, सतीश कुमार एवं व्यवहार न्यायालय के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। चिकसौरा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में चिकसौरा थानाध्यक्ष गौरव कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के हुड़ाडी गांव में करीब एक वर्ष पूर्व शिव कुमार की हत्या हुई थी। उसी मामले में हुड़ाडी गांव निवासी मदन प्रसाद के विरुद्ध चिकसौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। रविवार की शाम गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद उससे गहन पूछताछ की गई। पुलिस ने सोमवार को आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पेट्रोल व डीजल की सुचारु आपूर्ति हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में सभी तेल विपणन कंपनियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पेट्रोल एवं डीजल की सुचारु आपूर्ति, पारदर्शिता तथा आवश्यक सेवाओं के लिए ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी तेल विपणन कंपनियों को "फर्स्ट इन फर्स्ट आउट" सिद्धांत के तहत पेट्रोल पंप पर क्रमानुसार ईंधन आपूर्ति करने का निदेश दिया गया , ताकि ईंधन आपूर्ति की प्रक्रिया व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनी रहे। उन्होंने खुदरा उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए सार्वजनिक यातायात वाहन, दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को उनकी आवश्यकता अनुसार पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उनके ईंधन आपूर्ति में किसी पेट्रोल पंप द्वारा कटौती नहीं किए जाने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों को बैरल अथवा गैलन में अत्यधिक मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री से बचने का निर्देश दिया। साथ ही किसानों, सूक्ष्म उद्यमियों, ठेला-खोमचा विक्रेताओं एवं अन्य आवश्यक आजीविका गतिविधियों से जुड़े लोगों की वास्तविक आवश्यकताओं को मानवीय एवं व्यावहारिक दृष्टिकोण से ध्यान में रखने को कहा। पम्प संचालक केस बाय केस बेसिस पर गैलन में तेल देने के विषय पर निर्णय लेंगे। बैठक में जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारियों एवं तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया गया, ताकि अवैध अथवा अत्यधिक मात्रा वाले लेन-देन की सूचना तत्काल साझा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त सभी तेल विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों को नवादा जिले के पेट्रोल पंप डीलरशिप को की गई ईंधन आपूर्ति का तुलनात्मक प्रतिवेदन हस्ताक्षरित रूप में उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी पेट्रोल पंप डीलरों को वर्तमान परिस्थिति में विवेक एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा अनावश्यक जमाखोरी एवं दुरुपयोग रोकने में प्रशासन का सहयोग करने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पांडे, अवर जिला परिवहन पदाधिकारी शुभेंदु शेखर, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, विभिन्न तेल कंपनियों के प्रतिनिधि एवं जिले के पेट्रोल पंप संचालक उपस्थित थे।

# मिस्त्री की कमी से बिजली आपूर्ति ठप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ में बिजली मिस्त्री के अभाव में पिछले चार-पांच दिनों से बिजली आपूर्ति ठप है। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। सोमवार को बिक्की कुमार, उपेंद्र सिंह, भोला तुरीया, बादल कुमार, गौतम कुमार समेत दर्जनों लोग रजौली पहुंचे और विधायक व बिजली विभाग के अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि मौसम खराब होने और पर्व-त्यौहार पर बिजली बार-बार बाधित हो जाती है। बिना बिजली के जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पहले एलडी गैंग के तहत तीन महीने के लिए एक बिजली मिस्त्री बहाल किया गया था, जिसका कार्यकाल पूरा होते ही उसे हटा दिया गया। तब से पंचायत में रखरखाव के लिए कोई मिस्त्री नहीं है। ग्रामीण बिक्की कुमार ने बताया कि वे बिहार-झारखंड सीमा पर रहते हैं। घरों में बिजली झारखंड से मिलती है, लेकिन कनेक्शन और बिल बिहार में जमा होता है। इसके बावजूद करीब सात साल से पंचायत में बिजली रखरखाव के लिए मिस्त्री नहीं है। आंधी-पानी में तार टूटने पर गांवों में एक हफ्ते तक अंधेरा रहता है। झारखंड के मिस्त्री को बुलाने पर वे आनाकानी करते हैं और काम के बदले पैसे भी मांगते हैं।

# सरकारी कार्यों में बिचौलियों पर सख्ती बरतने का निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी एवं गैर-तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन, सहयोग शिविर, स्वास्थ्य सेवाओं, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं मलमास मेला-2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान, जीवन आसान" लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अधिकारी आम लोगों से सम्मानपूर्वक मिलकर उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायतवार सहयोग शिविर आयोजित किया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों में 19 मई 2026 को सहयोग शिविर लगाया जाएगा। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निष्पादन हर हाल में समय पर करें ताकि शिविर में शिकायतकर्ताओं को समाधान की जानकारी दी जा सके। जिलाधिकारी ने अवैध खनन, पीडीएस दुकानों में गड़बड़ी, भू-माफियाओं, आरटीपीएस काउंटर एवं सरकारी कार्यों में बिचौलियों की भूमिका पर सख्ती बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन एवं एक्स-रे मशीनों को पूरी तरह क्रियाशील रखने तथा खराब मशीनों की तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही मरीजों को अनावश्यक रेफर करने वाले मामलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। गर्मी के मौसम में अगलगी की घटनाओं को लेकर अग्निशमन विभाग को अलर्ट मोड में रहने तथा सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# दानवीर भामाशाह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प, मनाई गई जयंती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नूरसराय बाजार क्षेत्र में वैश्य समाज द्वारा महान दानवीर भामाशाह की जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैश्य समाज के युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन गणेश कुमार ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए वैश्य समाज के वरिष्ठ नेता डॉ. सुनील दत्त ने भामाशाह के जीवन एवं उनके त्याग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भामाशाह का जन्म 29 अप्रैल 1547 को राजस्थान के मेवाड़ राज्य के पाली जिले के सादड़ी गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भारमल तेली था। उन्होंने बताया कि हल्दीघाटी युद्ध के बाद जब महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति उन्हें दान कर दी थी। इसी सहयोग के बल पर महाराणा प्रताप ने विशाल सेना का गठन कर मुगलों से छीने गए क्षेत्रों को वापस हासिल किया। उन्होंने कहा कि भामाशाह केवल दानवीर ही नहीं बल्कि एक वीर योद्धा और महाराणा प्रताप के विश्वासपात्र सलाहकार भी थे। इस मौके पर अनिल कुमार अकेला, प्रदुमन कुमार, रामकृष्ण कुमार उर्फ भगवान, शशि रंजन कुमार, गौरव कुमार, सुदीश कुमार, टुन्नू जी, निरंजन कुमार, ऋषिकांत कुमार, दीपकांत कुमार, जैनेंद्र कुमार, आजाद कुमार, शैलेंद्र कुमार, पवन कुमार, विवेक कुमार, मनीष कुमार, भोला, मुन्ना कुमार, मोहन कुमार, मुरली आदि उपस्थित रहे।

# रजौली की तीन पंचायतों में जनभागीदारी योजना का विशेष अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। अनुसूचित जनजातीय समुदाय को सभी सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए रजौली प्रखंड में विशेष अभियान चलाया जाएगा। सोमवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीव झा की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में बीडब्ल्यूओ सुरेंद्र कुमार एवं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव के साथ विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

**18 से 25 मई तक चलेगा अभियान**

बिहार सरकार के "जनभागीदारी" विशेष अभियान के तहत 'सबसे दूर, सबसे पहले' की सोच के साथ 18 मई से 25 मई तक प्रखंड के तीन पंचायतों में अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हरदिया पंचायत का चोरडीहा, सवैयाटांड़ का चटकरी और चितरकोली का दुधीमाटी गांव चयनित किए गए हैं। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अनुसूचित जनजाति समुदाय को जागरूक करेंगे। घर-घर जाकर लोगों से मिलकर उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी। अभियान के दौरान पेंशन, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित परिवारों को लाभान्वित कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ना ही अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

# नारदः संग्रहालय, नवादा में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सोमवार को नारदः संग्रहालय, नवादा में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 18 मई को मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम "आओ चले संग्रहालय की ओर" निर्धारित किया गया था। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के लिए संग्रहालय परिभ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, कन्हाई इंटर विद्यालय, राजकीय कन्या इंटर विद्यालय, गांधी इंटर विद्यालय तथा नगर मध्य विद्यालय, नवादा के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभा कुमारी, सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, नारदः संग्रहालय, नवादा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संग्रहालयों के महत्व, विरासत एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं इतिहास से जुड़ने का संदेश देते हुए पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं को संग्रहालय में संरक्षित रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार (इंटेक), श्याम सुन्दर, सुनीता कुमारी सहित अन्य संग्रहालय कर्मी उपस्थित रहे।

# जेपी सेनानी सम्पूर्ण क्रांति मंच की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड के कौआकोल बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर परिसर में जेपी सेनानी सम्पूर्ण क्रांति मंच की प्रखंड स्तरीय कोर कमिटी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर सिंह ने की। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से नई प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। गठित कमिटी में पाली पंचायत के पैक्स अध्यक्ष एवं ओखरिया गांव निवासी रामाश्रय सिंह को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं बालमुकुंद सिंह को प्रखंड महामंत्री तथा छोटन यादव को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा बनारस सिंह,जयप्रकाश लाल एवं केशव मिस्त्री को संयुक्त रूप से मंत्री तथा ब्रजकिशोर प्रसाद, सरयुग यादव एवं रामचन्द्र शर्मा को संयुक्त रूप से प्रखंड उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं कामेश्वर यादव,बालेश्वर चौरसिया समेत संगठन की कुल 21 सदस्यीय प्रखंड कमिटी का गठन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर कैलाश प्रसाद यादव, देवेंद्र सिंह, प्रेमन यादव, डॉ. चन्द्रिका प्रसाद, आनन्दी सिंह, हरगौरी सिंह, रघुनन्दन प्रसाद सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# अमावां संगत में पूजा करना महादलित को पड़ा भारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)**। रजौली थाना क्षेत्र के अमावां बाजार में बीते रविवार की सुबह डॉक्टर के पास आ रहे महादलित परिवार का रास्ता रोककर गांव के कुछ दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट व छिनतई की। घटना के पीछे मुख्य कारण अमावां संगत स्थित मंदिर में महादलितों को पूजा करने आने से रोकना बताया जा रहा है। घटना के बाद पीड़ित अमावां पूर्वी निवासी लक्ष्मण राजवंशी ने थाने को लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। इस आधुनिक युग में भी महादलित परिवारों को कुछ दबंगों द्वारा मंदिर में प्रवेश से रोका जाना, कुंठित मानसिकता को दर्शाता है। पीड़ित द्वारा थाने को दिए आवेदन में बताया गया कि वे बीते रविवार की सुबह लगभग 9 बजे तबियत खराब होने के कारण अमावां में डॉक्टर के पास इलाज करवाने जा रहे थे। इसी दौरान बीच बाजार अमावां में पूर्व से घात लगाकर बैठे युवकों ने महादलित का रास्ता रोककर जातिसूचक गालियां देते हुए कहने लगा कि जब तुमलोगों के पूजा-पाठ के लिए अलग मंदिर है,तो तुमलोग संगत के भीतर स्थित मंदिर में क्यों जाते हो। इस बात का विरोध करना महादलित को भारी पड़ गया। दबंगों ने पीड़ित लक्ष्मण राजवंशी को जमकर लात-मुक्का से मारपीट की। ग्रामीणों के सहयोग से मारपीट में घायल लक्ष्मण राजवंशी को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने इलाज के बाद थाना को लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करवाई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा प्राप्त आवेदन के आलोक में सात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# दुष्कर्मी को भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपित को नवादा व्यवहार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया,जहां से उसे न्यायिक हिरासत में नवादा मंडल कारा भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के दुधियाटांड़ गांव निवासी साहो राजवंशी के 27 वर्षीय पुत्र राहुल राजवंशी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि आरोपित युवक दो बच्चों का पिता है। उसकी माता पूर्व में गांव की आंगनबाड़ी सेविका रह चुकी है तथा वर्तमान में महिला पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस के अनुसार नाबालिग पीड़िता के परिजनों द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर त्वरित छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# कलश शोभायात्रा के साथ धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)**। थरथरी प्रखंड स्थित संतन बिगहा गांव के देवी स्थान मंदिर में सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं वृंदावन रासलीला कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित की गई। शोभायात्रा से पूर्व हिलसा शहर स्थित बाबा अभय नाथ धाम सह मानव सेवा आश्रम परिसर में जलभरी कार्यक्रम हुआ। फतुहा से लाए गए गंगाजल को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में भरा गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने "हर-हर महादेव" के जयघोष के साथ जल उठाव किया। कलश यात्रा कुर्मिया बिगहा और लहरा डाक होते हुए संतन बिगहा गांव के देवी स्थान मंदिर पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

# डॉ. प्रेम कुमार ने हरित वातावरण एवं जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर दिया विशेष जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत विभिन्न पार्कों के निरीक्षण के दौरान बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शहर के हरित विकास एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पार्कों का नियमित रख-रखाव, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के क्रम में डॉ. प्रेम कुमार ने सहायक वन संरक्षक विजय लक्ष्मी के साथ गांधी मैदान पावर सब स्टेशन के समीप स्थित पार्क, गांधी मैदान का चिल्ड्रन पार्क, मंडप परिसर, आयुक्त कार्यालय के सामने स्थित पार्क, मुस्तफाबाद स्थित शहीद भगत सिंह पार्क, सिकरिया मोड़, ब्रह्मवन पार्क के समीप हदहदवा महादेव स्थान के पास स्थित पार्क तथा सेंट्रल जेल के पीछे सरयू तालाब के पास प्रस्तावित पार्क स्थल का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर के प्रमुख स्थलों–कॉलेज, अस्पताल, विश्वविद्यालय, सड़क किनारे, नदी एवं पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया। खेल परिसरों में भी पौधारोपण की व्यापक संभावनाओं पर विचार किया गया और विभागीय अधिकारियों के साथ इस संबंध में विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के तहत विभिन्न स्थलों पर कुल 4000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें मानपुर बाईपास से कंडी नवादा होते हुए गांधी मैदान गया हद हदवा महादेव में बांस गेबीयन वृक्षारोपण एवं एटी गेट से गुलरिया चक, बीएमपी कैंपस होते हुए धनावा, टेकुना फॉर्म बांस गेबीयन वृक्षारोपण किया गया क्रमशः 1000, 1500 एवं 1500 पौधे लगाने की योजना शामिल है जिससे पूरे क्षेत्र में हरित आवरण को सुदृढ़ किया जा सके। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शहरी पार्क न केवल लोगों के स्वास्थ्य और मनोरंजन के केंद्र हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इनके विकास एवं संरक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। डॉ. प्रेम कुमार ने अंत में सभी अधिकारियों एवं नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान सहायक वन संरक्षक विजय लक्ष्मी, रेंजर आरती मौर्य, वनरक्षक सूरज प्रकाश सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, राजनंदन गांधी, सहलाल सिद्दीकी, ऋषभ राज, शिवा मांझी, जितेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौके पर मौजूद रहे।

# लोक शिकायत आदेश को लेकर जमीन पर कब्जा हटाने की गुहार, अंचल अधिकारी ने बंदोबस्ती रद्द करने दी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड की नगवा पंचायत अंतर्गत नगवा टोला भुइयां बिगहा गांव में भूमि बंदोबस्ती से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव निवासी राजाराम रजक ने आरोप लगाया है कि लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेश के बावजूद उन्हें उनकी बंदोबस्ती की जमीन पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। उल्टे अंचल अधिकारी द्वारा भूमि बंदोबस्ती रद्द करने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित राजाराम रजक ने बताया कि वर्ष 1981-82 में सरकार द्वारा उन्हें खाता संख्या 309, खेसरा संख्या 840 में 46 डिसमिल जमीन बंदोबस्ती के तहत दी गई थी। उक्त जमीन पर वे वर्षों तक खेती कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते रहे। करीब चार वर्ष पूर्व रोजी-रोटी के लिए बाहर चले जाने के दौरान गांव के कुछ दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि जमीन के एक हिस्से में सड़क निर्माण करा दिया गया जबकि कुछ भाग पर गोवर्धन पूजा स्थल बना लिया गया तथा शेष जमीन पर भी जबरन कब्जा कर दलित परिवार को बेदखल कर दिया गया। राजाराम रजक का कहना है कि उनके नाम से वर्ष 2026 तक का लगान रसीद उपलब्ध है। इसके बावजूद अंचल कार्यालय से लेकर जिला स्तर तक न्याय के लिए भटकने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली। उन्होंने बताया कि शेरघाटी अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा जमीन की नापी कर कब्जा दिलाने का आदेश भी जारी किया गया, लेकिन आदेश के पालन के बजाय अंचल अधिकारी द्वारा उल्टा बंदोबस्ती रद्द करने और मामले में फंसाने की धमकी दी जा रही है। मामले को लेकर अंचल अधिकारी गुरुआ से टेलीफोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक आदेश के बाद भी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं वरीय अधिकारियों से हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के आदेशों का पालन नहीं होगा तो आम लोगों का प्रशासन पर भरोसा कमजोर पड़ेगा। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है।

# भीषण गर्मी में पानी को तरसे ग्रामीण, नल-जल योजना ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय (गया)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'हर घर नल-जल योजना' जहां हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का दावा करती है, वहीं गया जिले के खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हथियावां के वार्ड संख्या-2 में यह योजना पूरी तरह ठप पड़ी है। भीषण गर्मी के बीच कई दिनों से पानी की सप्लाई बंद रहने के कारण ग्रामीणों के साथ-साथ बेजुवान पशु-पक्षियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार 14 मई 2026 से वार्ड में नल-जल की आपूर्ति बंद है। आरोप है कि वार्ड सदस्य शबाना खातून के देवर मो. नौशाद आलम ने अपनी मर्जी से पानी की सप्लाई रोक दी है जब ग्रामीणों ने पानी चालू करने की मांग की तो उन्होंने कथित तौर पर कहा कि जब तक पानी का मीटर नहीं लगेगा, तब तक पानी चालू नहीं होगा और इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश का हवाला दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उन्हें आवेदन देने की चुनौती तक दी गई। इस व्यवहार से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है और दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। मामले को लेकर पीएचईडी विभाग की अधिकारी अप्सरा कुमारी द्वारा भी कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है जबकि धरातल पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# मंत्री जीतन राम मांझी ने किया जनजातीय गरिमा महोत्सव का शुभारंभ

## मंत्री ने दिए जनजातीय लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ व जमीन का पट्टा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय मंत्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में जनजातीय गरिमा महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मंत्री के द्वारा कई जनजातीय लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ तथा वनाधिकार अधिनियम के तहत जमीन का पट्टा दिया गया।

मंत्री ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनभागीदारी अभियान का सराहना करते हुए कहा कि वास्तविक में आदिवासी समाज के लोग भारत के मूल निवासी हैं एवं इन्होंने ही इस देश को सजाया संवारा है, इसलिए सभी संसाधनों पर उनका सबसे पहला अधिकार है। राज्य सरकार द्वारा सभी योजनाओं के लाभ उन्हें सबसे पहले दिया जाना अच्छा पहल है। आज भी आदिवासी समाज के लोगों की शैक्षणिक उत्थान की आवश्यकता है। अतः इन टोलो में कम जनसंख्या रहने के बाद भी यहां प्राथमिक विद्यालय खोले जाने चाहिए तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यालय एवं छात्रावासों में इनके लिए सीट आरक्षित किया जाना चाहिए। मंत्री ने अंत में कहा कि सरकार अनुसूचित जनजाति एवं आदिवासी भाइयों के लिए काफी संवेदनशील है इसलिए इस तरह का अभियान चलाया जा रहा है। आशा करते हैं कि इससे आदिवासी भाइयों को लाभ मिलेगा। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का टैगलाईन है कि जनभागीदारी अभियान- सबसे दूर, सबसे पहले है। इस अभियान के तहत सभी पीवीटीजीएस परिवारों के सभी सदस्यों को सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, पी0एम0 किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना इत्यादि।

# सहयोग शिविर में पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन चालू करने का जिलाधिकारी को निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिला में सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों में से खाता त्रुटि के कारण 02 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन पुनः त्रुटि सुधार करते हुए चालू करने हेतु जिला पदाधिकारी, गया का निर्देश प्राप्त हुआ है जिसमें यथा डोभी-01एवं इमामगंज-01, उम्र त्रुटि के कारण रूके हुए 01 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन पुनः त्रुटि सुधार करते हुए चालू करने हेतु जिला पदाधिकारी, गया का निर्देश प्राप्त हुआ है जिसमें यथा परैया-01, माईग्रेट त्रुटि के कारण रूके हुए 01 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन पुनः त्रुटि सुधार करते हुए चालू करने हेतु जिला पदाधिकारी, गया का निर्देश प्राप्त हुआ है जिसमें यथा कोंच-01 और जिंदा रहने के लिए रुकें त्रुटि के कारण रूके हुए 04 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों का रुका हुआ पेंशन पुनः त्रुटि सुधार करते हुए चालू करने हेतु जिला पदाधिकारी, गया का निर्देश प्राप्त हुआ है जिसमें यथा कोंच-03 और टनकुप्पा-01 पेंशनधारी इसमें शामिल है। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, गया को सभी पेंशनधारियों का पेंशन अविलंब चालू कराने हेतु निदेश दिया। पेंशन चालू होने के उपरांत ये सभी पेंशनधारियों का पूर्व से पेंशन की रूकी हुई राशि भी इन्हें प्राप्त होगी। विदित हो कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से सीधे लाभुक के बैंक के खातें में भेजी जाती है।

# नव पदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव का डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने भव्य स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध क्षेत्र के नव पदस्थापित पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव का भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने अंगवस्त्र, राधे-कृष्ण की प्रतिमा एवं पौधा भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह के दौरान डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि विकास वैभव एक ईमानदार, कर्मठ एवं जनता के प्रति संवेदनशील प्रशासनिक अधिकारी हैं। उनके नेतृत्व और अनुभव का लाभ निश्चित रूप से पूरे मगध क्षेत्र को मिलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके आगमन से क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा अपराधियों पर प्रभावी रूप से शिकंजा कसा जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों के बीच सुरक्षा और विश्वास का वातावरण और बेहतर बनेगा। समाज में शांति, सुरक्षा एवं न्याय की स्थापना प्रशासन और जनता के आपसी सहयोग से ही संभव है। डॉ. मिश्रा ने आशा जताई कि विकास वैभव के कुशल नेतृत्व में मगध क्षेत्र विकास, शांति और सुशासन की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी विकास वैभव का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मगध क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ का संगठनात्मक चुनाव संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संघ के बैनर तले खिजरसराय परियोजना का संगठनात्मक चुनाव सोमवार को कुणाल मैरिज हॉल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में जिले से आए पदाधिकारियों की मौजूदगी में नई कमेटी का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री मंजू कुमारी, मीडिया प्रभारी मधु कुमारी, अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद एवं जिला अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव चुनाव पदाधिकारी के रूप में उपस्थित रहे। वहीं राज्य अध्यक्ष अनीता झा ने बताया कि खिजरसराय परियोजना की सेविकाओं एवं सहायिकाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें पूर्व कमेटी को भंग कर खुले सत्र में लोकतांत्रिक तरीके से नई कमेटी का चुनाव कराया गया। चुनाव के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा नई जिम्मेदारियों के साथ कार्यभार सौंपा गया। नई कमेटी में अंजू देवी को प्रखंड अध्यक्ष, किरण कुमारी को प्रखंड मंत्री, कंचन कुमारी को सहायक प्रखंड मंत्री तथा गीता कुमारी चौधरी को प्रखंड कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मृत्युंजय कुमार को सम्मानित अध्यक्ष, सरिता कुमारी एवं कुमारी रूबी को उपाध्यक्ष, उषा कुमारी को संयुक्त मंत्री, स्नेह लता को सहायक मंत्री, शकुंतला कुमारी को संगठन मंत्री तथा सुनीता कुमारी को सहायक संगठन मंत्री बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सरिता कुमारी, संजू कुमारी, चंद्रावती कुमारी, पुष्पा कुमारी, शबनम सुल्तान, फरजाना, विमला कुमारी, मीरा कुमारी, बबिता कुमारी एवं मनोज चौधरी समेत कई अन्य सदस्यों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान संघ को मजबूत बनाने, सेविकाओं एवं सहायिकाओं के अधिकारों की रक्षा तथा संगठनात्मक एकता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

# बाइक की चोरी, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी जितेंद्र कुमार शर्मा की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सोमवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार उनकी ब्लैक कलर की पैशन प्रो मोटरसाइकिल धरहरा पुल के समीप सड़क किनारे से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 6:27 बजे जितेंद्र कुमार शर्मा अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर चले गए थे। लगभग 6:45 बजे वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनकी मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं है। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद पीड़ित एवं स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। वहीं पीड़ित द्वारा मामले को लेकर कोंच थाना में आवेदन दिया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–13 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–19–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–26–27, (i) कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यायल/डीडीयू के अधीन डीडीयू में पीडी, रोजा, भारतीय संस्थान, शास्त्री, आरपीएफ, यूरोपीय, डीजल, लोको, सेंट्रल, न्यू सेंट्रल और मानसनगर कॉलोनी में जीटी तार (4 मिमी व्यास) जाल आकार 50x200 मिमी और पैनल आकार 1800x2500 मिमी के साथ बाड़ लगाकर अतिक्रमण को बचाने के लिए चारदीवारी की मरम्मत और सुधार (ii) कार्य का अनुमानित लागतः ₹3,89,95,208.60 (iii) धरोहर राशि : ₹7,79,900/– (vii) ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 05.06.2026 12:00 बजे तक। (viii) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0239/डीडीयू/अभि./टी/26–27/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं. : एस.जी. – डी.एस.ई. – ओ. टी.– 05–26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : (i) प्रोविजन ऑफ रेलनेट कनेक्टीवीटी एट एसईबी एंड आरएफजे ओएचई डीपोट्स ईन डीडीयू डीविजन। (ii) ऑगमेंटेशन ऑफ शेड फैसिलिटिस टू इम्प्रूभ द कैपेसीटी फॉर आईओएच/ पीओएच ऑफ ट्रैक मशीन्स ऐज वेल ऐज इम्प्रूभिंग द स्टोरेज फैसिलिटीज एट पीडी/डीडीयू (iii) रिप्लेसमेंट ऑफ डीफेक्टीव एस एंड टी केबल ओभर डीडीयू डीविजन। (iv) अरेंजमेंट फॉर शिफ्टिंग ऑफ सिगनलिंग मेटेरियल फ्रॉम एक्जिसटिंग सिगनलिंग स्टोर एसएसई/एस/1/डीडीयू एंड एसएसई/एस/2/डीडीय टू न्यू स्टोर एट डीडीयू ईन भ्यू ऑफ थर्ड लाईन वर्क ईन बिटवीन डीडीयू – पीआरवाईजे। 2. कार्य की अनुमानित मूल्य : ₹1,96,35,253.31/– (एक करोड़ छियानबे लाख पैंतीस हजार दो सौ तिरेपन रूपये एवं इकतीस पैसे मात्र), 3. धरोहर राशि : ₹3,92,700/– (तीन लाख बानबे हजार सात सौ रूपये मात्र), 4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.06.2026 को 12.30 तक। 5. वेब साईट का पता जहां से ईनिविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है: www.ireps.gov.in

मं. सं. एवं दू. सं. अभि./
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0244/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/40



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 15.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. : 1, निविदा सं.: टीएन–35–26–27, कार्य का नामः** मंडल अभियंता/III/सियालदह के कार्यक्षेत्र में सहायक अभियंता/बहरमपुर कोर्ट के अधीन बहरमपुर कोर्ट स्टेशन में प्लेटफॉर्म नं. 1 एवं आइलैंड प्लेटफॉर्म नं. 2/3 के प्लेटफॉर्म का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु. 5,38,54,010.96, **बयाना राशि :** रु.10,77,100/–, **कार्य की समापन अवधिः** 08 (आठ) माह। **क्रम सं. : 2, निविदा सं.: टीएन–36–26–27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर–260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 4,17,31,580.06, **बयाना राशि :** रु.8,34,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 3, निविदा सं.: टीएन–37–26–27, कार्य का नामः** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर–260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 5,52,38,890.29, **बयाना राशि :** रु.11,04,800/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 4, निविदा सं.: टीएन–38–26–27, कार्य का नामः** मंडल अभियंता/3/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर–260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 2,73,58,501.50, **बयाना राशि :** रु.5,47,200/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 5, निविदा सं.: टीएन–39–26–27, कार्य का नामः** मंडल अभियंता (मुख्यालय)/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में ठेकेदारों के मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के साथ साइट पर 60 केजी/52 केजी (90 यूटीएस/72 यूटीएस, आर–260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर) रेल की फ्लैश बट बेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 2,73,58,501.50, **बयाना राशि :** रु.5,47,200/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **क्रम सं. : 6, निविदा सं.: टीएन–40–26–27, कार्य का नामः** सियालदह मंडल में विभिन्न रेलवे यार्ड के टोपोग्राफिकल सर्वे, सीमित ऊंचाई के सबवे (एलएचएस) के जीएडी और उससे जुड़ी जियोटेक्निकल जांच का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 2,08,43,097.27, **बयाना राशि :** रु.4,16,900/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 10.06.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 6 हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 10.06.2026 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 6 हेतु)। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइटः **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है। SDAH-45/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# विशेष छापेमारी अभियान में 135 लीटर शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** अवैध शराब कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चलाए गए अभियान में 30 लीटर विदेशी शराब, 105 लीटर देसी महुआ शराब एवं दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार जिले में शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त तस्करों और माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोंच थाना पुलिस ने छापेमारी कर 35 लीटर देसी महुआ शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 136/26 दर्ज करते हुए बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में कैइल मांझी उर्फ उपेंद्र मांझी, टिंकू मांझी एवं टुनु मांझी शामिल हैं। तीनों कोंच थाना क्षेत्र के मंगरौर गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# राजकीय मध्य विद्यालय रसलपुर में विदाई समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज (गया)।** मानपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय रसलपुर में ज्ञान प्रकाश बीएड कॉलेज की द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु छात्रों को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सर्वप्रथम विद्यालय में प्रशिक्षु रहे शिक्षकों को विद्यालय के छात्राओं के द्वारा पुष्प गुलदस्ता देकर व सभी प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्रों ने स्वागत संबोधन में अपने अनुभव से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिए। इसके बाद गीत-संगीत व नृत्य आदि का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उपस्थित बच्चों ने जमकर कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। बीएड के प्रशिक्षु छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने अनुभव से सभी को रुबरु कराया। विद्यालय परिवार को बीएड के प्रशिक्षु छात्रों ने अपनी ओर से विद्यालय के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक को अंगवस्त्र उपहार स्वरुप भेंट प्रदान की गई। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यक संजय कुमार ने प्रशिक्षु शिक्षकों को आशीष व उज्ज्वल भविष्य की कामना देते हुए शुभकामनाएं दी। इस दौरान माहौल काफी भावनात्मक हो गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं व सातवीं और आठवीं के छात्रों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूली बच्चें व अन्य लोग शामिल रहे।


**शपथ पत्र**

मैं, सियाराम पासवान उम्र 59 वर्ष, पिता- स्व. घुगुली पासवान, निवासी मु. -शिवगंज, वार्ड नं.- 29, पो. थाना डिहरी, जिला- रोहतास (बिहार) शपथ पूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूं कि मैं एक भारतीय नागरिक हूं तथा उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा आधार कार्ड संख्या 9684 7165 6360 में मेरा नाम रामदास, पिता हनुमान देव, निवासी ग्राम-धर्मपुर, साहिबा, नवानशहर, पंजाब दर्ज है। मेरा मतदाता पहचान पत्र व पैन कार्ड संख्या- CRNPP1372E में मेरा नाम सियाराम पासवान पिता-स्व. घुगुली पासवान निवासी-मु. शिवगंज, वार्ड नं.-29, पो.+थाना-डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) दर्ज है जो की सही है। मैं सियाराम पासवान व राम दास दोनों ही नामों से जाना पहचाना जाता हूं तथा दोनों ही नाम एक व्यक्ति के हैं, जो कि मेरा नाम है। मेरे पिता का सही नाम स्व. घुगुली पासवान है। मैं यह शपथ पत्र अपने आधार कार्ड संख्या- 9684 7165 6360 में अपना नाम रामदास राम पिता हनुमान देव के जगह अपना सही नाम सियाराम पासवान पिता स्व. घुगुली पासवान व सही पता दर्ज करने हेतु दे रहा हूं।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है। शपथ पत्र सं. 8677 दिनांक 15.05.26

शपथकर्ता
सियाराम पासवान


# नल-जल योजना के लिए बने रूम का दुरुपयोग, पेयजल आपूर्ति के बजाय रखा जा रहा भूसा, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** गुरुआ प्रखंड के दुबा पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 12 स्थित गुलनी गांव में मुख्यमंत्री नल-जल योजना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नल-जल योजना के लिए बने रूम और परिसर का उपयोग पेयजल आपूर्ति के बजाय भूसा रखने के लिए किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई योजना आज भी बंद पड़ी है जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल का लाभ नहीं मिल पा रहा है। आरोप है कि योजना की टंकी और रूम में भूसा रखा जा रहा है जिससे सरकारी योजना की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रतिनिधियों पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि भीषण गर्मी में गांव में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार लोग इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं, इस मामले में जब मुखिया प्रतिनिधि से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 'नल-जल योजना बंद है, इसलिए भूसा रखा गया है।' उनके इस बयान से ग्रामीणों में और नाराजगी बढ़ गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और नल-जल योजना को जल्द चालू कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।

संपादकीय

# केरलम् में सतीशन पर मुहर

केरलम में विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद दस दिनों तक चली ऊहापोह के बाद आखिर कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता वी.डी.सतीशन को मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। वो राज्य के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। केरलम् में सीएम पद की दौड़ में तीन नाम थे, जिनमें अव्वल नंबर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और सीएम पद के दावेदार के.सी.वेणुगोपाल तथा तीसरे नंबर पर वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीथला थे। माना जा रहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी से नजदीकी के चलते वेणुगोपाल सीएम बन सकते हैं, लेकिन राज्य के लोग सतीशन के पक्ष में ज्यादा थे। यही नहीं, कांग्रेसनीत यूडीएफ गठबंधन में शामिल इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग तो पहले ही सतीशन के रूप में अपनी पसंद जाहिर कर दी थी। लिहाजा इसे मुस्लिम लीग के दबाव में किया गया फैसला भी माना जा सकता है। उत्तर केरल में आईयूएमएल की भूमिका अहम है, खास तौर पर वायनाड जैसी लोकसभा में और 10 से 12 विधानसभाओं में भी उनका प्रभाव है। बावजूद इसके इस सच्चाई को नकारा नहीं जा सकता कि सतीशन राज्य में नेता प्रतिपक्ष रहे हैं और केरल की राजनीति से उनका जमीनी जुड़ाव है। अधिकांश विधायक भी उन्हीं के पक्ष में थे। पार्टी आलाकमान ने अंतिम फैसले के पहले संगठन के विभिन्न स्तरों से फीडबैक लिया और सतीशन के पक्ष में ग्रास रूट सेंटीमेंट को ज्यादा तवज्जो दी। वैसे सतीशनको कांग्रेस नेता प्रियंका और सोनिया गांधी के भी करीबी माना जाता है। उन्हें नेता प्रतिपक्ष भी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के कहने पर ही बनाया गया था। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो की भूमिका अहम थी। जबकि वेणुगोपाल 6 साल से केन्द्र की राजनीति में सक्रिय हैं। उनका लोकल कनेक्ट कम हो गया था। वीडी सतीशन कांग्रेस के कद्दावर नेता हैं, जो कि 2001 में पहली बार परवूर से चुनाव जीतने के बाद इस सीट से कभी नहीं हारे। सतीशन एलएलएम तक शिक्षित हैं। उनकी अध्ययन में गहरी रूचि है। राजनीति में उन्होंने छात्र जीवन में ही केरल स्टूडेंट यूनियन के माध्यम से कदम रख दिया था। और 1986-1987 के दौरान महात्मा गांधी विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही, उन्होंने कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी भी निभाई। बाद में हाई कोर्ट में वकालत शुरू की। चुनावी राजनीति में उनका पहला कदम 1996 में पड़ा, जब उन्होंने परावूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा। यह क्षेत्र तब कम्युनिस्ट पार्टी का गढ़ था और उन्हें भाकपा के उम्मीदवार पी. राजू से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद सतीशन ने हार नहीं मानी और क्षेत्र में सक्रिय रहे। साल 2001 में उन्हें अपनी पहली बड़ी राजनीतिक सफलता मिली, जब वे परवूर निर्वाचन क्षेत्र से पहली बार केरल विधानसभा के लिए विधायक चुने गए और तब से लगातार चुनाव जीत रहे हैं। 2011 से 2016 के बीच जब राज्य में यूडीएफ (यूडीएफ) की सरकार थी, तब सतीशन पार्टी के अंदर ही एक बागी आवाज के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने हरित राजनीति का समर्थन किया और अपनी ही पार्टी के नेताओं के प्रभावशाली सामुदायिक नेताओं के आगे झुकने का कड़ा विरोध किया। उन्होंने हमेशा चुनाव में टिकट बंटवारे के लिए योग्यता को पैमाना बनाने की वकालत की। करोड़पति नेता सतीशन के सामने आगे कई चुनौतियां हैं। उन्हें राज्य में कांग्रेस को मजबूत करना और भाजपा के बढ़ते असर को रोकना है। साथ ही केन्द्र सरकार से बेहतर तालमेल बनाते हुए केरलम् को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। सबसे पहले तो सतीशन को अपनी ही पार्टी के केसी वेणुगोपाल से निपटना होगा, क्योंकि इस बात की संभावना बहुत कम है कि वेणु सतीशन को चैन से राज करने देंगे।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का आधार हो 12वीं की परीक्षा

**भारत में मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं (जैसे नीट यूजी 2026) में पेपर लीक होना एक गंभीर मुद्दा है, जो न केवल लाखों छात्रों की मेहनत पर पानी फेर देता है। जब पेपर लीक होता है, तो अयोग्य छात्र पैसे के दम पर सीट हासिल कर लेते हैं। इससे उन मेहनती और योग्य छात्रों का भविष्य बर्बाद हो जाता है जिन्होंने वर्षों तक दिन-रात मेहनत की होती है। बार-बार परीक्षाओं का रद्द होना या धांधली की खबरें आना छात्रों में डिप्रेशन, चिंता और सिस्टम के प्रति अविश्वास पैदा करता है। एक औसत भारतीय परिवार अपने बच्चे को डॉक्टर बनाने के लिए जीवन भर की कमाई लगा देता है। परीक्षा रद्द होने पर कोचिंग, फॉर्म और यात्रा का अतिरिक्त आर्थिक बोझ माता-पिता पर पड़ता है। यदि पेपर लीक की सुविधा से बिना योग्यता वाले लोग डॉक्टर बनेंगे, तो भविष्य में देश की स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर गिरेगा, जो सीधे तौर पर जन-स्वास्थ्य के लिए खतरा है।**

**ब्रजेश कानूनगो**

केवल मेडिकल परीक्षाओं में ही नहीं हमारे यहां अन्य व्यावसायिक प्रवेश परीक्षाओं में भी ऐसी पेपर लीक हो जाने की घटनाएं होती रहीं हैं। इंजीनियरिंग, शिक्षक भर्ती, पुलिस भर्ती, बैंकिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आए पेपर लीक मामलों ने युवाओं में निराशा और आक्रोश पैदा किया है।

नीट 2024 के प्रश्नपत्र लीक होने और अनियमितताओं के आरोपों ने पूरे देश में विवाद खड़ा कर दिया। कई राज्यों में गिरफ्तारी हुई और परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठे। यूजीसी नेट (ল्ष्ट-ह्श्वञ्ज 2024) परीक्षा को सरकार ने रद्द कर दिया क्योंकि इसके प्रश्नपत्र डार्क वेब और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने की आशंका जताई गई। स्ह्ड्डद्ध स्द्ग्यद्गष्ह्लद्बश्ठ्ठ ष्टश्वद्बद्धह्यद्बश्ठ्ठ तथा रेलवे भर्ती परीक्षाओं में कई बार तकनीकी गड़बड़ियों और पेपर लीक के आरोप लगे। 2018 में व्यापक छात्र आंदोलन भी हुए। व्यापमं घोटाला भारत के सबसे चर्चित परीक्षा घोटालों में से एक रहा। इसमें मेडिकल प्रवेश, भर्ती परीक्षाओं और फर्जी अभ्यर्थियों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ। पुलिस भर्ती, पटवारी परीक्षा, शिक्षक भर्ती आदि में भी कई राज्यों में प्रश्नपत्र लीक की घटनाएँ सामने आईं। इससे लाखों परीक्षार्थियों को पुनः परीक्षा देनी पड़ी।

दरअसल, पेपर लीक अब छोटे स्तर की घटना नहीं रह गई है। इसमें कई बार कोचिंग माफिया, साइबर अपराधी, प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारी, दलाल और कुछ भ्रष्ट अधिकारी शामिल पाए जाते हैं। संगठित अपराध और भ्रष्टाचार के कारण हमारी परीक्षा प्रणाली कमजोर और असुरक्षित हो गई है। कई बार प्रश्नपत्रों की छपाई, परिवहन और वितरण के दौरान पर्याप्त डिजिटल एवं भौतिक सुरक्षा नहीं होने से गोपनीयता भंग हो जाती है। बेरोजगारी और अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के चलते तथा सीमित नौकरियों और सीटों के कारण परीक्षा पास करने का दबाव बहुत अधिक है। कुछ अभ्यर्थी गलत रास्ता अपनाने को लालायित हो जाते हैं। सोशल मीडिया के टेलीग्राम,



व्हाट्सऐप, ब्लूटूथ डिवाइस, डार्क वेब और हैकिंग तकनीकों का उपयोग कर प्रश्नपत्र तेजी से विस्तारित होने लगते हैं। अपराधियों को पकड़ लिए जाने के बावजूद लंबी कानूनी प्रक्रिया और दोषसिद्धि दर कम होने के कारण अपराधियों में दंड का डर कम दिखाई देता है।

घटनाओं के हो जाने के बाद एक बना बनाया रवैया अपना लिया जाता है। मामलों की जांच सीबीआई याने केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दी जाती है। इस जांच के परिणाम और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही इतनी देर से हो पाती है कि छात्रों की प्रवेश की उम्र ही निकल जाती है।

खबरों के अनुसार हाल ही की 3 मई 2026 को आयोजित नीट यूजी (ह्श्वश्वञ्ज-ল 2026) परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में जांच बहुत तेज हो गई है और इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, बताया जाता है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (ष्टक्चढ्ढ) ने इस मामले में मास्टरमाइंड्स सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें दिल्ली की एक अदालत ने 7 दिनों की ष्टक्चढ्ढ हिरासत में भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि पेपर बाहर से नहीं बल्कि सिस्टम के अंदर से ही लीक किया गया, जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के किसी करीबी या अंदरूनी व्यक्ति की भूमिका भी हो सकती है।

अब होगा यह कि आरोपियों के खिलाफ वित्तीय जांच शुरू कर दी जाएगी, संदिग्धों के संपत्तियों का पता लगाया जाएगा। सीबीआई द्वारा कई जगहों पर छापेमारी की जाएगी और आरोपियों के पास से आपत्तिजनक दस्तावेज, जाली स्टैम्प और हार्ड डिस्क आदि को अपने कब्जे में लिया जाएगा या यह सब अब तक किया भी जा चुका हो। समाचार है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा फिर से कराने की याचिका को खारिज कर दिया है, लेकिन गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

लेकिन ध्यान देने वाली बात तो यह है कि पूर्व में ऐसे मामलों में ऐसी ही कार्यवाहियां होती रही हैं फिर भी बार बार पेपर लीक की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं क्यों हो जाती है? इनका स्थाई निदान करने में सफलता क्यों नहीं मिल पा रही? यद्यपि सिस्टम को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विशेषज्ञ अनेक सुझाव देते रहे हैं। तकनीकी, प्रशासनिक और कानूनी सुधार के साथ माफिया की पहचान और उन पर प्रभावी लगाम सख्ती से लगाने की बातें भी खूब कही गई हैं। पूरी तरह डिजिटल परीक्षा, डिजिटल रूप से प्रश्न पत्रों कुछ मिनट पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाना जो केवल पास वर्ड की मदद से ही खुल सकें, एआई तथा बायो मीट्रिक तकनीक सत्यापन से डमी कैंडिडेट को रोका जाना साथ ही पकड़े जाने पर 10 साल की जेल और एक करोड़ रुपयों के जुर्माने के सुझाव और नियम कानूनों के उपरांत भी घटनाओं का होना बड़ा प्रश्न चिन्ह लगाता है। संदेह जताया जाता है कि अक्सर पेपर लीक के तार बड़े कोचिंग संस्थानों या संगठित अपराधियों से जुड़े होते हैं। यह सोचा जाना चाहिए कि सरकार द्वारा कोचिंग सेंटरों के लिए सख्त पंजीकरण और निगरानी प्रणाली विकसित करने में देरी क्यों हो जाती है।

मेडिकल और कई व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए दुनिया भर मेंप्रवेश की प्रक्रियाएं अलग-अलग हैं। कई देशों में कठिन प्रवेश परीक्षाएं होती हैं, जबकि कुछ देश ऐसे भी हैं जो केवल स्कूल के अंकों (12वीं या हायर सेकेंडरी) के आधार पर प्रवेश देते हैं।जिन देशों में मेडिकल की पढ़ाई के लिए अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नहीं होती (या अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रक्रिया सरल है)। यहाँ मुख्य रूप से 12 वीं कक्षा में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के अंकों के आधार पर प्रवेश मिल जाता है उनमें रूस, चीन, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, रोमानिया, जॉर्जिया देश शामिल हैं। क्या हम व्यावसायिक प्रवेश परीक्षाओं की बजाए इसी तरह हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के बारे में एक बार विचार कर सकते हैं? ऐसा होने से हमारी स्कूली शिक्षा का स्तर भी उल्लेखनीय रूप से गुणवत्तापूर्ण हो सकेगा।

बच्चों का भविष्य बचाने के लिए केवल तकनीक काफी नहीं है, बल्कि एक 'नैतिक संस्कृति' विकसित करने की जरूरत है। जब तक परीक्षा कराने वाली एजेंसियां, प्रिंटिंग प्रेस और केंद्र अधीक्षक पूरी ईमानदारी से काम नहीं करेंगे, तब तक पूर्ण सुरक्षा कठिन है। पेपर लीक केवल परीक्षा से जुड़ी तकनीकी समस्या नहीं है, बल्कि यह युवाओं के विश्वास, सामाजिक न्याय और राष्ट्र की प्रतिभा व्यवस्था से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यदि योग्य और मेहनती विद्यार्थियों को न्याय नहीं मिलेगा, तो देश की शिक्षा और प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर होगी। इसलिए सरकार, परीक्षा एजेंसियों, तकनीकी विशेषज्ञों और समाज को मिलकर ऐसी प्रणाली विकसित करनी होगी जिसमें पारदर्शिता, सुरक्षा और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

अध्यात्म

## शुभचिन्तक की अज्ञानवस भी उपेक्षा न करें

एक कुम्हार को मिट्टी खोदते हुए अचानक एक हीरा मिल गया, उसने उसे अपने गधे के गले में बांध दिया। एक दिन एक बनिए की नजर गधे के गले में बंधे उस हीरे पर पड़ गई, उसने कुम्हार से उसका मूल्य पूछा। बनिए ने कुम्हार को सवा सेर गुड़ देकर वह हीरा खरीद लिया। बनिए ने भी उस हीरे को एक चमकीला पत्थर समझा था, लेकिन अपनी तराजू की शोभा बढ़ाने के लिए उसकी डंडी से बांध दिया। एक दिन एक जौहरी की नजर बनिए के उस तराजू पर पड़ गई, उसने बनिए से उसका दाम पूछा बनिए ने कहाः पांच रुपए। जौहरी कंजूस व लालची था, हीरे का मूल्य केवल पांच रुपए सुन कर समझ गया कि बनिया इस कीमती हीरे को एक साधारण पत्थर का टुकड़ा समझ रहा है। वह उससे भाव-ताव करने लगाः पांच नहीं, चार रुपए ले लो। बनिये ने मना कर दिया क्योंकि उसने चार रुपए का सवा सेर गुड़ देकर खरीदा था। जौहरी ने सोचा कि इतनी जल्दी भी क्या है? कल आकर फिर कहूंगा, यदि नहीं मानेगा तो पांच रुपए देकर खरीद लूंगा। संयोग से दो घंटे बाद एक दूसरा जौहरी कुछ जरूरी सामान खरीदने उसी बनिए की दुकान पर आया। तराजू पर बंधे हीरे को देखकर वह चौंक गया, उसने सामान खरीदने के बजाए उस चमकीले पत्थर का दाम पूछ लिया। बनिए के मुख से पांच रुपए सुनते ही उसने झट जेब से निकालकर उसे पांच रुपये थमाए और हीरा लेकर खुशी-खुशी चल पड़ा। दूसरे दिन वह पहले वाला जौहरी बनिए के पास आया, पांच रुपए थमाते हुए बोलाः लाओ भाई दो वह पत्थर। बनिया बोलाः वह तो कल ही एक दूसरा आदमी पांच रुपए में ले गया। यह सुनकर जौहरी ठगा सा महसूस करने लगा। अपना गम कम करने के लिए बनिए से बोलाः अरे मूर्ख..! वह साधारण पत्थर नहीं, एक लाख रुपए कीमत का हीरा था। बनिया बोलाः मुझसे बड़े मूर्ख तो तुम हो, मेरी दृष्टि में तो वह साधारण पत्थर का टुकड़ा था, जिसकी कीमत मैंने चार रुपए मूल्य के सवा सेर गुड़ देकर चुकाई थी, पर तुम जानते हुए भी एक लाख की कीमत का वह पत्थर, पांच रुपए में भी नहीं खरीद सके। हमारे जीवन मे भी अक्सर ऐसा होता है, हमें हीरे रूपी सच्चे शुभचिन्तक मिलते हैं, लेकिन अज्ञानतावश पहचान नहीं कर पाते और उसकी उपेक्षा कर बैठते हैं, जैसे इस कथा में कुम्हार और बनिए ने की। कभी पहचान भी लेते हैं, तो अपने अहंकार के चलते तुरन्त स्वीकार नहीं कर पाते और परिणाम पहले जौहरी की तरह हो जाता है और पश्चाताप के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हो पाता।

# सेप्सिस का अदृश्य खतरा और हमारी स्वास्थ्य रणनीति

**भारत में सेप्सिस की भयावहता जितनी तेज़ी से बढ़ रही है, उतनी ही तेज़ी से हमें विज्ञान की दिशा बदलने की ज़रूरत है। आधुनिक तकनीकें हमारे सामने उपलब्ध हैं। ज़रूरत सिर्फ यह है कि हम पुरानी, अप्रासंगिक और अमानवीय शोध पद्धतियों को पीछे छोड़कर वैज्ञानिक रूप से अधिक सटीक, मानवीय और प्रभावी मॉडल अपनाएं। सेप्सिस के खिलाफ यह लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब हम विज्ञान और संवेदना दोनों के सही मिश्रण के साथ आगे बढ़े। भारत को स्वास्थ्य विज्ञान के इस नए युग में कदम रखने की आवश्यकता है। यह परिवर्तन न सिर्फ लाखों लोगों की जान बचा सकता है बल्कि अनगिनत जानवरों को अनावश्यक और पीड़ादायक प्रयोगों से भी मुक्त कर सकता है।**

**कुमार सिद्धार्थ एवं डॉ. सम्यक जैन**

हमारे देश के मौजूदा स्वास्थ्य परिदृश्य में, जहां डेंगू, मलेरिया, टीबी, हृदय रोग और मधुमेह जैसी बीमारियां पहले से ही भारी दबाव पड़ रही हैं, सेप्सिस एक ऐसा खतरा बनकर उभर रहा है जो अक्सर नज़र नहीं आता, लेकिन सबसे घातक साबित होता है। देश के अस्पतालों में सेप्सिस अब एक रोज़मर्रा की हकीकत बन चुका है। गहन चिकित्सा कक्ष (ढ्ढष्ट) में भर्ती हर चौथा मरीज़ किसी न किसी संक्रमण से उपजी सेप्सिस जैसी गंभीर स्थिति में पाया जाता है। नवजात मृत्यु के कारणों की पड़ताल करें तो लगभग एक-तिहाई मौतें सीधे सेप्सिस से जुड़ी मिलती हैं।

ग्रामीण भारत में यह स्थिति और भी घातक रूप ले लेती है, जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं और संक्रमण की पहचान अक्सर देर से होती है। कई बार समय पर एंटीबायोटिक या सही हस्तक्षेप न मिलने पर मरीज़ कुछ ही घंटों में मौत के करीब पहुंच जाता है।

दरअसल, सेप्सिस को केवल संक्रमण की जटिलता मानना भ्रामक है। यह एक ऐसी स्थिति है जहां शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अनियंत्रित होकर अपने ही अंगों पर हमला करने लगती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अनियंत्रित हो जाती है और संक्रमण से पैदा हुई सूजन पूरे शरीर में फैलकर दिल, फेफड़ों, गुर्दों और मस्तिष्क जैसे महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा देती है। सरल शब्दों में, सेप्सिस संक्रमण के कारण शरीर का अपने ही खिलाफ सिर उठाना है। और, यही इसे इतना घातक और उग्र बना देता है।

हमारे देश में सेप्सिस की भयावहता इस बात से भी साफ होती है कि अस्पताल में भर्ती गंभीर मरीज़ों के लिए मृत्यु का बड़ा कारण अब यही बनता जा रहा है। नवजात शिशुओं में यह स्थिति कई बार जन्म के तुरंत बाद होने वाले संक्रमणों से उभरती है। प्रसूता-गर्भवती महिलाओं, बुज़ुर्गों और कमज़ोर प्रतिरक्षा वाले लोगों के लिए इसका खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

हमारे देश में सेप्सिस एक छिपी महामारी की तरह व्यवहार करता है। अन्य बीमारियों की अंतिम और सबसे घातक कड़ी अक्सर यही बनता है। इसलिए सेप्सिस को अब एक अलग स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखने और राष्ट्रीय स्तर पर इसके लिए विशेष रणनीति तैयार करने की ज़रूरत है।

आंकड़े बताते है कि दुनिया भर में सेप्सिस हर साल एक करोड़ से ज़्यादा लोगों की जान लेता है, जो वैश्विक मौतों का पांचवां हिस्सा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और ग्लोबल बर्डन ऑफ डिसीज़ के अध्ययन बताते हैं कि सेप्सिस की सर्वाधिक मार निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर पड़ती है, जिनमें भारत भी शामिल है। अपने देश में वर्ष 2017 के अनुमान के अनुसार लगभग 1 करोड़ 13 लाख मामले और करीब 29 लाख मौतें इसी के कारण हुई हैं। आईसीयू आधारित शोध बताते हैं कि देश के गहन चिकित्सा कक्षों में हर दो में से एक मरीज़ किसी न किसी रूप में सेप्सिस से पीड़ित




पाया जाता है, और ऐसे मरीज़ों की अस्पताल मृत्यु दर 30-40 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। नवजात शिशुओं में यह बोझ और भी भारी है, जहां करीब एक-तिहाई मौतें संक्रमणजन्य सेप्सिस से जुड़ी पाई गई हैं।

लेकिन इस गंभीर बीमारी पर हो रहे शोध की स्थिति निराशाजनक है। दुनिया और भारत में, सेप्सिस पर होने वाला अधिकांश वैज्ञानिक कार्य अभी भी उस पुराने ढांचे पर टिका है, जिसमें चूहों, खरगोशों, गिनी पिगों, बकरियों, कुत्तों और कभी-कभी बंदरों तक पर प्रयोग किए जाते हैं। इन जानवरों को प्रयोगशाला की परिस्थितियों में जबरन संक्रमित किया जाता है, आंतों में छेद करके बैक्टीरिया फैलाया जाता है या उन्हें बैक्टीरियल ज़हर की उच्च खुराक दी जाती है। लेकिन मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया इन जानवरों से इतनी अलग है कि ऐसे प्रयोगों से मिलने वाले परिणाम मनुष्यों पर लगभग कभी लागू नहीं होते।

पिछले चार दशकों में डेढ़ सौ से अधिक ऐसी दवाएं रही हैं, जो चूहों या अन्य जंतुओं में सेप्सिस का इलाज करती दिखीं, पर मानव परीक्षण में पूरी तरह असफल रहीं। अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थानों, जैसे - स्टैनफोर्ड, हार्वर्ड, एनआईएच आदि का निष्कर्ष है कि जंतु-आधारित मॉडल सेप्सिस का मानव स्वरूप समझने के लिए विश्वसनीय साधन नहीं हैं।

अपने देश में भी स्थिति अलग नहीं है। आईसीएमआर के कई प्रतिष्ठित केंद्र, कुछ ऐम्स संस्थान और निजी बायोमेडिकल प्रयोगशालाएं आज भी जंतु-आधारित मॉडल को सेप्सिस अध्ययन का आधार बनाए हुए हैं। इन परीक्षणों की पारदर्शिता कम है और उनसे मिलने वाले वैज्ञानिक परिणाम अत्यंत सीमित। जिस बीमारी के कारण अस्पतालों में लाखों मरीज़ चुपचाप मौत के करीब पहुंच रहे हों, उसके शोध का तरीका अगर मानव-प्रासंगिक न हो तो समाधान हमेशा दूर ही बना रहेगा।

अलबत्ता, तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक नहीं है। भारत में कुछ वैज्ञानिक संस्थान नई दिशाएं भी टटोल रहे हैं। आईआईटी मद्रास का ऑर्गन्स-ऑन-चिप्स कार्यक्रम, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) का सेप्सिस प्रेडिक्शन मॉडल, ऐम्?स दिल्ली में नवजात सेप्सिस के लिए विकसित बायोमार्कर और कुछ निजी प्रयोगशालाओं में एआई आधारित सेप्सिस अलर्ट सिस्टम ये सब संकेत देते हैं कि भारत आधुनिक, मानव-आधारित विज्ञान अपनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। दुनिया भर में अब एआई-आधारित निदान और कम्प्यूटेशनल सिमुलेशन को भविष्य की दिशा माना जा रहा है। ये पद्धतियां न केवल अधिक विश्वसनीय हैं, बल्कि जानवरों पर होने वाली क्रूरता और वैज्ञानिक विफलताओं से भी मुक्त हैं।

भारत में सेप्सिस की भयावहता जितनी तेज़ी से बढ़ रही है, उतनी ही तेज़ी से हमें विज्ञान की दिशा बदलने की ज़रूरत है। आधुनिक तकनीकें हमारे सामने उपलब्ध हैं। ज़रूरत सिर्फ यह है कि हम पुरानी, अप्रासंगिक और अमानवीय शोध पद्धतियों को पीछे छोड़कर वैज्ञानिक रूप से अधिक सटीक, मानवीय और प्रभावी मॉडल अपनाएं। सेप्सिस के खिलाफ यह लड़ाई तभी जीती जा सकती है जब हम विज्ञान और संवेदना दोनों के सही मिश्रण के साथ आगे बढ़े। भारत को स्वास्थ्य विज्ञान के इस नए युग में कदम रखने की आवश्यकता है। यह परिवर्तन न सिर्फ लाखों लोगों की जान बचा सकता है बल्कि अनगिनत जानवरों को अनावश्यक और पीड़ादायक प्रयोगों से भी मुक्त कर सकता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
पति-पत्नी के बीच आपसी सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। दूसरे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में भी आपकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

**वृषभ**
आज आपका मन कुछ कारणों से अशान्त रहेगा। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। अनैतिक कार्यों की ओर आप आकर्षित हो सकते हैं।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र और व्यापार दोनों में ही आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आ रही गलतफहमियों को दूर करने के लिये काफी अच्छा दिन है।

**कर्क**
अपनी कार्यशैली में आप परिवर्तन लायेंगे। नयी नौकरी मिलने की सम्भावना बन रही है। युवा जातक अपने प्रेमीजन को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन को समय नहीं दे पायेंगे। घर के किसी बुजुर्ग सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। उच्च अधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध खराब न करें।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में लोग आपको पर्याप्त महत्व नहीं देंगे। अच्छे साहित्य का अध्ययन करें। परिवार में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है।

**तुला**
व्यवसाय में परिवर्तन करने का विचार बनायेंगे। आज आप दूसरों की सहायता अवश्य करेंगे। उच्च पद से जुड़े लोगों के ऊपर आरोप लग सकते हैं।

**वृश्चिक**
अपनी प्रतिभा को और विकसित करने के लिये दिन अच्छा है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ अधिक मेहनत करने की आवश्यकता है।

**धनु**
करियर को लेकर मन में दुविधा की स्थिति रहेगी। छोटे बच्चों को मौसमी बीमारियाँ घेर सकती हैं। घर के सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होना पड़ सकता है।

**मकर**
जीवनसाथी के साथ तनाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको वाणी पर संयम रखना चाहिये। परिवार के लोग आपसे असन्तुष्ट हो सकते हैं। विवाह को लेकर जल्दबाजी न करें।

**कुंभ**
आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। शाम को आपके घर में अतिथि आ सकते हैं। बच्चों की उपलब्धियों पर आपको गर्व की अनुभूति होगी।

**मीन**
आज मानसिक रूप से कुछ परेशान रहेंगे। पुराने मित्रों से दोबारा सम्पर्क मजबूत होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में मन लगेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुआवजा की मांग को लेकर किसानों की बैठक

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कन्हौली-शेरपुर सड़क निर्माण कार्य में किसानों की जा रही भूमि के सही मुआवजे की मांग को लेकर कठौतिया पंचायत भवन में सामूहिक रूप से किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता किसान नेता अनिल कुमार सिंह ने किया। बैठक में विभिन्न जगहों से काफी संख्या में किसान शामिल हुए। बैठक में किसानों ने निर्णय लिया कि सरकार किसानों के जमीन के सही मुआवजा दे। जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानियां न हो सके। सरकार किसान की समस्याओं को भी समझे। सरकार किसानो के जमीन की उचित मुआवजा नही देगी तो मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। सरकार की इससे महत्वाकांक्षी योजना का विरोध करते हुए सड़क निर्माण कार्य को मजबूरन करना पड़ेगा। मौके पर किसान नेता देव कुमार सिंह, महेश यादव, विजय राय, अभय कुमार, संजीव कुमार, कन्हैया किशोर सहित कई लोग थे।



### फरार अपराधी दिलीप पासवान नालंदा से गिरफ्तार

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मड़वा गांव में तीन वर्ष पूर्व हुए हत्या मामले के फरार टॉप टेन आरोपी दिलीप पासवान को दनियावां पुलिस ने नालंदा जिला के कराय-परसूराय थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दिलीप पासवान अपने गांव मंडवा में एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दी थी।उसी समय से वह फरार था और टॉप टेन के लिस्ट में शामिल था।जिसे बीती रात्रि कराय प्रसूराय थाना की पुलिस के सहयोग से सलेमपुर गांव में छापेमारी गिरफ्तार कर लिया।जिसे पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अनुमंडल अस्पताल में शुरू होगी डायलिसिस की सुविधा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस की सुविधा शुरू होने जा रही है। इससे क्षेत्र के किडनी मरीजों को अब पटना या निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि सरकार की योजना के तहत PPP मोड पर डायलिसिस यूनिट स्थापित की जा रही है। इसके लिए मशीनें और टेक्नीशियन की व्यवस्था अंतिम चरण में है। यूनिट में 3 से 4 बेड की व्यवस्था होगी और शुरूआती दौर में रोज 10 से 12 मरीजों का डायलिसिस हो सकेगा।अभी मसौढ़ी, धनरुआ, पुनपुन और आसपास के प्रखंडों के किडनी मरीजों को डायलिसिस के लिए 40-50 किमी दूर पटना जाना पड़ता है। हर डायलिसिस पर 2000 से 3000 रुपये खर्च होते हैं। अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने पर आयुष्मान कार्ड और इढछ मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस मिलेगा। अन्य मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर काफी सस्ती सुविधा उपलब्ध होगी।अस्पताल प्रशासन के मुताबिक अगलै महिने तक यूनिट चालू करने का लक्ष्य है। मशीन इंस्टॉलेशन का काम अगले 15 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद टेक्नीशियन की ट्रेनिंग और ट्रायल रन होगा। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ नलिनी सिंह ने बताया कि डायलिसिस यूनिट शुरू होने से पूरे अनुमंडल के मरीजों को राहत मिलेगी। गरीब मरीज अब आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित नहीं रहेंगे।




### पराली की आग से पेड़, मछली पालक को हुआ नुकसान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लखनौर-बेदौली पंचायत के चकिया पर गांव, वार्ड-15 में पराली जलाने की आग से तालाब किनारे लगे नींबू और एप्पल बेर के पेड़ जल गए। पीड़ित मछली पालक चंद्रमोहन पटेल ने भगवानगंज थाना को सूचना देकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी से भी लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार उनके तालाब पर मछली पालन होता है। तालाब के किनारे लगे पेड़ और पाइप को 16 मई 2026 को अज्ञात लोगों ने पराली जलाने के दौरान आग लगाकर जला दिया। मना करने पर आरोपी झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। पीड़ित ने प्रशासन से पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि इन दोनों धडल्ले से हमारे गांव के आसपास लोग शाम ढलते ही पराली जला रहे हैं, पराली जलाने से न केवल हमारे तालाब के किनारे पेड़ जल गए हैं बल्कि आसपास के वायु प्रदूषण पर भी खतरा मंडरा रहा है सरकार ने इस पर रोक लगा रखी हैं बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



### लखनौर में खुला एक और नीरा बिक्री केंद्र

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के लखनौर गांव में महादेव जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह द्वारा नए नीरा बिक्री केंद्र का शुभारंभ किया गया। समूह की अध्यक्ष रीता देवी ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में ग्रामीणों और टैपर समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर लोगों को नीरा के स्वास्थ्यवर्धक गुणों और इसके महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टैपर समुदाय को ताड़ी के बजाय नीरा उत्पादन और बिक्री से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि नीरा बिक्री से रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।ग्राम संसाधन सेवी राजूपाल ने केंद्र संचालन और इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नीरा अभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ लोगों को आत्मनिर्भर बना रहा है। स्थानीय लोगों ने नीरा अभियान की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में अहम पहल बताया।




### बकाया राशि न मिलने से शिक्षक-कर्मियों में रोष, प्राचार्य ने बर्सर-लेखापाल को दिए निर्देश

**दनियावां(पटना)** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय और उसके अधीनस्थ महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में बकाया राशि का भुगतान नहीं होने को लेकर भारी असंतोष व्याप्त है। कर्मियों का आरोप है कि लेखा शाखा से एक बार बिल बनाकर विश्वविद्यालय को भेजे जाने के बावजूद भुगतान के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि बिना कोर्ट का सहारा लिए किसी भी कर्मी का भुगतान नहीं हो रहा है। इससे महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारियों में निराशा और आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बरसर एवं लेखापाल को निर्देश दिया है कि लंबित बिलों की पुनः जांच कर विश्वविद्यालय को भेजा जाए तथा कर्मियों के बकाया भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की ओर से 11 मई 2026 को जारी सूचना में कहा गया है कि जिन शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की बकाया राशि विश्वविद्यालय या इसके अधीनस्थ महाविद्यालयों में लंबित है, वे इसकी लिखित सूचना तत्काल उपलब्ध कराएं। विश्वविद्यालय ने सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। यह सूचना कुलसचिव प्रो. अबू बकर के आदेशानुसार जारी की गई है। सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य, कुलपति के निजी सचिव एवं वित्तीय परामर्शी के निजी सहायक को इसकी प्रतिलिपि भेजी गई है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि विश्वविद्यालय द्वारा सूचना मांगना महज आइ वॉश है। पहले भी बिल भेजे जा चुके हैं, लेकिन भुगतान नहीं हुआ। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि कोर्ट में मामला ले जाए बिना राशि मिलना संभव नहीं हो पा रहा है। प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने कहा कि महाविद्यालय स्तर से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। कर्मियों के हित में जल्द भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर भी दबाव बनाया जाएगा। इस संदर्भ में नवनिर्वाचित शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. पिंकी कुमारी, सचिव डॉ. प्रभात कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवजी सिंह ठाकुर एवं उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम कुमार,सदस्य डॉ अभिषेक कुमार ने भी कर्मियों की मांग का समर्थन किया।



# धनरूआ पंचायत भवन में विशेष कैंप आयोजित अधिकारियों ने सुनी आम लोगों की शिकायतें

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पंचायत सरकार भवन में सोमवार को जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक विशेष समीक्षा बैठक सह कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आम जनता की समस्याओं को सुना और उनके निवारण हेतु आवश्यक कदम उठाए। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अपनी शिकायतें लेकर कैंप में पहुंचे। आयोजकों ने बताया कि जो लोग सोमवार को कैंप में नहीं पहुंच पाए, वे मंगलवार को भी पंचायत सरकार भवन में आकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकते हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं का सरल और त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों से आवेदन प्राप्त किए और कई समस्याओं का तत्काल निपटारा करने का प्रयास किया। वहीं, जटिल मामलों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।इस विशेष कैंप में प्रखंड विकास पदाधिकारी,सीमा कुमारी, अंचलाधिकारी श्वेता कुमारीमुखिया रानी कुमारी,, नेहा भारद्वाज, सीडीपीओ, लघु सिंचाई विभाग के पदाधिकारी और कृषि विभाग के अधिकारियों सहित कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक के दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, कृषि संबंधी समस्याएं, सिंचाई व्यवस्था, सरकारी योजनाओं के लाभ और भूमि विवाद जैसे विभिन्न मुद्दों पर लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि अधिकतम समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही हो सके, जिससे लोगों को समय पर राहत मिल सके। बीडीओ सीमा कुमारी ने कहा कि इस तरह के कैंप से आम जनता को काफी सहूलियत मिलती है और उन्हें विभागीय अधिकारियों से सीधे संवाद करने का अवसर प्राप्त होता है।



## ढाई करोड़ की लागत से सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र के विकास को नई गति देने की दिशा में ढाई करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से विधायक भाई वीरेंद्र और नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने शिलान्यास किया गया। विधायक भाई वीरेंद्र एवं नगर परिषद के अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर निर्माण कार्य की शुरूआत की। विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा कि सड़क और नाला निर्माण से स्थानीय लोगों को आवागमन एवं जल निकासी की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़कों के बनने के लिए नगर के अलावा दियारा वासियों को भी सुविधा मिल सकेगी। नगर परिषद अध्यक्ष विद्याधर विनोद सिंह ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। नगर परिषद के वार्ड संख्या 10 व 12 स्थित सराय मुहल्ला मोड़ से देवी स्थान मार्ग तक और वार्ड संख्या 15 व 16 में महिनावां में बनने वाली सड़क एवं नाला निर्माण कार्य के शिलान्या किया गया। इस मौके पर पार्षद अखिलेश यादव, रणवीर सिंह, कृष्णा साव, जीतन यादव, सोनु यादव, सन्तोष यादव, शैलेश सिंह, रमेश यादव, अभिषेक सिंह, मंटू यादव, दीपक राय आदि मौजूद थे।



## आईटीएसई 2025-26 में बिहार पब्लिक स्कूल का परचम

**ऑल इंडिया रैंक-1 समेत 167 छात्र सम्मानित**

**पालीगंज, पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पब्लिक स्कूल, लालगंज सेहरा, पालीगंज के विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और पूरे पालीगंज क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 18 मई 2026 को विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में ITSE के निदेशक श्री ऋषव शर्मा, बिहार-झारखंड के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर श्री पवन शर्मा, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीना सिन्हा, निदेशक श्री ब्रजेन्द्र कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 3 के मेधावी छात्र पीयूष कुमार रहे, जिन्होंने गणित ओलंपियाड में ऑल इंडिया रैंकझ्1 प्राप्त कर इतिहास रच दिया। इस असाधारण उपलब्धि पर उन्हें लैपटॉप, ₹50,000 का चेक और गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने इसे न केवल विद्यालय बल्कि पूरे पालीगंज क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। प्रधानाचार्या श्रीमती रीना सिन्हा एवं निदेशक श्री ब्रजेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पालीगंज से पहली बार किसी छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। विद्यालय के कुल 167 विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के साथ डिजिटल वॉच, साइंटिफिक कैलकुलेटर, ₹500 के चेक सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, गर्व और उल्लास का माहौल रहा। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भी बिहार पब्लिक स्कूल के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे।






## टीपीएस कॉलेज क्रिटिकल थिंकिंग कोर्स का समापन एवं सेल्फ डिफेन्स कैम्प का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टीपीएस कॉलेज, पटना में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में आयोजित 'क्रिटिकल थिंकिंग एंड डिसीजन मेकिंग' विषयक सर्टिफिकेट कोर्स का समापन समारोह एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि तार्किक चिंतन, निर्णय क्षमता एवं आत्मरक्षा कौशल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, सजग एवं सक्षम नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। सर्टिफिकेट कोर्स के सफल समापन पर प्रतिभागी विद्यार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. रूपम ने कहा कि क्रिटिकल थिंकिंग एंड डिसीजन मेकिंग जैसे कोर्स विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण एवं व्यवहारिक निर्णय कौशल विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। डॉ. शशि भूषण चौधरी ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में वही व्यक्ति सफल हो सकता है जो परिस्थितियों का सूक्ष्म विश्लेषण कर सही निर्णय लेने में सक्षम हो। प्रो. अंजलि प्रसाद ने कहा कि आलोचनात्मक चिंतन विद्यार्थियों को स्वतंत्र एवं रचनात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। डॉ. नूपुर ने कहा कि निर्णय क्षमता का विकास विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक जीवन दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। डॉ. विनय भूषण कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों में तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। इसके उपरांत आयोजित 'सेल्फ डिफेन्स कैम्प' में छात्राओं एवं विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के विभिन्न व्यावहारिक उपायों एवं तकनीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सजगता एवं सुरक्षा संबंधी जागरूकता विकसित करना था।



## निमार्णाधीन आरओबी के पिलर को डंपर से मारकर किया क्षतिग्रस्त, प्रशासन मौन

**नो एंट्री' जोन के तंग रास्ते से गुजर रहे है ओवरलोड वाहन,स्थानीय पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बने**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मेन रोड पर करोड़ों की लागत से बन रहा रेल ओवर ब्रिज बालू माफियाओं की मनमानी की भेंट चढ़ रहा है। रात के अंधेरे में ओवरलोड बालू लदे डंपर 'प्रवेश निषेध' के बोर्डो को ठेंगा दिखाते हुए निमार्णाधीन फछ्इ के पिलरों में ठोकर मार रहे हैं। हालत यह है कि कई पिलरों का प्लास्टर-सिमेंट पूरी तरह झड़ चुका है और लोहे की सरिया बाहर लटक रही है। तस्वीर खुद गवाही दे रही है। कि पिलर कितने बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा है। उनका आरोप है कि तंग जगह से जबरन डंपर निकालने के चक्कर में रोज पिलर को रगड़ा जाता है। बिजली के पोल भी कई बार टूट चुके हैं, जिससे इलाके की आपूर्ति घंटों ठप रहती है। दुकानों के शटर और छज्जे भी डैमेज हो रहे हैं।पुल निर्माण कंपनी के इंजीनियरों ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए कई जगह 'नो एंट्री' बोर्ड लगाए गए हैं। कंपनी ने स्थानीय थाना और प्रशासन को दर्जनों बार लिखित शिकायत दी, पर न गश्ती बढ़ी, न बैरिकेडिंग हुई। रात 10 बजे के बाद पूरा इलाका ओवरलोड डंपरों के हवाले हो जाता है।एक अधिकारी ने कहा, हम करोड़ों की सरकारी संपत्ति बना रहे हैं और माफिया उसे बनने से पहले ही तोड़ रहे हैं। कल को पुल कमजोर हुआ तो हादसे का जिम्मेदार कौन होगा? पुलिस सहयोग नहीं कर रही। जब 'प्रवेश निषेध' है तो डंपर निकल कैसे रहे हैं? क्या स्थानीय पुलिस की मिलीभगत है? या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? पुल की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल के बीच लोग दहशत में हैं। ओवरलोड परिवहन MV Act 194 के तहत दंडनीय है। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना PDPP Act 1984 की धारा 3 के तहत गैर-जमानती अपराध है, जिसमें 5 साल तक की सजा और बाजार मूल्य के बराबर जुमार्ने का प्रावधान है।



## शराब से लदी स्कॉर्पियो जब्त, ढाई लाख की विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया ठल्-22 पर नदौल उत्पाद चौकी के पास सोमवार को उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की। सघन जांच के दौरान एक सफेद स्कॉर्पियो से 171 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। बाजार में इसकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये आंकी गई है। मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि यूपी से शराब की बड़ी खेप हाजीपुर ले जाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद नदौल चौकी पर विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। इसी दौरान सफेद रंग की स्कॉर्पियो को रोका गया। तलाशी लेने पर बोरे में छिपाकर रखी गई विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। स्कॉर्पियो से 180 टछ वाली ऑफिसर चॉइस व्हिस्की की कुल 950 बोतलें जब्त की गईं। सभी बोतलों पर 'मेड इन उत्तरप्रदेश' लिखा है। कुल शराब 171 लीटर है। मौके से गिरफ्तार तस्कर की पहचान मनीष कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता स्व. कृष्ण मोहन राय, निवासी बिदुपुर, वैशाली के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि शराब की खेप यूपी से मोहनिया-अरवल होते हुए हाजीपुर डिलीवरी के लिए ले जाई जा रही थी। नदौल के पास उत्पाद विभाग ने उसे दबोच लिया। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट ने बताया कि जब्त 950 बोतल व्हिस्की की बाजार कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपी से नेटवर्क के बारे में गहन पूछताछ की जा रही है।



## सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय ने किया साइकिल मैराथन का आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** फिट इंडिया अभियान, ईंधन संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं कार्यालय आने-जाने हेतु साइकिल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, पटना-1 द्वारा रविवार को साइकिल मैराथन का सफल आयोजन किया गया यह मैराथन प्रातः 06:00 बजे जीएसटी भवन, पटना से प्रारंभ होकर राजभवन तक गई तथा पुनः जीएसटी भवन पहुँचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर आयुक्त, सी जी एस टी एवं सी एक्स पटना-1, श्रीमती स्मृति नवीन एवं श्री आशुतोष कुमार सिंह ने साइकिल मैराथन टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में सी जी एस टी एवं सी एक्स पटना-1 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ सी जी एस टी (अपील), सी जी एस टी एवं सी एक्स (ऑडिट), मुख्य आयुक्त कार्यालय तथा सी जी एस टी एवं सी एक्स रांची जोन, पटना के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, फिटनेस को बढ़ावा देने, ईंधन को बचत करने तथा दैनिक जीवन एवं कार्यालय आने-जाने में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया।

## अथमलगोला के सबनीमा में नीरा केंद्र का शुभारंभ

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सबनीमा स्थित स्टेट बैंक के नजदीक नीरा विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों एवं जीविका दीदियों की उपस्थिति में नीरा के उत्पादन एवं विक्रय को बढ़ावा देने पर चर्चा की गई।नीरा विक्रय केंद्र के संचालन में टैपर सूरज देव चौधरी, नथुन चौधरी एवं कलेश्वर चौधरी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। वहीं इस पहल को सफल बनाने में जीविका मित्र का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। साथ ही सुनीता देवी, नीलम सिंह, रीना देवी, रेनू कुमारी एवं पूनम देवी का भी सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नीरा एक स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक पेय है, जिसमें प्राकृतिक मिठास, विटामिन एवं खनिज तत्व पाए जाते हैं।



# ठाकुरबाड़ी से चोरी हुईं तीन मूर्तियां लावारिस हालत में बरामद

**16 मार्च को हुई थी चोरी, पुलिस दबिश के बाद बदमाश छोड़कर भागे, जय श्री राम के नारों से गूंजा गांव**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी प्रखंड के शाहाबाद पंचायत स्थित छाता गांव के कल्लू ठाकुरबाड़ी राम-जानकी मंदिर से 16 मार्च को चोरी हुईं सैकड़ों साल पुरानी तीन बेशकीमती अष्टधातु की मूर्तियां सोमवार को बरामद हो गईं। लखनौर-बेदौली और शाहाबाद पंचायत की सीमा पर लावारिस हालत में मिली मूर्तियों को देख गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक अज्ञात बाइक सवार युवक सीमा क्षेत्र में तीनों मूर्तियां रखकर फरार हो गया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीण मूर्तियों को सम्मान के साथ गांव के मंदिर ले आए। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थानाध्यक्ष विवेक भारती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया, 16 मार्च को मूर्ति चोरी के बाद लगातार छापेमारी चल रही थी। पुलिस दबिश के कारण चोर मूर्तियां लावारिस छोड़कर भाग गए। यह पुलिस और जनता के सहयोग का नतीजा है।गौरतलब है की 16 मार्च की रात चोरों ने कल्लू ठाकुरबाड़ी के गर्भगृह का ताला तोड़कर राम, जानकी और लक्ष्मण की अष्टधातु की मूर्तियां चुरा ली थीं। तीनों मूर्तियों का कुल वजन करीब 45 किलो था। सिर पर चांदी के मुकुट भी थे। मंदिर कमेटी के सचिव मुनदेव सिंह के बयान पर मसौढ़ी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।मंदिर कमेटी के अनुसार कल्लू ठाकुरबाड़ी की स्थापना 1935 में हुई थी। यहां स्थापित राम-जानकी-लक्ष्मण की मूर्तियां 100 साल से भी अधिक पुरानी बताई जाती हैं। चोरी के बाद से पूरे इलाके में मायूसी थी। मूर्तियां मिलते ही छाता गांव में जश्न शुरू हो गया। हर चेहरे पर मुस्कान लौट आई और 'जय श्री राम' के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ झूमते दिखे। पंचायत के मुखिया रवि प्रकाश और मंदिर कमेटी के अखिलेश कुमार सिंह, मदन कुमार, लवकुश कुमार, सूर्य दयाल प्रसाद समेत सभी सदस्य अब विधिवत रूप से ठाकुरबाड़ी में मूर्ति स्थापना की तैयारी में जुट गए हैं। जल्द ही प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी।





# जन भागीदारी सप्ताह का शुभारंभ, जिला पदाधिकारी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जन भागीदारी -सबसे दूर, सबसे पहले आईईसी (सूचना, शिक्षा एवं संचार) अभियान योजना के तहत 18 मई से 25 मई 2026 तक आयोजित होने वाले जन भागीदारी सप्ताह का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अररिया श्री विनोद दूहन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाहरणालय अररिया स्थित परमान सभागार में जनजातीय गरिमा उत्सवझ2026 के अंतर्गत अभियान का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर अभियान की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी भी दी गई।



जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सुदूरवर्ती एवं जनजातीय बहुल टोलों तक सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाना तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। अभियान के दौरान 19 मई से 25 मई तक चिन्हित गांवों एवं टोलों में व्यापक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे जन भागीदारी शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। सभी पंचायतों में आयोजित विलेज प्रोटेक्ट एक्टिविटी के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी को जनजातीय क्षेत्रों में नशा मुक्ति एवं बाल विवाह उन्मूलन से संबंधित नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे ग्राम सभाओं में जाकर लोगों को शिविर के उद्देश्यों एवं लाभों के प्रति जागरूक करें। इसके अतिरिक्त जनजातीय क्षेत्रों के सभी बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करें। अभियान के अंतर्गत 19 मई से 25 मई तक चिन्हित स्थलों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। इसी अवधि में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर जनजातीय समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान सुनिश्चित किया जाएगा। 20 मई को प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा चिन्हित गांवों में पैदल मार्च कर लोगों को 21 मई से 23 मई तक आयोजित होने वाली जन सुनवाई के प्रति जागरूक किया जाएगा। 21 मई से 23 मई तक विभिन्न विभागों के संयुक्त शिविरों के माध्यम से चिन्हित गांवों के तहत लोगों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा, उनकी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा तथा पात्र लाभुकों को उनके अधिकार दिलाए जाएंगे। 24 मई को शिविरों के माध्यम से लाभान्वित व्यक्तियों एवं प्रदान किए गए योजनागत लाभों का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

वहीं 25 मई को अभियान की उपलब्धियों, लाभुकों को मिले लाभ तथा आगे की रणनीति की जानकारी साझा की जाएगी। विदित हो कि जन भागीदारी अभियान के तहत पलासी प्रखंड अंतर्गत 05 पंचायतों के 10 अनुसूचित जनजाति बाहुल गाँवों यथा बलुआ (पंचायत- बलुआ कलियागंज), रामनगर (पंचायत- कुजरी), बेलवाड़ी, बेनी, लोखडा (पंचायत- पकड़ी), दीपनगर, बड़गांव, सोनाकन्दर (पंचायत- नकटाखुर्द) खपड़ा, बरौली (पंचायत- बरहकुंबा), में दिनांक 19.05.2025 से 25.05.2025 तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा जनगणना एवं सहयोग शिविर की प्रगति की भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि जनगणना के तहत मकान सूचीकरण का कार्य 71.45 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वहीं सहयोग शिविरों के माध्यम से अब तक लगभग 900 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनके निष्पादन की प्रक्रिया जारी है।

# सड़क हादसे में पत्नी की मौत पति की बची जान

■ मायके से पति के साथ बाइक से ससुराल लौट रही थी विवाहिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** एनएच 31 पर कोशी पुल कबीर मठ के समीप सोमवार की दोपहर मायके से पति के साथ बाइक से ससुराल जा रही एक विवाहिता की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि उसके पति की जान बच गई। हादसे के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे दो साल के मासूम बेटी को छोड़ गई है। मृतका की पहचान कटरिया निवासी बिहार पुलिस कर्मी अनिमेष कुमार की पत्नी काजल कुमारी (25) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि काजल अपने पति के साथ बाइक से कुरसेला बस्ती पश्चिम टोला स्थित मायके से ससुराल कटरिया लौट रही थी।



इसी दौरान कोशी पुल के पास बाइक अनियंत्रित हो गई। जिसमें काजल बाइक से सड़क पर गिर गई। सड़क पर गिरने से उसके सर में गंभीर चोट लगी और वह मौके पर ही अचेत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने मानवता दिखाते हुए तत्काल घायल महिला को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कटिहार सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन एंबुलेंस से इलाज के लिए ले जा रहे थे। लेकिन कोढ़ा के पास रास्ते में ही काजल ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मायके और ससुराल दोनों जगह मातम पसर गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताया जाता है कि चार वर्ष पूर्व काजल की शादी कटरिया निवासी अनिमेष कुमार से हुई थी। जो बिहार पुलिस में कार्यरत हैं। हादसे के बाद दो साल के मासूम बेटी के सिर से मां का साया उठ गया। बताया गया कि परिजन शव का पोस्टमार्टम करने के लिए तैयार नहीं थे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि कोशी पुल के पास सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हुई है। कानूनी प्रक्रिया की जा रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बरारी में कालिकापुर फीडर बांटने के लिए बिजली विभाग का कार्य जोरों पर

**बरारी (नबिटासं)।** नगर पंचायत बरारी स्थित वार्ड 10 एवं 11 को बरारी बाजार फीडर में जोड़ने के लिए बिजली विभाग की ओर से तीव्र गति से कार्य कराया जा रहा हैं।कनीय विधुत अभियंता शिव शंकर कुमार के निगरानी में थाना चौक से रेफरल अस्पताल चौक और काढ़ागोला



स्टेशन बाजार का जायजा लिया।इस दौरान समाजसेवी मुकेश चौधरी,पवन चौरसिया,संदीप जायसवाल ,राजकिशोर यादव,बिजेंद्र राम,कैलाश मिश्र आदि दर्जनों युवक मौजूद रहे। इस दौरान कनीय विधुत अभियंता ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर बरारी बाजार फीडर से नगर पंचायत बरारी वार्ड 10 और 11 को जोड़ दिया जाएगा।वही रौनिया रेलवे ढाला के पास केवल क्रॉसिंग होने के बाद बरारी ग्रामीण को भी दो फीडरों में बंटा जाएगा।जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विधुत उपभोक्ता को सही वोल्टेज के साथ बिजली मिलना प्राबद्ध होगा।वही कनीय विधुत अभियंता ने बताया कि नगर पंचायत बरारी बाजार फीडर से मरघिया और मिल्की गांव को अलग किया जाएगा।ताकि बरारी बाजार के लोगों को निर्बाध रूप से सही वोल्टेज के साथ बिजली मुहैया कराया जा सके। मौके पर समाजसेवी मुकेश चौधरी ने कहा कि बिजली विभाग के द्वारा लगातार बिजली सुधार करने को लेकर कार्य कराया जा रहा है।जिसके लिए स्थानीय युवाओं का पूरा सहयोग मिल रहा है।उन्होंने बताया कि अलग-अलग फीडर बटने के बाद लोगों को हमेशा के लिए निर्बाध रूप से बिजली मिलने की उम्मीद है।

### शराब कांड में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कोढा /कटिहार (नबिटासं)।** रौतारा थाना क्षेत्र में रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस को सफलता हाथ लगी है। रौतारा कांड संख्या 102/26 के प्राथमिक अभियुक्त सहित तीन लोगों को शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय कटिहार में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में पहला नाम रौतारा कांड संख्या 102/26 के प्राथमिक अभियुक्त कृष्ण यादव का है जो राजू यादव के पुत्र एवं ग्राम खुदना निवासी बताए गए हैं।




वहीं अन्य गिरफ्तार व्यक्तियों में सुनील महालदार तथा सन्नी यादव शामिल हैं। सन्नी यादव स्वर्गीय सीताराम यादव के पुत्र बताए गए हैं। दोनों आरोपी ग्राम कुम्हरा थाना रौतारा जिला कटिहार के निवासी हैं।बताया जा रहा है कि रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम को तीनों व्यक्तियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। जिसके बाद जांच की गई। जांच के क्रम में शराब सेवन की पुष्टि होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों को हिरासत में ले लिया।रौतारा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराबबंदी कानून को लेकर सख्ती का संदेश गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब कारोबार एवं शराब सेवन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी।

### कटिहार रेलमंडल के 20 स्टेशन बनेंगे हाईटेक

**कटिहार (नबिटासं)।** रेलमंडल में रेल यात्रियों के लिए अब सुविधाओं का नया दौर शुरू होने जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कटिहार रेलमंडल के कटिहार सहित 20 स्टेशनों का चयन किया गया है। जहां रेल प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर विकास कार्य कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में ये स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर यात्रियों को एक नया और बेहतर यात्रा अनुभव देंगे। इस संबंध में कटिहार रेलमंडल के एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित सभी स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं जैसे अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है।



स्टेशनों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर,सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराना है। खासकर दिव्यांग यात्रियों के लिए रैंप, आधुनिक शौचालय, सुगम प्रवेश मार्ग,बेहतर प्रतीक्षालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।रेल प्रशासन द्वारा स्टेशन परिसरों में आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, डिजिटल सूचना प्रणाली, आकर्षक भवन संरचना,बेहतर प्लेटफॉर्म, स्वच्छ पेयजल, बैठने की उन्नत व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। कई स्टेशनों पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कटिहार रेलमंडल में चल रहे इस व्यापक विकास कार्य से यात्रियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। लोगों का मानना है कि अमृत भारत स्टेशन योजना से न केवल रेलवे स्टेशनों की तस्वीर बदलेगी। बल्कि क्षेत्र के विकास और यातायात व्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।अब यात्रियों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। आने वाले समय में कटिहार रेलमंडल के स्टेशन आधुनिकता,सुविधा और सुंदरता की नई पहचान बनकर उभरेंगा।

# बांग्लादेशी बयान पर गरमाई सियासत, सांसद तारिक अनवर ने सीएम को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** सीमांचल में शेरशाहवादी समुदाय को लेकर दिए गए बांग्लादेशी बयान पर बिहार की राजनीति गरमा गयी है। कटिहार सांसद तारिक अनवर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जदयू विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कटिहार स्थित अपने आवासीय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान सांसद ने कहा कि इस तरह की बयानबाजी सामाजिक तनाव और नफरत फैलाने का काम कर रही है। सांसद ने कहा कि शेरशाहवादी मुस्लिम समुदाय वर्षों से कटिहार,पूर्णिया,अररिया और



किशनगंज समेत सीमांचल के कई जिलों में रह रहा है और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार पहले ही इस समुदाय को ईबीसी और ओबीसी श्रेणी में शामिल कर चुकी है।ऐसे में उन्हें बांग्लादेशी कहना बेहद आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। तारिक अनवर ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले इस बयान को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विधायक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाए ताकि समाज में गलत संदेश न जाय।प्रेस वार्ता के दौरान सांसद ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की विदेश नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। विदेश दौरों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जनता के असली मुद्दों की चर्चा नहीं होती। लेकिन बाद में विदेश यात्राओं और बड़े-बड़े दावों की राजनीति शुरू हो जाती है।इसके अलावा सांसद ने कटिहार के स्थानीय मुद्दों को भी उठाया। विशेष रूप से गौशाला ओवरब्रिज निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर जल्द ही संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों से मुलाकात कर निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग करेंगे।

# भाजपा उपाध्यक्ष ने पथ निर्माण मंत्री से मुलाकात की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ग्रामीण।** कटिहार आगमन पर सूबे के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेन्द्र का भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा किसान प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष गुड्डू यादव ने जिला अतिथिगृह पहुंचकर मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर मंत्री का अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान गुड्डू यादव ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकास से जुड़े मुद्दों से मंत्री को अवगत कराया। उन्होंने सड़क, आवागमन एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं पर



चर्चा की। मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आम जनता की सुविधा और क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मुलाकात के दौरान भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

# द्विजदेनी क्लब द्वारा सम्मान समारोह सह कवि गोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्थानीय प्रोफेसर कॉलोनी स्थित पीडब्ल्यूडी के प्रांगण में पं. रामदेनी तिवारी द्विजदेनी क्लब के द्वारा एक सम्मान समारोह सह कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बाल साहित्यकार हेमंत यादव ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संवदिया के प्रधान संपादक मांगन मिश्र मार्तंड और विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व बीईओ प्रमोद कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन क्लब के संस्थापक सचिव विनोद कुमार तिवारी के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम रानीगंज से पधारे प्रसिद्ध साहित्यकार और पुस्तकालय संचालक अभय शंकर झा का सम्मान विशिष्ट अतिथि प्रमोद



कुमार झा, पूर्व प्रधानाध्यापक हरिशंकर झा, क्लब के अध्यक्ष हेमंत यादव, उपाध्यक्ष अरविन्द ठाकुर, संस्थापक सचिव विनोद कुमार तिवारी एवं युवा कवि दिवाकर कुमार के द्वारा शाल ओढ़ाकर, माला पहनाकर और पुस्तकादि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित साहित्यकारों के द्वारा अभय शंकर झा को शुभकामना और बधाई दी गई। उनसे लेखन के क्षेत्र में और अधिक उपलब्धि की कामना की गई। सम्मानित साहित्यकार अभय शंकर झा ने अपनी साहित्यिक उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी में राजेंद्र बोथरा, अरविन्द ठाकुर, दिवाकर कुमार और सुनील दास ने कविता पाठ किया। इस अवसर पर अभय शंकर झा द्वारा संपादित और उनके पिता वरिष्ठ साहित्यकार स्व. अमोघ नारायण झा अमोघ द्वारा लिखित पुस्तक "जो बरबस याद आ जाते"का विमोचन भी हुआ। मौके पर शिव नारायण चौधरी, नंदकिशोर पंडित, नंद मोहन तिवारी, पलक धारी मंडल, राम प्रसाद सिंह, पुरुषोत्तम चौधरी, दिनेश ठाकुर, मनीष राज सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

# विधायक ने की मनिहारी नगर क्षेत्र के लिए अलग फीडर की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** नगर पंचायत क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को लेकर बिहार सरकार के ऊर्जा मंत्री से अलग विद्युत फीडर स्थापित किये जाने की मांग विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने की है। ऊर्जा मंत्री को प्रेषित पत्र में विधायक श्री सिंह ने कहा है कि मनिहारी नगर क्षेत्र में बिजली आपूर्ति नवाबगंज स्थित विद्यूत सब स्टेशन से की जाती है। इसी सब स्टेशन से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति की जाती है। लम्बी ट्रांसमिशन लाईन की वजह से आये



दिन ट्रांसमिशन लाईन में आयी गड़बड़ी की वजह से शहरी क्षेत्र में भी बिजली संकट उत्पन्न हो जाता है। जिसका प्रतिकूल प्रभाव नगरीय क्षेत्र में कार्यरत सरकारी दफ्तरों के कामकाज पर पड़ता है। साथ ही मनिहारी की पहचान गंगा से होने से यहां धार्मिक,मांगलिक अनुष्ठानों को लेकर श्रद्धालू बड़ी संख्या में आते हैं। अनेक पावन मौके पर भाडी संख्या में श्रद्धालूओं का जनसैलाब मनिहारी नगर क्षेत्र स्थित गंगातट पर उमड़ती है। ऐसे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की कमी लोगों सामान्य दिनचर्या को भी प्रभावित करती है। इन जनसमस्याओं के निवारण को लेकर श्री सिंह ने ऊर्जा मंत्री बिहार सरकार से नगर क्षेत्र के लिए अलग फीडर की मांग की है।

### 23 मई तक सुबह 9 बजे से दोपहर के 2 बजे तक बिजली सेवा रहेगी बाधित : जेई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** 33/11 पावर सब स्टेशन मनसाही में 23 मई तक सुबह के नौ बजे से दोपहर के दो बजे तक प्रत्येक दिन बिजली सेवा बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए पावर सब स्टेशन मनसाही के विद्युत विभाग के जेई राकेश कुमार रोशन ने बताया कि 33 केवी फीडर में मेंटेनेंस का कार्य 18 मई से शुरू हुआ जो 23 मई तक प्रत्येक दिन सुबह के नौ बजे से दोपहर के दो बजे तक होगा। जिसमें विद्युत उपभोक्ता सुबह नौ से पहले एवं दोपहर के दो के बाद अपना कार्य सुचारू रूप से कर सकेंगे। क्योंकि 9 से 2 बजे तक 33 केवी में मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** पोठिया थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप खोटा के समीप तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद भाग रही कार को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया तथा चालक को हिरासत में ले लिया।घायल महिला की पहचान कुरसेला थाना क्षेत्र के बल्थी महेशपुर निवासी मीरा देवी(32) पति मुकेश महलदार के रूप में हुई है। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल महिला के पति मुकेश महलदार ने बताया कि वे अपनी पत्नी के साथ हरदा से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पूर्णिया की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से भागने लगा। इस दौरान पीछे से आ रहे दूसरी कार सवार लोगों ने उसका पीछा किया और इसकी सूचना कुरसेला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार को पकड़कर जब्त कर लिया। पुलिस की गिरफ्त में आये चालक ने अपना नाम भोला कुमार निवासी तीनटोलिया थाना प्रतापगंज जिला सुपौल बताया है। चालक ने पुलिस को बताया कि वह दो अन्य लोगों के साथ पूर्णिया से पटना जा रहा था।

# फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** अमदाबाद थाना पुलिस ने फरार अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई तेज करते हुए न्यायालय के आदेश पर एसआई रंजीत कुमार,एसआई मसूदन कुमार तथा सहायक थाना पुलिस के सहयोग से अभियुक्तों के आवास पर इश्तेहार चस्पा किया गया ।थानाध्यक्ष ने कहा कि न्यायालय के उनके घर इश्तेहार चस्पा किया। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि अमदाबाद थाना कांड संख्या 143/24 के फरार अभियुक्त सेफुल्ला एवं नुजहत बानो पति सेफुल्ला, निवासी गारद टोला, वर्तमान पता सहायक थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीफगंज वार्ड संख्या-42 के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत आदेश के आलोक में कार्रवाई की गई।उन्होंने बताया कि अपर थानाध्यक्ष विजय कुमार राम, आदेश के अनुपालन में फरार अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। निर्धारित समय सीमा के भीतर न्यायालय अथवा पुलिस के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो आगे कुर्की-जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।



# जर्जर पुलिया बनी हादसे का कारण

## ग्रामीणों ने की शीघ्र मरम्मत की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार) ।** हसनगंज प्रखंड के लखनपुर गांव की मुख्य सड़क पर बनी पुलिया इन दिनों राहगीरों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनी हुई है। पुलिया के दोनों ओर की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। जिससे लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार पुलिया के दोनों किनारों की सड़क टूटकर खतरनाक रूप ले चुकी है।

खासकर रात के समय अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। आये दिन छोटे-बड़े वाहन चालक संतुलन खोने से बाल-बाल बच रहे हैं। जबकि पैदल चलने वाले



लोगों को भी काफी सतर्कता बरतनी पड़ रही है। स्थानीय ग्रामीण रामू कुमार,महेश महतो,प्रदीप कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र की प्रमुख संपर्क सड़क है। जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है।

इसके बावजूद अब तक पुलिया और सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से अविलंब पुलिया और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की अपील की है।

# समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जनजातीय गरिमा उत्सव अंतर्गत संचालित "सबसे दूर, सबसे पहले" जनभागीदारी अभियान की राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में जनजातीय बहुल एवं दूरस्थ क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने, पात्र लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने तथा जनसुनवाई एवं सेवा वितरण कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलों को अभियान के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने बताया कि औरंगाबाद जिले में जनजातीय गरिमा उत्सव के अंतर्गत "सबसे दूर, सबसे पहले" जनभागीदारी अभियान के सफल संचालन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन अनुसूचित जनजाति समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा अभियान का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक प्रशासनिक सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गौरतलब है कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से 18 मई 2026 से 25 मई 2026 तक जनजातीय बहुल गांवों में यह जनभागीदारी अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कुटुम्बा प्रखंड के चयनित जनजातीय बाहुल्य ग्राम घेउरा में 19 मई 2026 से 25 मई 2026 तक विभिन्न जनकल्याणकारी, जागरूकता एवं सेवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर, स्वास्थ्य जांच, जनसुनवाई एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा अभियान के सफल, पारदर्शी एवं प्रभावी संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।




## सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित, चौकीदार-दफादार संघ ने उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में चौकीदारों के रिक्त पदों के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। थाना में चौकीदार के कुल 34 स्वीकृत पद हैं, जिनमें वर्तमान में मात्र 19 चौकीदार ही कार्यरत हैं। शेष 15 पद वर्षों से खाली पड़े हुए हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं की समय पर जानकारी पुलिस तक नहीं पहुंच पाती। स्थिति यह है कि इतने कम चौकीदारों के सहारे पूरे थाना क्षेत्र की बड़ी आबादी की निगरानी करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। पहले जहां दफादारों की भी नियुक्ति होती थी, वहीं वर्तमान में एक भी दफादार कार्यरत नहीं है, जिससे व्यवस्था और अधिक कमजोर हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आपात स्थिति में 112 नंबर की पुलिस वाहन सेवा पर ही निर्भरता बढ़ गई है। यदि यह सेवा उपलब्ध न हो, तो दुर्घटना, मारपीट या अन्य घटनाओं की सूचना थाना तक पहुंचाना काफी कठिन हो जाता है।

# छात्रों की उपस्थिति व अनुशासन पर बल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च विद्यालय के केशव वंदना सभागार में सोमवार को प्रातः 9:30 बजे से 10:30 बजे तक अभिभावक गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा षष्ठम् एवं सप्तम् के बच्चों के अभिभावक उपस्थिति रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक, सचिव बजरंगी प्रसाद, कार्यक्रम अध्यक्ष मनोरंजन पाठक (आरबीआई बैंक में कार्यरत), प्राथमिक खंड के प्रधानाचार्य सुमन कुमार सिंह, विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन माया पांडेय द्वारा किया गया, अतिथियों का परिचय अंजलि जायसवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा प्रस्तावना किरण सिंह द्वारा रखी गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यार्थियों के अध्ययन, अनुशासन एवं व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।गोष्ठी में विशेष रूप से विद्यार्थियों के संवाद कौशल विकास, शुद्ध उच्चारण, नियमित पठन-पाठन, स्पष्ट बोलने की आदत तथा कक्षा में सक्रिय सहभागिता जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के घर पर अध्ययन का उचित वातावरण देने, दैनिक अभ्यास कराने तथा आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में हिन्दी एवं संस्कृत के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञान भी विद्यार्थियों के भविष्य, उच्च शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः बच्चों को हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी तीनों विषयों को समान रूप से प्रभावी ढंग से पढ़ने, समझने तथा प्रश्नों का उत्तर देने का नियमित अभ्यास कराया जाए, ताकि वे आगे चलकर प्रतियोगी परीक्षाओं एवं नौकरी के क्षेत्रों में सफल हो सकें। कार्यक्रम अध्यक्ष मनोरंजन पाठक ने भी अपने विचारों को प्रभावी ढंग से उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के समक्ष रखा तथा सकारात्मक तथ्यों के आधार पर विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की बात कही। वे उपस्थित अभिभावकों के मध्य से कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए गए थे। विद्यालय परिवार ने अभिभावकों से बच्चों की उपस्थिति, स्वच्छता, अनुशासन एवं अध्ययन के प्रति निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। अभिभावकों ने भी विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में सचिव बजरंगी प्रसाद द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।




# फ्रूट एंड वेजिटेबल सलाद प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बाजार स्थित विवेकानंद चाइल्ड गाइडेंस सेंटर में समर वेकेशन से पूर्व फायरलेस कुकिंग कांसेप्ट को लेकर फ्रूट एंड वेजिटेबल सलाद प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया। विवेकानंद समूह के प्रशासक सुनील कुमार सिंह एवं अभिभावक धीरेंद्र कुमार रत्नाकर ने निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का आकलन किया। इसी आधार पर परिणाम घोषित किए गए। साथ में प्राचार्य एस के श्रीवास्तव, शिक्षिका श्रुति पांडेय एवं अन्य सक्रिय रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से एक प्रस्तुति दी। सबसे आकर्षक तरबूज का बनाया बास्केट था, जिसमें लीची, अंगूर समेत कई फल सजाए गए थे। बच्चों ने सब्जी और फलों से ही उल्लू, गणेश, मोर जैसी आकृतियां बनाई। काफी आकर्षक तरीके से फल और सब्जियों के सलाद की प्रस्तुति दी गयी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी द्वारा झालमुरी खाए जाने की चर्चा काफी रही है। उसका प्रभाव यहां भी दिखा। जब छोटे-छोटे बच्चों ने झाल मुरी तैयार की। प्रशासक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बच्चों की कार्यक्षमता और कार्य कुशलता बढ़ती है। धीरेंद्र कुमार रत्नाकर ने कहा कि इस तरह का आयोजन पहली बार यहां हुआ है। प्राचार्य एसके श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को सक्रिय बनाने, उनकी समझ को बहुआयामी विकास देने के उद्देश्य के तहत यह आयोजन किया गया।



## बेरी के वार्ड नं- में नल जल योजना पड़ी है अधूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के तहत बेरी पंचायत के वार्ड नं- एक में नल जल योजना की स्थिति इन दिनों काफी बदतर हो गई है। यहां पांच वर्षों से नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। पीएचइडी विभाग के अधिकारी कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। योजना के पूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों में पीएचइडी विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व पीएचइडी विभाग द्वारा नल-जल योजना कार्य प्रारंभ हुआ था। वार्ड में नल योजना का कार्य शुरू तो हुआ परंतु पूर्ण नहीं हो सका है। विभाग के द्वारा मोटर लगाया गया है। उसके बाद टंकी नहीं लगाया गया है। पाइप भी बिछाया गया तो सिर्फ अधूरा ही बिछाया गया है। पीएचइडी विभाग के अधिकारियों द्वारा यहां केवल कार्य में खानापूर्ति की गई है।

# दिशा समिति की बैठक में रफीगंज के पेयजल संकट का मुद्दा छाया

## मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां ने उठाई नियमित जलापूर्ति की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दिशा की बैठक में रफीगंज नगर पंचायत की मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां ने नगर क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए विशेष रूप से पेयजल संकट एवं नल-जल योजना की बदहाल स्थिति की ओर समिति का ध्यान आकृष्ट कराया। मुख्य पार्षद ने बताया कि नगर पंचायत रफीगंज के कुल 16 वार्डों में से मात्र 8 वार्डों में ही नल-जल योजना के तहत जलापूर्ति हो रही है, जबकि शेष 8 वार्ड आज भी इस योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि जिन वार्डों में योजना संचालित है, वहां भी नियमित जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। कई वार्डों में सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां ने बैठक में यह भी बताया कि उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान इस समस्या से संबंधित एक आवेदन सौंपा था। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा अब तक इस दिशा में कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिससे नगरवासियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है और लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। इससे नगर क्षेत्र में आम लोगों के बीच आक्रोश एवं नाराजगी का माहौल व्याप्त है। मुख्य पार्षद ने मांग की कि नगर पंचायत के सभी वार्डों में शीघ्र नल-जल योजना का विस्तार करते हुए नियमित एवं सुचारु जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इस संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को लिखित आवेदन भी सौंपा तथा समस्या के त्वरित समाधान की मांग की। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं के समाधान हेतु जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को गंभीरता के साथ पहल करनी चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मामले को गंभीर बताते हुए आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही गई।




# व्हाट्सएप हैक कर स्कैमर्स ने मांगे रुपये, स्कैनर भेज उड़ाए 60 हजार से अधिक पैसे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बेतहाशा बढ़ते ऑनलाइन लेनदेन के बीच साइबर अपराधियों को साइबर अटैक करने का खुलकर मौका दे दिया है। लोगों की कम जानकारी का फायदा उठाते हुए साइबर अपराधी तरह-तरह की तरकीब इस्तेमाल कर रुपये उड़ा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फेसर थाना क्षेत्र अंतर्गत आलमपुर के व्यवसाई सुनील कुमार के साथ हुआ है। उनके वाट्सऐप को हैंक पर रूपए की मांग की गई। किसी से 28 हजार तो किसी से 30 और 50 हजार रुपयों की मांग की। जब मामले की जानकारी व्यवसाई को हुई तो उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल साइबर थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी। सुनील ने बताया कि उसके नंबर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया और एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड डिलीवर करने की बात कही गई। इस दौरान बिना कोई ओटीपी साझा किए फोन कटते ही उनका व्हाट्सअप हैक कर लिया गया। उनके नंबर से कई नंबरों पर संदेश भेजा गया। संदेश भेजने वाले ने रूपए की मांग कर दी। अलग-अलग लोगों से रूपए की डिमांड की गई। सबको एक ही परेशानी बताई जिसके बाद जैसे ही सुनील को मामले की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। इस दौरान हैकर्स ने कॉल किसी अन्य नंबर पर फॉरवर्ड कर दिया था। लोगों द्वारा फोन किए जा रहे थे लेकिन कॉल फॉरवर्ड होने के कारण सुनील से बात नहीं हो पा रही थी। इस दौरान हैकर्स द्वारा भेजे गए स्कैनर पर जरूरी समझकर आलमपुर गांव निवासी लव कुमार ने 28 हजार एवं नरारी कलां थाना क्षेत्र के नरारी कलां गांव निवासी मंतोष यादव ने 28 हज़ार सहित दो तीन लोगों ने दो और पांच हज़ार रुपए डाले है। पीड़ित ने लोगों से रूपए न डालने की अपील करते हुए साइबर थाने में मामले की सूचना दी। जांच पड़ताल से पता चला उक्त नंबर झारखंड के जामताड़ा का है। फिलहाल फ्रॉड की राशि रिकवरी के लिए साईबर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। विदित हो कि हैकर व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर उसी नंबर से परिचित लोगों को मैसेज भेजते हैं, जिससे लोग भरोसा कर लेते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। हालांकि समय रहते जानकारी होने पर कई लोगों ने सतर्कता बरती और पैसे भेजने से बच गए। साईबर डीएसपी अनुराग कुमार ने बताया कि स्कैमर्स, लोगों को ठगने के लिए कई तरह के पैंतरे आजमाते हैं। चाहें लोगों को बातों को फंसाना हो या फिर फिशिंग लिंक का सहारा लेना हो। ये सब स्कैमर्स के तरीके हैं, लेकिन जब इस गेम में हैकर की एंट्री होती है, तो पूरा खेल एकतरफा हो जाता है। ऐसे फ्रॉड से बचने के लिए उन्होंने लोगों से अपील की है। किसी भी फ्रॉड की स्थिति में उन्होंने तत्काल मामले की सूचना साईबर पुलिस को देने की अपील की है।

## नशेड़ी पति को पत्नी ने कराया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकावां निचली डीह निवासी रमेश दास की पत्नी रिंकी देवी ने पति द्वारा नशे की लत से तंग आकर पुलिस को फोन कर गिरफ्तार करवा दिया। नशे की हालत में रमेश दास को थाना लाया गया।जहां ब्रेथ्येनलाइजर मशीन से जांच किया गया हल्कोहल की पुष्टि होने पर अग्रेतर कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि नशे की हालत के दौरान इसकी पत्नी फोन की जिसे थाना लाया गया।और अल्कोहल पुष्टि के बाद औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया।

# सीएमआर आपूर्ति में लापरवाही पर डीएम सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिला टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं राईस मिलरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में सर्वप्रथम धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) आपूर्ति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ राईस मिलों द्वारा निर्धारित क्षमता के अनुरूप सीएमआर जमा नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए माँ अम्बे राईस मिल, ओम कृषि राईस मिल, आयुष राईस मिल, देवंती राईस मिल, रवि मिनी राईस मिल, नारायण राईस मिल, उमंगेश्वरी राईस मिल एवं कुंज बहार राईस मिल के प्रोपराइटर्स से कारण पृच्छा करते हुए उन्हें सख्त चेतावनी दी कि आगामी तीन से चार दिनों के भीतर सीएमआर आपूर्ति में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित मिलों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने एवं काली सूची में डालने जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने उन पैक्स एवं राईस मिलों पर भी नाराजगी व्यक्त की, जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुरूप कार्य निष्पादित नहीं किया है। समीक्षा के क्रम में प्रखंड ओबरा, रफीगंज एवं गोह के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रामयतन कुमार, प्रेम कुमार, अरुण कुमार एवं विकास कुमार सहित सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित कराएं, अन्यथा विभागीय कार्रवाई हेतु अनुशंसा की जाएगी। बैठक में दस दिनों से अधिक समय से लंबित एक्सेप्टेंस ऑर्डर मामलों की भी समीक्षा की गई।

# नवीनगर में सड़क पर खड़ी रहती हैं यात्री बसे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** नबीनगर नगर पंचायत में बस स्टैंड तो हैं परंतु सड़क पर भी बसे खड़ी किए जाते हैं। जिसके कारण हमेशा जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने एवं मुख्य सड़क पर वहां नहीं खडा करने को लेकर नबीनगर थाना के पीछे बीते वर्ष 2023 में दो करोड़ की लागत से बस स्टैंड का निर्माण कराया गया है। दो करोड़ रुपये की लागत से बना बस स्टैंड भी यहां के लोगो को सड़क जाम से निजात नहीं दिला सका है। बता दें कि यहां सड़क के किनारे ही मांस-मछली बेचने वाले अपनी दुकान लगा लेते हैं। वहीं सड़क के दूसरे किनारों पर बस चालकों के द्वारा अवैध तरीके से पार्किंग की जाती है। जिससे स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है। जब बस स्टैंड का निर्माण हुआ था तो लगा था कि अब सड़क पर बसें खड़े नहीं किए जाएंगे। वहीं अंबा-नबीनगर पथ के किनारे बस लगाने का आगमन बाधित हो रहा है और प्रतिदिन सड़क जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्थानीय थाना के निकट स्थित निर्मित बस स्टैंड का उद्घाटन बीते वर्ष 2०23 में बिहार के तत्कालीन राजस्व एवं भूमि सुधार सह औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री आलोक कुमार मेहता के द्वारा किया गया था। उद्घाटन के चार वर्ष बीतने के बावजूद भी बस स्टैंड में बस ठहराव नहीं हो रहा है। करोड़ों की लागत से बने बस स्टैंड बेकार हो गया है। इधर बस स्टैंड में शौचालय, पानी व यात्रियों के ठहराव के लिए शेड का निर्माण किया गया है। बस स्टैंड के भवन में यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर भी बना हुआ है। निर्मित बस स्टैंड में वर्तमान समय भी ताला लटका है। इधर सड़क के किनारे आए दिन बसे ठहराव होने के कारण दुर्घटना घटती रहती है। सड़क किनारे बस लगने से यात्रियों के बैठने के लिए न तो कोई व्यवस्था है न ही यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल और न ही शौचालय की व्यवस्था है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा इस मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## आज लगेगा सहयोग शिविर

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आम नागरिकों का सीधे समस्याओं व सुझाव रखने का प्रदान करने का अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। पंचायत स्तर पर समस्या का समाधान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं समस्याओं की सुनवाई के साथ निष्पादन किया जाएगा। शिविर में सरकार की 19 विभागों के अधिकार मौजूद रहेंगे। बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में आम नागरिकों की समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। जन प्रतिनिधियों में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी सहयोग शिविर में मौजूद रहेंगे।

## 15 दिनों से नल-जल योजना ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के सूही पंचायत के वार्ड सं-चार स्थित दुधमी गांव में पेयजल संकट गंभीर हो गया है। भीषण गर्मी के बीच करीब 15 दिनों से नल-जल योजना बंद है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या है। भू-जल स्तर खिसकने से चापाकल और कुआं बेकार हो गया है। गर्मी से बचाव के लिए पानी आवश्यक है। पशुओं को पीने से लेकर स्नान कराने के लिए पानी जरूरत है। अब स्थिति यह है कि ग्रामीण पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकते हैं।

# मंत्री ने देव के विकास का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पटना स्थित नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से देव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता ने मुलाक़ात की। इस दौरान उपाध्यक्ष ने भगवान भाष्कर की नगरी देव के विकास के लिए कई मांग की है। उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्षा ऋतू देखते हुए नाली निर्माण सह सूर्य नगरी को धार्मिक दृष्टिकोण से विकसित करने के लिए फंड स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध की। राजगीर के मलमास मेले के तर्ज पर आर्दरा मेला को भी नयी रूप देने के लिए बात कही गयी। सूर्यकुण्ड परिसर में संध्याकालीन बेला में स्थानीय परिवार लोग अपने बच्चों संग घूमने आते है, इस लिए परिसर में अवस्थीत रूद्र कुंड तालाब में बोटिंग की व्यवस्था शुरू करने की मांग की। देव मोड़ से देव सूर्य मंदिर तक रंगीन लाइट लगाने का भी प्रस्ताव दिया गया। पातालगंगा धाम को भी नगर पंचायत से जोड़ने का पुरजोर मांग किया गया। मंत्री नें मांग के अनुरूप विकास कार्यों का आश्वासन दिया है।



# उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुनिया में कई विषयों के शिक्षक नहीं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के बेरी पंचायत के तहत रुनिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय इन दिनों इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहा है जिसके कारण शिक्षण प्रभावित हो रहा है। बता दें कि विद्यालय में पठन-पाठन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का घोर अभाव है। यहां तक विद्यालय में चाहरदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशु अंदर प्रवेश कर जाते हैं और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अध्ययन के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लिए विषयवार शिक्षकों की कमी है। वर्तमान में उनके अलावा केवल सामाजिक विज्ञान के शिक्षक उपलब्ध हैं। वहीं विद्यालय में हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी, संगीत व शारीरिक शिक्षक नहीं है। जिसके कारण छात्रों काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कहा कि विद्यालय में पीटी शिक्षक नहीं है जिसके कारण छात्रों को खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में रुचि भी घटती जा रही है। खेल और शारीरिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी मानी जाती है परंतु इस व्यवस्था के अभाव में छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि विद्यालय में नौ कमरे उपलब्ध हैं जिनमें एक कमरे में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता है और एक में कार्यालय है। वहीं सात वर्ग कक्षों में 140 छात्रों को शिक्षा प्रदान की जाती है। वहीं विद्यालय में खेल मैदान का भी अभाव है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई—निविदा नोटिस सं. : एस॰जी॰ – डी॰एस॰ई॰ – ओ॰टी॰– 11–26

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई—निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है ।

1. कार्य का नाम एवं स्थान : प्रोविजन ऑफ इंटरलॉकिंग ऑफ एलसी गेट नंबर 71/ई, 60/ई, 54/ई, 30/ई, 67/ई, 64/ई इन आरा—सासाराम सेक्शन ईन डीडीयू डीविजन, 2. कार्य की अनुमानित मूल्य : ₹2,49,35,930.54/— (दो करोड़ उन्चास लाख पैंतीस हजार नौ सौ तीस रूपये एवं चौवन पैसे मात्र ), 3. धरोहर राशि : ₹4,98,700/— (चार लाख अट्ठानवे हजार सात सौ रूपये मात्र), 4. ई—निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.06.2026 को 12.30 तक । 5. वेब साईट का पता जहां से ईनिविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in

म॰ सं॰ एवं दू॰ सं॰ अभि॰/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0243/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/26–27/28



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या : 18–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–निम्नलिखित कार्यों के संबंध में सिग्नलिंग कार्य (i) आसनसोल–03 वरिष्ठ डीईएन / 1 के तहत सीतारामपुर यार्ड सुधार और विभिन्न यार्ड का उन्नयन। (ii) आसनसोल–05 वरिष्ठ डीईएन/2 के तहत यार्ड सुधार और उन्नयन (iii) आसनसोल–04 वरिष्ठ डीईएन/3 के तहत यार्ड सुधार और विभिन्न यार्ड का उन्नयन (iv) आसनसोल–02 एक्सल काउंटर और अन्य सिग्नलिंग कार्य का उपयोग करके आसनसोल यार्ड के लिए यार्ड सुधार और उन्नयन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,62,77,164.17, **बयाना राशि:** रु. 5,25,600/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.06.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in/

ASN-89/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

**सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**

Govt. of Bihar

(E-mail:- shlcdaurangabad@gmail.com)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सभी संबंधित आम नागरिकों, किसानों इत्यादि जिला औरंगाबाद, अरवल, गया एवं पटना जिलान्तर्गत को सूचित किया जाता है कि विभागीय निदेशानुसार जल–जीवन–हरियाली अभियान अंतर्गत टर्न–की आधार पर औरंगाबाद, डेहरी एवं सासाराम शहरों हेतू सोन नदी में उपलब्ध सतही जल का उपयोग करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने के क्रम में एनीकट के निकट कराए जा रहे कार्यों के सुचारू रूप से क्रियान्वनयन हेतु इन्द्रपुरी बराज के अप–स्ट्रीम (दायाँ भाग) से निःसृत पूर्वी लिंक नहर में 1500 क्यूसेक जलश्राव दिनांक 15.05.2026 से खरीफ सिंचाई अवधि 2026 के पूर्व प्रवाह किया जा रहा है, जिसमें पटना मुख्य नहर में 1000 क्यूसेक एवं सोन उच्चस्तरीय मुख्य नहर में 500 क्यूसेक जल प्रवाहीत किया जाएगा।

उक्त के संबंध में संबंधित सभी नागरिकों, किसानों इत्यादि को सतर्क किया जाता है।

(ई0 नवल किशोर कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सोन उच्चस्तरीय नहर प्रमण्डल
औरंगाबाद

PR- 003487 (WRD) 2026-27

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

## संग्रहालयों के महत्व एवं भूमिका के बारे में दी गई जानकारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर सोमवार को संग्रहालय में आओं चले संग्रहालय की ओर विषय पर विशेष शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत संग्रहालय विषयक संगोष्ठी, संग्रहालय भ्रमण, चित्रकला एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, कलाकारों एवं कला प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कला लेखक सुमन कुमार, वरिष्ठ रंग निर्देशक डॉ. अनिल पतंग, संग्रहालय प्रभारी डॉ कुंदन कुमार (केपी जायसवाल पुरातात्विक संग्रहालय, जी डी कॉलेज, बेगूसराय), सहायक प्राध्यापक डॉ कुमारी रंजना, वरिष्ठ चित्रकार इंद्र मोहन प्रसाद तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-सहायक संग्रहालयाध्यक्ष श्याम कुमार सहनी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-सहायक संग्रहालयाध्यक्ष श्याम कुमार सहनी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के महत्व तथा संग्रहालयों की भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस प्रत्येक वर्ष 18 मई को मनाया जाता है तथा इसकी शुरुआत वर्ष 1977 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ म्यूज़ियम्स द्वारा की गई थी। इस वर्ष का विषय विभाजित विश्व को एक सूत्र में जोड़ते संग्रहालय रखा गया है। जिसका उद्देश्य संग्रहालयों को संवाद, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता के केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल प्राचीन वस्तुओं के संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि समाज को उसके इतिहास, परंपरा, कला और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने वाले जीवंत शैक्षणिक संस्थान हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने संग्रहालयों की उपयोगिता, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा कला एवं इतिहास के अध्ययन में उनकी भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ कला लेखक सुमन कुमार ने कहा कि शिल्प अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है तथा शोधार्थियों को संग्रहालयों में संरक्षित कलाकृतियों के शिल्प एवं संरचना पर गहन अध्ययन करना चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ियों को इस क्षेत्र में शिक्षा एवं शोध के नए आयाम प्राप्त हो सकें। संग्रहालय प्रभारी डॉ कुंदन कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत, इतिहास एवं पुरातात्विक धरोहरों के प्रति जागरूक करना है, ताकि उनमें संरक्षण एवं संवर्धन की भावना विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि संग्रहालय समाज की स्मृतियों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ भविष्य की पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

# ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस का जिला पदाधिकार श्रीकांत शास्त्री द्वारा सोमवार को मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा वेयर हाउस की निगरानी प्रणाली का गहन जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने वेयर हाउस में स्थापित सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की तथा सुरक्षा संबंधी सभी मानकों के अनुपालन की स्थिति का अवलोकन किया। संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा अत्यंत संवेदनशील विषय है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मानकों के अनुरूप सभी प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशीलता तथा विद्युत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मनीष, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मी तेज

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के अन्तर्गत आने बाली कुल 13 पंचायत मे पंचायत निर्बाचन को लेकर प्रशासनिक तैयारी के साथ साथ राजनैतिक हलचल भी तेज हो गईं है। संभाबित प्रतियासी की गतिबिधि गाँव मे बढ़ती जा रही है। आगामी पंचायत चुनाव के संभावित उम्मीदवार अपने अपने पक्ष मे वोटर को एकजुट करना अभी से ही शुरू कर दिया है। गांव को आगामी पंचायत चुनाव को लेकर उम्मीदवार अभी से ही जाती धर्म और गौत्र के नाम पर अपने पक्ष मे करना शुरू कर दिया है। लेकिन बर्तमान पंचायत के जनप्रतिनिधि की इस बात को लेकर बैचेनी भी बढ़ती जा रही है की आरक्षण रोस्टर के बदलाव के कारण कही वह चुनाव ही नहीं लड़ सके। पिछले पंचायत चुनाव 2021 मे देखा गाया था की कई पंचायत चुनाव को जितने के लिए लोगो ने अंतरजातिये शादी करके भी चुनाव लड़े थे। जिसकी सम्भावना इस बार भी जताई जा रही है। इस बार जो आरक्षण रोस्टर मे बदलाव क्या जा रहा है। वह 2011 के जनगणना के आधार पर 2011 के जनगणना के आधार पर ही पंचायत चुनाव 2026 के तहत जिला परिषद मुखिया सरपंच पंचायत समिति सदस्य वार्ड सदस्य एवं पंच का चुनाव करवाया जाएगा। जो भी हो लेकिन पंचायत चुनाव को लेकर पंचायत स्तर के मतदाता का अचानक सम्मान तो बढ़ा ही है। ऊपर से अभी से ही उनके लिए वादों का पिटारा खोल दिया गया है।

# जनसेवा की राजनीति से ललन सर्राफ को मिला सम्मान : मुकेश जैन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उप नेता पद पर लगातार तीसरी बार मनोनीत किए जाने पर विधान परिषद सदस्य ललन कुमार सर्राफ को बधाइयों का सिलसिला जारी है। बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मुकेश जैन ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इसे जनसेवा, संगठन के प्रति निष्ठा और कुशल नेतृत्व का सम्मान बताया है। मुकेश जैन ने कहा कि ललन कुमार सर्राफ वर्षों से सामाजिक सरोकार, सेवा भावना और जनसमर्पण की राजनीति के माध्यम से लोगों के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने हमेशा व्यवसायिक वर्ग, छोटे उद्यमियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सदन और सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। उनकी सरल, सहज और सकारात्मक कार्यशैली के कारण वे समाज के हर वर्ग में सम्मान और लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बिहार विधान परिषद में सर्राफ जी का लंबा अनुभव, नेतृत्व क्षमता और प्रशासनिक समझ सदन की गरिमा को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। साथ ही उनके मार्गदर्शन में बिहार में व्यापार, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। मुकेश जैन ने कहा कि लगातार तीसरी बार उप नेता जैसे महत्वपूर्ण दायित्व के लिए मनोनयन यह साबित करता है कि संगठन और जनता दोनों का विश्वास ललन कुमार सर्राफ पर लगातार मजबूत हुआ है। यह निर्णय न केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक है, बल्कि समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक संदेश देने वाला भी है।

उन्होंने विश्वास जताया कि ललन कुमार सर्राफ आगे भी जनहित, सामाजिक समरसता और बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे तथा अपने अनुभव और दूरदर्शिता से राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# भरथो भारत हाई स्कूल में आयोजित शिविर का उद्घाटन करेंगे जिला प्रभारी मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** बरौनी प्रखंड अंतर्गत पिपरा देवस पंचायत स्थित भरथो भारत हाई स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को जन कल्याणकारी शिविर का जिला प्रभारी मंत्री उद्घाटन करेंगे। इस विशेष शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मंत्री रामकृपाल यादव शामिल रहेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि शिविर को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आम जनता की समस्या के त्वरित निष्पादनऔर सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे जमीन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में जिले के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएम श्रीकांत शास्त्री, पुलिस कप्तान (एसपी) मनीष कुमार, तेघरा विधायक रजनीश कुमार, पूर्व तेघरा विधायक ललन कुमार

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ, बरौनी) अनू रंजन कुमार विभिन्न विभागों के सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहेंगे। इस सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और विभिन्न विभागों से जुड़े काय मौके पर ही निपटारा करना सभी विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर उपस्थित होकर जनता की शिकायतों और आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करें। पिपरा देवस पंचायत सहित आस-पास के ग्रामीणों में इस सहयोग शिविर को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आम लोगों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर लाभ उठाने की अपील की हैसभी विभागीय कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे समय पर उपस्थित होकर जनता की शिकायतों और आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करें।

# पंचायत भवन में आज लगेगा सहयोग शिविर

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अख्तियारपुर-मंझौली पंचायत भवन में मंगलवार को सम्राट सरकार की ओर से 'सहयोग शिविरः आपकी हर समस्या का समाधान आपके पंचायत में' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इसकी तैयारियों का जायजा लेने एसडीएम चंदन कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, एसडीपीओ पंकज सिंह, इंस्पेक्टर चंद्रिका प्रसाद सिंह और थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी पहुंचे /अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जनप्रतिनिधियों और आंगनवाड़ी सेविकाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# प्रज्ञा प्रवाह विभाग अभ्यास वर्ग का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिला प्रज्ञा प्रवाह (चेतना) विभाग के तत्वावधान में सोमवार को अभ्यास वर्ग का आयोजन विकास विद्यालय डुमरी बेगूसराय के सभागार में किया गया। अभ्यास वर्ग का उद्घाटन प्रज्ञा प्रवाह (चेतना) के उत्तर पूर्व क्षेत्र के संयोजक देव्रत प्रसाद, प्रान्त सह-संयोजक डॉ संतोष कुमार अनल, विभाग संयोजक सुभाष चंद्र सिंह, विकास विद्यालय के निदेशक राजकिशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन के उपरान्त भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण आगत अतिथि एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने किया। अभ्यास वर्ग का संचालन विभाग सह संयोजक राजेश कुमार सिन्हा ने किया। अभ्यास वर्ग के प्रथम सत्र प्रज्ञा प्रवाह के परिचय, आगामी कार्य एवं कार्यक्रम से सम्बंधित रहा जिसपर उत्तर पूर्व क्षेत्र के संयोजक देवब्रत प्रसाद ने विस्तार से चर्चा की। द्वितीय सत्र पुस्तकाधारित अध्ययन परिदर्शन का रहा जिसपर प्रस्तुति महिला विभाग प्रमुख डा. रिंकी कुमारी ने किया। तृतीय सत्र विषयाधारित अध्ययन केन्द्र का रहा जिसपर प्रान्त सह संयोजक डॉ संतोष कुमार अनल ने भारत बोध विषय पर प्रस्तुति किया। चतुर्थ सत्र में आगामी कार्य - कार्यक्रम निर्धारण, जिज्ञासा समाधान एवं समापन उद्‌बोधन डॉ संतोष कुमार अनल ने किया। समस्तीपुर जिला में पुस्तक आधारित चर्चा केन्द्र प्रारम्भ करने की महिला विभाग प्रमुख डॉ रिंकी कुमारी सहमति व्यक्त की। बेगूसराय जिला युवा आयाम सह प्रमुख का दायित्व अभिलेख कुमार को एवं अमित कुमार को नगर युवा आयाम प्रमुख का दायित्व देने की घोषणा क्षेत्रीय संयोजक एवं प्रान्त सह संयोजक की सहमति से की गयी अभ्यास वर्ग में बेगूसराय जिला संयोजक नन्द किशोर सिंह, सह संयोजक अशोक प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष शिवचन्द्र प्रसाद सिंह, समस्तीपुर संयोजक डा. विनय कुमार सिंह, तेघरा अनुमंडल संयोजक डा. कैलाश प्रसाद पोद्दार, बेगूसराय युवा आयाम प्रमुख दीपक कुमार, महिला आयाम प्रमुख गौरी कुमारी, विमर्श प्रमुख अखिलेश कुमार, कुमारी रूपा, नमिता, वीरेन्द्र कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार, अरुण कुमार सिंह, संजीव कुमार सहित चालीस कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग में शामिल हुए।

# ज्ञान से तय होगा विकास का मानक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, विष्णुपुर, बेगूसराय में माध्यमिक कक्षा में कार्यरत शिक्षिकाओं का सेवाकालीन प्रशिक्षण चर्या के उद्घाटन सत्र में शिक्षक नेता डॉ सुरेश प्रसाद राय ने ये बातें कही। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत के लिए शिक्षा का एक नियामक दस्तावेज नहीं बल्कि विकसित भारत निर्माण का संकल्प पत्र है। इसमें शिक्षकों के योग्यता संवर्धन के लिए अनेक अवसर प्रदान करने की बात कही गई है। इसमें शिक्षकों के सेवाकालीन शिक्षा सुरक्षा और समीक्षा की बात कही गई हैद्य जिससे शिक्षक अपनी योग्यता में विस्तार करते हुए बेहतर समाज निर्माण में योगदान दे सकें। वास्तव में राष्ट्र निर्माण में सर्वश्रेष्ठ योगदान शिक्षकों का ही है इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर निरूपण भारती ने क्रियात्मक अनुसंधान के विभिन्न संदर्भ की विस्तार पूर्वक चर्चा की। स्वागत पर भाषण उपप्राचार्य डॉक्टर गौतम कुमार, मंच संचालन व विषय प्रवेश उमाशंकर तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ पन्नालाल ने द्य किया इस कर्यक्रम में 72 शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ।

# गायत्री यज्ञ के माध्यम से प्रतिध्वनित हुआ सुसंस्कृत पीढ़ी के निर्माण का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** सामाजिक सद्भाव के उद्देश्य से साईं पैलेस में आयोजित पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ में 110 याजकों ने अपनी यज्ञाहूति अर्पित की जिसमें 160 श्रद्धालु सम्मिलित हुए। साईं पैलेस के प्रोपराइटर संजीव सिंह दंपति के द्वारा विशेष पूजन किया गया। माता भगवती देवी महिला मंडल की संचालिका नीलम भगतजी के द्वारा गायत्री मिशन के द्वारा नई पीढ़ी को सभ्य, प्रखर प्रतिभावान और संस्कृत बनाने वाले उल्लेखनीय अभियान अभियान 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' और कन्या किशोर कौशल अभिवर्धन के महत्व के बारे में जनमानस को अवगत कराया गया। मनोज मिश्र द्वारा यज्ञ संपन्न कराया गया जिसमें पर्यावरण संतुलन, राष्ट्र के सशक्तिकरण, सबके लिए सद्‌बुद्धि व स्वास्थ्य, नवग्रह, शिर्डी साईं बाबा और सदगुरु देव के लिए विशेष आहुतियां समर्पित कराई गई। यज्ञ में गुरु मंत्र दीक्षा और विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराए गए। युग गायक वीरेंद्र मिश्र द्वारा भक्ति और प्रेरणा पर आधारित सांगीतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से ऋषि संदेश दिये गये। विकास जी द्वारा तबले पर संगति प्रदान की गई। इस आयोजन में माता भगवती महिला मंडल की संचालिका नीलम भगत, सुषमा देवी, प्रभा देवी, प्रदीप मंडल, अरुण कुमार शाह, संतोष जी,सौरभ सिंह, अरुण भगत, गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर के मुख्य ट्रस्टी श्री कृष्ण चंद्र चौरसिया, राजनाथ मंडल, मौसम कुमार, संजय सिंह योगदान रहा।

# जनसंवाद के माध्यम से समस्या का समाधान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं संवेदनशील समाधान के उद्देश्य से संचालित जन समाधान सह जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर ने समाहरणालय में आयोजित जन संवाद में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्रत्येक मामले में तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। जन सुनवाई में कुल 14 फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। प्राप्त आवेदनों में अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल एवं राजस्व पदाधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान कई मानवीय संवेदनाओं से जुड़े मामले भी सामने आए, जिसका जिलाधिकारी द्वारा त्वरित समाधान किया गया। धरहरा सारोबाग निवासी मनोरमा देवी ने कहा कि वह सारोबाग पंचायत में नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई का कार्य करती हैं, किंतु ढाई वर्षों से उन्हें मानदेय नहीं दिया गया है। गंगटा खड़गपुर निवासी बबीता कुमारी ने बताया कि वह जमालपुर केशवपुर में जमीन खरीदी है जिसका जमालपुर अंचल अधिकारी द्वारा दाखिल खारिज करने में टालमटोल किया जा रहा है। बरियारपुर परिया निवासी निरंजन कुमार मंडल ने गर्मी को देखते हुए चापानल लगाने की मांग की। जमालपुर दौलतपुर निवासी ललित दास ने अपने पड़ोसी पर उनके जमीन को हड़पने, मारपीट करने और उनके घर के रास्ते को अवरुद्ध करने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारी को सभी आवेदनों की जांच कर उसे पर समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# बरहपुर हॉल्ट के पास ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मोकामा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेल थाना क्षेत्र के बरहपुर हाल्ट के पास सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चलती ट्रेन से गिरकर एक 40 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि मृतक 12336 मुंबई-भागलपुर एलटीटी एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। बरहपुर हाल्ट के पास अचानक ट्रेन से गिरने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के पास से पुलिस को एक मोबाइल फोन और आधार कार्ड बरामद हुआ है। आधार कार्ड के अनुसार मृतक की पहचान मो. सलमान खान के रूप में हुई है, जो भागलपुर जिले के मिर्ज़हट का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। इधर इस घटना के बाद घटनास्थल के समीप अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना काऊी विभत्स थी। लोगों ने इसकी उम्मीद नहीं की थी। इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोकामा अनुमंडल अस्पताल भेज दिया गया है।

# संगठन सृजन साथी अभियान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर संगठन सृजन साथी अभियान की सफलता को लेकर जमालपुर नगर कांग्रेस कार्यालय में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष साईं शंकर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मुंगेर जिला प्रभारी राजीव कुमार गुप्ता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को जिला प्रभारी राजीव कुमार गुप्ता ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आरंभ किए गए संगठन सृजन साथी अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सृजन साथी अभियान से नए सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया तथा इससे संबंधित तकनीकी एवं गैर तकनीकी जानकारी से भी अवगत कराया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति अध्यक्ष राजेश राम तथा बिहार प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के निर्देश पर बिहार के सभी जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर संगठन सृजन साथी अभियान चलाया जा रहा है।संबोधित करते हुए नगरध्यक्ष साइ शंकर तथा प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव शर्मा ने कहा कि इस संबंध में जमालपुर के सभी वार्ड स्तर तथा पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर शिविर के माध्यम से तथा घर-घर जाकर सृजन साथी के सदस्यों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। मौके पर मौजूद मुंगेर जिला कांग्रेस एससी एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपक कुमार, वरिष्ठ कांग्रेसी मनोज कुमार, चंद्रशेखर चौरसिया तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव मानसी कुमारी ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्हें जो दायित्व दिया गया है, उसे शत प्रतिशत धरातल पर लाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सब समिति से अरविंद कुमार को कार्यालय सचिव नियुक्त किया गया। मौके पर सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, सोहित दास, दिनेश यादव, विमल शंकर, सुधीर दास, वरती देवी, अनिल तांती, अजीत कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार, राजू कुमार सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से चल रहा गिट्टी बालू का कारोबार, दुर्घटना में यात्री हो रहे घायल

## माफिया का बोलबाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर में रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से बालू गिट्टी का अवैध कारोबार खुले रूप से जारी है। रेल के तीनों कॉलोनी एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से गिट्टी बालू गिरकर व्यवसाय कर रेलवे को चूना लगाने में बालू गिट्टी माफिया लगे हुए हैं। रामपुर कॉलोनी एवं पंचमुखी रामपुर मुख्य सड़क के किनारे पिछले 15 दिनों से गिट्टी बालू का भंडारण किया गया है। सड़क किनारे गिराए गए गिट्टी बालू के कारण राहगीर सहित रेल परिवार आए दिन चोटिल होकर घायल हो रहे हैं। रामपुर पंचमुखी मुख्य सड़क के किनारे भंडारण किए गए गिट्टी बालू का संचालन स्थानीय प्रशासन के साथ रेल प्रशासन की भी सहमति दिए जाने के कारण बालू गिट्टी माफिया का मनोबल सातवे आसमान पर दिख रहा है। राहगीर शंकर कुमार सिंह, अरुण पासवान, मुकेश कुमार, सीमा देवी, रूबी देवी सही तो कई लोगों ने बताया कि गिट्टी बालू का अवैध भंडारण सड़क किनारे होने से हम लोगों को आए दिन परेशानी का सामना करना पढ़ रहा है। रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से गिट्टी बालू का हो रहा भंडारण मामले में आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा प्रसाद सिंह ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# भागलपुर में जनजातीय गरिमा उत्सव का शुभारंभ

## स्टॉल लगाकर दिया जाएगा सेवाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** जिले के जन जातीय बाहुल्य क्षेत्र में संचालित सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर आधारित जनजातीय गरिमा उत्सव अंतर्गत जनभागीदारी अभियान का शुभारंभ आज जिलाधिकारी डॉ नवल किशोरी चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सोमवार से आरंभ यह अभियान आगामी 25 मई तक जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित किया जाएगा। जिसके तहत जिले के पीरपैंती प्रखंड के 22 पंचायतों के 42 गांव, सन्हौला प्रखंड के 07 पंचायतों के 19 गांव तथा कहलगांव प्रखंड के 01 पंचायत के 01 गांव सहित कुल 62 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनजातीय समुदाय को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

विशेष रूप से आधार कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना तथा स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र लाभुकों को आच्छादित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य जांच हेतु मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया जाएगा, जहां जनजातीय समुदाय के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित यह अभियान समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े जनजातीय लोगों तक सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि सबसे दूर, सबसे पहले थीम पर आधारित इस अभियान का उद्देश्य उन क्षेत्रों तक प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, जहां अब तक योजनाओं का लाभ सीमित रूप से पहुंच पाया है। इस अभियान के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा चुके हैं। विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित शिविरों में योग्य लाभुकों को योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के साथ-साथ जनजातीय समुदाय में जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया जाएगा। डॉ चौधरी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण हेतु सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, दूरसंचार, बिजली एवं आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के दौरान जनसुनवाई कार्यक्रमों का आयोजन कर जनजातीय लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी तथा उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनजातीय संस्कृति, परंपरा एवं गौरवशाली धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं जनजातीय गौरव के प्रतीक महापुरुषों के जीवन एवं योगदान से भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। अभियान के अंतर्गत 20 मई 2026 को सरकारी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं सहयोगियों द्वारा सभी 62 जनजातीय ग्रामों में सामुदायिक यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की जाएगी तथा उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता दिनेश राम, जिला कल्याण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# नव पदस्थापित प्रमंडलीय आयुक्त ने ग्रहण किया प्रभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भागलपुर।** इस प्रमंडल के नव पदस्थापित प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा ने सोमवार को अपना प्रभार ग्रहण कर लिया। इसके पूर्व भागलपुर आगमन पर जिला अतिथि गृह में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। प्रभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भागलपुर की धरती से उनका पुराना लगाव रहा है। पूर्व में भी वे यहां जिलाधिकारी तथा प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में कार्य कर चुके हैं। 4 वर्षों के बाद पुनः भागलपुर में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि भागलपुर में पूर्व में भी यातायात की समस्या रही है और वर्तमान में भी विक्रमशिला ब्रिज की समस्या है। उसे दुरुस्त कराया जाएगा और प्रयास किया जाएगा कि जल्द से जल्द यातायात की व्यवस्था सुचारू हो जाए। बिहार सरकार का सड़क संपर्क पर विशेष ध्यान रहा है। सरकार की कोशिश है कि बिहार के किसी भी कोने से पटना पांच घंटे में पहुंचा जाए और इसे सुनिश्चित भी कराया जा रहा है। यहां के जितने भी पथ निर्माणाधीन हैं उन सबों को जल्द पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा प्रमंडल के जिलों के कार्यों का सामान्य पर्यवेक्षण किया जाता है। विकास और राजस्व की योजनाओं का सामान्य पर्यवेक्षण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भागलपुर एवं बांका जिले में विकास कार्य बेहतर ढंग से संचालित हो रहे हैं तथा दोनों जिलों के जिलाधिकारी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं विकासात्मक कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करना भी उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भागलपुर आगमन पर जिला अतिथि गृह में जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। प्रभार ग्रहण करने के पश्चात आयुक्त श्री मीणा ने जिलाधिकारी एवं सिटी एसपी के साथ विक्रमशिला पुल के समीप चल रहे बेली ब्रिज निर्माण कार्य का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उन्हें निर्माण कार्य की प्रगति एवं अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत उन्होंने बरारी घाट पर नाव परिचालन मार्ग का भी निरीक्षण किया तथा वहां जिला प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था, आयोजित स्वास्थ्य शिविर एवं जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए भोजन स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव विनोद कुमार सिंह, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी अनिल कुमार राय एवं संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मिशन मोड में बनेगी किसानों की फार्मर आईडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की एग्री स्टैक परियोजना के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान को पुनः मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर उप विकास आयुक्त पूर्वी चंपारण मोतिहारी डॉ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी के द्वारा निर्देश दिया कि जिला में अधिक से अधिक किसानों का फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी मिशन मोड में अपने-अपने क्षेत्र में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्रेशन से वंचित न रहे। फार्मर रजिस्ट्रेशन किसान की डिजिटल पहचान बनेगी और इसी के आधार पर सरकार के सभी योजनाओं का लाभ किसानों को मिलेगा। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले/ कम उपलब्धि अर्जित करने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–44ए–25, दिनांक** 13.05.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा क्रमांक **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–44ए–25** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के अधीन आइसोलेटड (पृथक्कृत) खंड में ट्रेन के प्रवेश की सुरक्षा हेतु स्टॉप सिग्नल के बाद इंसुलेटेड ओवरलैप के स्थानांतरण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,89,07,411.70, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,78,100/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-77/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नाला निर्माण में हो रहे विलंब पर भड़के पूर्व डिप्टी सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नगर में चल रहे स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम के नाला निर्माण कार्य में हो रहे विलंब एवं सड़कों की बेतरतीब खुदाई पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रोजेक्ट निदेशक, सहायक अभियंता तथा संवेदक प्रतिनिधि अभियंता कार्तिक चौरसिया को बुलाकर फटकार लगाई। तारकिशोर प्रसाद ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नाला निर्माण के लिए उतनी ही खुदाई की जाए, जिसका निर्माण कार्य तत्काल पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में जगह-जगह बिना योजना के सड़क खोदने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने पूर्व से निर्मित पक्की सड़कों को मनमाने ढंग से तोड़कर नाला निर्माण करने की कार्रवाई पर भी कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यदि सड़क तोड़ना अपरिहार्य हो, तो नगर निगम की अनुमति के बिना किसी भी सड़क को नहीं तोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि खुदाई के बाद कटे हुए हिस्से की तत्काल मरम्मत नहीं होने से राहगीरों एवं वाहन चालकों को कठिनाई हो रही है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नाला निर्माण का एलाइनमेंट सीधा रखने का निर्देश देते हुए कहा कि तकनीकी मानकों की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम नगर में जलजमाव की समस्या दूर करने के साथ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि तकनीकी लापरवाही एवं घटिया कार्य करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बुडको के अभियंताओं को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ड्रेनेज निर्माण सीधी एलाइनमेंट में किया जाए तथा मनमाने तरीके से एलाइनमेंट तय करने पर कठोर कार्रवाई होगी। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन चार आउटफॉल में से रोजितपुर आउटफॉल को अविलंब चालू करने का भी निर्देश दिया।

# 670 अनु0 जनजाति परिवारों को मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार पटना के तत्वाधान में 'जनजातीय गरिमा उत्सव 2026 का शुभारंभ समाहरणालय सभागार, आरा में आज आयोजित किया गया। अध्यक्षता जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। इस उत्सव के तहत दिनांक 18.05.2026 से 25.05.2026 तक 'जनभागीदारी-सबसे दूर सबसे पहले' अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत भोजपुर जिलान्तर्गत अनु0 जनजाति बहुलता वाले बिहियाँ एवं शाहपुर प्रखंड के 21 पंचायतों के 34 गाँव में निवास करने वाले 670 अनु0 जनजाति परिवारो के कुल 4810 लागो को सरकारी योजनाओं से पूर्णतः अच्छादित किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अनु0 जनजाति के लोगों को जागरूक करना, सरकारी योजनाओं का लाभ/प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना, वृक्षारोपण करना तथा स्वास्थ्य कैम्प लगाकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि 19 ये 25 मई तक सभी पूर्व से चिन्हित आदि सेवा केन्द्रों पर कैम्प लगाकर इनटाइटलमेंट वितरण किया जाए एवं विभिन्न सरकारी सेवाओं से वंचित जनजातीय समूह के लोगो से आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करे। साथ ही सभी आदि सेवा केन्द्रों पर मेडिकल कैम्प लगाकर स्वास्थ्य सुविधा भी उपलब्ध कराई जायेगी। अभियान के तहत दिनांक-21.05.2026 से 23.05.2026 तक जनसुनवाई के माध्यम से जनजाति समूह के लोगों से प्राप्त समस्याओं पर जनसुनवाई आयोजित की जायेगी तथा उनका त्वरित निष्पादन कराया जायेगा। इस अवसर पर अपर समाहर्ता भोजपुर, सिविल सर्जन, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य जिला/अनुमण्डल/प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–07–26, दिनांक** 13.05.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा क्रमांक **ईएलडी–125–डब्ल्यूसी–ओटी–07–26** के प्रतिपक्ष ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** : पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में आइसोलेटर और ड्रॉप जंपर के लिए जंपर का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,97,67,329.95, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 7,95,400/–, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 05.06.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। HWH-71/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** महिला एवं बाल विकास निगम, बेगूसराय के तत्वावधान में सलेहचक पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-211 में सखी वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, छात्राओं एवं ग्रामीण समुदाय को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास निगम, बेगूसराय के जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन के कर्मियों द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक राजकुमार सिन्हा, वन स्टॉप सेंटर की केन्द्र प्रशासक वीणा कुमारी, केस वर्कर मनी भूषण मिश्रा तथा वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ संजीत कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पीसीपीएनडीटी एवं एमटीपी एक्ट, वन स्टॉप सेंटर, बेगूसराय, कैरियर काउंसलिंग तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी साझा की गई। विद्यालय की छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को योजनाओं के उद्देश्य, लाभ तथा उनसे जुड़ी सुविधाओं के बारे में सरल और व्यवहारिक तरीके से अवगत कराया गया। जिला मिशन समन्वयक राजकुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या है।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गयाजी की पावन धरा पर विष्णु पद प्रांगण के निकट स्वास्तिक भूमि में श्री दयाराम चैरिटेबल ट्रस्ट वृंदावन की ओर से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया कथा व्यास वृंदावन से पधारे हुए पूज्य कमल में जी महाराज ने श्रीमद् भागवत के प्रथम दिवस पर ज्ञान वैराग्य की चर्चा करते हुए धुंधकारी के प्रकरण को प्रस्तुत करते हुए युवा पीढ़ी में संस्कारों के समावेश का आह्वान किया उन्होंने कहा कि जब तक हम अपनी नई पीढ़ी को धर्म शास्त्रों के माध्यम से संस्कारों के समावेश से नहीं जोड़ेंगे तब तक हमारे अंदर संस्कारों का अभाव रहेगा और संस्कार विहीन पुत्र से समाज व देश दोनों को कोई लाभ नहीं है विज्ञान के इस दौर में ज्ञान का अभाव देखा जा रहा है ज्ञान वैराग्य की चर्चा करते हैं उन्होंने कहा कि हमें आधुनिकता की इस दौड़ में अर्थपूर्ण संसार में सब कुछ करना है परंतु अपने संस्कारों और अपने संस्कृति को बचाए रखना है मुख्य यजमान रिमां कुमारी एवं शिक्षाविद विभागाध्यक्ष शिक्षाशास्त्र विभाग गया कॉलेज गया डॉक्टर धनंजय धीरज ने बताया कि आज प्रथम दिवस के अवसर पर पवित्र सूर्यकुण्ड से कलश में जल भरकर शोभायात्रा निकाली गई मंदिर प्रांगण होते हुए यह कलश यात्रा स्वास्तिक भूमि पर आकर विराम को प्राप्त हुई है। तत्पश्चात देश भर से पधारे हुए सैकड़ो भक्तों ने श्रीमद् भागवत रूपी अमृत का रसपान किया देश के विभिन्न राज्यों से पधारे हुए सुधिजनों ने इस पावन नगरी में आयोजित श्रीमद् भागवत पर प्रसन्नता व्यक्ति विशाल राम बाजार अंबाला से एवं अशोक चौरसिया जबलपुर से आयोजित भागवत कथा में पधारे हुए सभी श्रद्धालुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पृष्ठ एक का शेष

### गया से पलामू तक ....

बदलाव आएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक उन्हें गया या डाल्टेनगंज पहुंचने के लिए घंटों सड़क यात्रा करनी पड़ती थी। रेल लाइन बनने के बाद यात्रा आसान और सस्ती होगी। किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, वहीं छात्रों और मरीजों को भी राहत मिलेगी।

**राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर लंबे समय से उठती रही मांग**

गया-शेरघाटी-इमामगंज-डाल्टेनगंज रेल लाइन की मांग दशकों से उठती रही है। विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने समय-समय पर आंदोलन और ज्ञापन देकर इस परियोजना को स्वीकृति देने की मांग की थी। कई बार सर्वे भी हुए, लेकिन परियोजना आगे नहीं बढ़ सकी। अब विशेष रेल परियोजना का दर्ज़ा मिलने के बाद क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लोगों को विश्वास है कि वर्षों से अधूरा पड़ा सपना अब जल्द ही साकार होगा।

**आर्थिक गलियारे के रूप में उभर सकता है इलाका**

रेल संपर्क स्थापित होने के बाद गया से पलामू तक का पूरा इलाका आर्थिक गतिविधियों का नया केंद्र बन सकता है। झारखंड के खनिज क्षेत्र और बिहार के कृषि क्षेत्र के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा। इससे माल ढुलाई आसान होगी और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा गया जंक्शन और डाल्टेनगंज के बीच वैकल्पिक रेल मार्ग बनने से रेलवे नेटवर्क को भी मजबूती मिलेगी। भविष्य में यह लाइन पूर्व मध्य रेलवे के लिए रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**लोगों की आंखों में फिर लौटी उम्मीद**

इस अधिसूचना के बाद गांवों और कस्बों में एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है कि अब शायद वे दिन दूर नहीं जब उनके इलाके में भी ट्रेन की सीटी सुनाई देगी। बुजुर्ग बताते हैं कि उन्होंने अपने बचपन से इस रेल लाइन की चर्चा सुनी थी, लेकिन कभी विश्वास नहीं हुआ कि यह सपना सच होगा। अब रेलवे की अधिसूचना ने लोगों के मन में नई आशा जगा दी है। यदि परियोजना समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ती है, तो यह केवल एक रेल लाइन नहीं होगी, बल्कि मगध और पलामू क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई धुरी साबित हो सकती है।

# कांग्रेस की मजबूती को लेकर प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** प्रखण्ड बोधगया केकंग्रेस कमिटी के संयोजक शिवशंकर कुशवाहा ने प्रखण्ड कार्यकर्ताओ को कॉल करके प्रखण्ड कार्यलय मे संगठन सृजन के लिए बैठक बुलाई गई है। लेकिन गया जिला कंग्रेस कमिटी दक्षिणी क्षेत्र के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा के साथ एक निजी होटल में जाकर बैठक किया गया है, कार्यकर्ताओ को गुमराह करके मीटिंग कर रहे थे जबकि गोपाल पासवान बृजेश राय लखन प्रसाद यादव जी वीरेंद्र यादव, चंद्रदेव पासवान शांति देवी जी शैलेंद्र कुमार वर्मा रामाकांत पासवान सहित कंग्रेस कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय बन्द रहने के कारण कार्यालय के बाहर बैठे रहे इन्जार मे लेकिन प्रखण्ड संयोजक एवं जिला अध्यक्ष कोई सुध लेने तक नहीं आये और निजी होटल मे जाकर कुछ चंद लोगो के साथ बैठकर करते नजर आये,बिहार प्रदेश कंग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी से हम सभी कार्यकर्ता न्याय की गुहार लगाती है।

# आग से बचाव को लेकर दी गई जानकारी

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला इकाई अंतर्गत आज दिनांक 18.05.2026 को जिला अग्निशमन पदाधिकारी रश्मि के अध्यक्षता में अग्निशमन पदाधिकारी/एवं कर्मी के द्वारा प्रवण काल को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 29 जगह पर मॉक ड्रिल एवं 04 जगह पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तथा जनप्रतिनिधि /वाद सदस्य साथ 05 जगह पर बैठक 04जगह पर वॉल पेंटिंग तथा 04जगह पर प्रोजेक्टर चला कर वीडियो के माध्यम से रिफ्लेट पंपलेट वितरण कर आग से बचाव हेतु क्या करें क्या नहीं करें। गैस सिलेंडर एवं शॉर्ट सर्किट से आग से बचाव पर चर्चा कर प्रचार प्रसार कर अग्निसुरक्षा हेतु मॉकड्रिल का आयोजन किया गया।

# शराब लाने से मना करने पर मजदूर की कर दी पिटाई, मौत

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां करता है। शराब नहीं लाने पर एक अधेड़ मजदूर की जान चली जाती है। ऐसा ही एक सनसनीखेज घटना भागलपुर जिले के बबरगंज थानाक्षेत्र के कुतूबगंज में बीते 16 मई की रात की घटना हुई। जहां दबंगों द्वारा एक मजदूर की बेरहमी से पिटाई के बाद अस्पताल में उसकी मौत हो जाती है। मिली जानकारी के अनुसार, पलटन हरि (40 वर्षीय) को शराब लाने से मना करने पर दबंगों ने अधमरा कर दिया था। गंभीर चोटों के साथ उसे जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन सोमवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक मूल रूप से नवगछिया के रंगरा चौक थानाक्षेत्र के सधुआ गांव का निवासी था। वह वासो हरि का पुत्र था। और पिछले 15 वर्षों से बबरगंज थानाक्षेत्र के मोदी नगर हरिजन टोला में किराए के मकान में रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। बरारी कैंप थाने की सूचना पर बबरगंज थानाध्यक्ष दिव्या कुमारी पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचीं। और मृतक के परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने बताया कि बीते 16 मई की रात, जब पलटन हरि को दबंगों ने शराब लाने से मना किया, तो उन्होंने बेरहमी से उसकी पिटाई की और उसे बेसुध कर दिया। मृतक के परिवार ने बताया कि पलटन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। इधर परिजनों ने मुख्य आरोपित जितेंद्र कुमार समेत छह लोगों के नाम पुलिस को बताए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही बबरगंज थानाध्यक्ष और पुलिस टीम ने अस्पताल में पहुंचकर परिजनों से मामले की जानकारी ली। इस घटना के बाद बबरगंज थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं, मुख्य आरोपी जितेंद्र कुमार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. : 40_2026–27, दिनांक:** 12.05.2026, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा –711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल के तहत बैण्डेल, बर्द्धमान, आजिमगंज और रामपुरहाट में रेलवे इंस्टीट्यूट का नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,01,17,121.64, **बयाना राशि :** रु. 6,02,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 04.06.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के जरिए स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-69/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# लोगों को मिलेगा जनजातीय गरिमा उत्सव का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं बिहार के अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय गरिमा उत्सव का आज विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने किया। यह कार्यक्रम समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई। यह विशेष अभियान 25 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके तहत औरंगाबाद जिले के जनजातीय परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से पूरी तरह आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन अनुसूचित जनजाति समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सबसे दूर, सबसे पहले अभियान का मूल उद्देश्य उन क्षेत्रों तक प्रशासनिक सेवाएं पहुंचाना है जहां अब तक योजनाओं का लाभ सीमित रूप से



पहुंच पाया है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान अनुसूचित जनजाति समुदाय से जुड़े लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से समुदाय के बीच जागरूकता बढ़ाने, सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने का व्यापक प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से 25 मई तक जनजातीय बहुल गांवों में जनभागीदारी अभियान संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कुटुम्बा प्रखंड के चयनित जनजातीय बाहुल्य ग्राम घेउरा में 19 से 25 मई तक विभिन्न जनकल्याणकारी, जागरूकता एवं सेवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है तथा जिला एवं प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर आयोजित कर विभिन्न सेवाओं हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा उनका निष्पादन करते हुए संबंधित प्रमाण-पत्रों का वितरण किया जाएगा। साथ ही मेडिकल कैम्प के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता बेवी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समिति जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### उत्तर कोयल नहर परियोजना से संबंधित कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

# निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करें एनकेआरपी कार्य : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर कोयल नहर जलाशय परियोजना (एनकेआरपी) से संबंधित निर्माण कार्यों एवं भूमि अधिग्रहण की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में परियोजना के विभिन्न पैकेजों के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों, भौतिक प्रगति, मशीनरी एवं मानव संसाधन की उपलब्धता, भूमि अधिग्रहण, निविदा प्रक्रिया तथा वितरण प्रणाली की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। गौरतलब है कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड राज्य से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुंबा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से होकर गया जिले में प्रवेश करती है। यह क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना है जिसके पूर्ण होने पर किसानों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11) शामिल हैं। परियोजना की कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है, जिसमें लगभग 61.69 किलोमीटर भाग औरंगाबाद जिले में अवस्थित है। बैठक में बताया गया कि परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 60.35 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है तथा पिछले सात दिनों में 1.03 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। निर्माण एजेंसियों द्वारा विभिन्न पैकेजों में लाइनिंग, संरचना निर्माण एवं अन्य तकनीकी कार्यों के लिए आवश्यक मशीनरी एवं मानवबल की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। साथ ही वितरण प्रणाली से संबंधित निविदा प्रक्रिया, पुनः निविदा की स्थिति तथा शेष कार्यों के प्राक्कलन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। भूमि अधिग्रहण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की जानी है जिसमें से 38.5734 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण किया जा चुका है। शेष भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी तेजी से संचालित की जा रही है। बिहार भूमि लीज नीति, 2014 के अंतर्गत अधिकांश रैयतों का निबंधन कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष मामलों का निष्पादन प्रक्रियाधीन है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जल शक्ति मंत्रालय द्वारा परियोजना के कार्य पूर्ण करने हेतु जून 2027 तक समय विस्तार प्रदान किया गया है। अंत में मुख्य सचिव ने परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराया जा सके।

# मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना पर खर्च होंगे 18 लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय दाउदनगर परिसर में स्थित मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना पर सरकार की तरफ से 18 लाख रुपए की राशि खर्च की जानी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15.372 लाख रुपए की लागत से गृहरक्षकों के रहने के लिए अतिरिक्त बैरक का निर्माण कार्य किया जाना है। इसके लिए बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग के भवन प्रमंडल औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता द्वारा टेंडर निकाला गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी चार से छह माह में भवन का निर्माण कार्य पूरा कर लेना है। भवन प्रमंडल औरंगाबाद द्वारा एक और टेंडर निकाला गया है जिसमें 286900 रुपये की लागत से मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना भवन के अंदर एवं बाहर की दीवारों की रंग और पुताई होगी। इसके साथ ही शौचालय और टंकी का निर्माण कार्य होना है। यह कार्य भी तीन से पांच माह में पूरा हो जाना है। महत्वपूर्ण है कि यहां मद्य निषेध का थाना प्रखंड सह अंचल कार्यालय के एक भवन में संचालित है। जिस भवन में कभी उप कोषागार का कार्यालय चलता था। शराबबंदी के बाद जब बिहार सरकार ने मद्य निषेध एवं उत्पाद थाना बनाना शुरू किया तो उप कोषागार बंद होने के बाद खाली पड़े इसी भवन का इस्तेमाल किया जाने लगा था।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले पूर्व सांसद सुशील सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। नई दिल्ली में हुई इस मुलाकात के दौरान बिहार की राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई जिसमें पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने औरंगाबाद सहित मगध क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रियता,



जनसंपर्क अभियानों तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान बिहार में पार्टी के विस्तार, कार्यकर्ताओं की भूमिका और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के विषय पर भी चर्चा हुई। सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में देश लगातार विकास और सुशासन की दिशा में आगे बढ़ रहा है तथा बिहार में भी पार्टी संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को औरंगाबाद संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों की जानकारी देते हुए क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में सड़क, रेल और आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाओं को लेकर भी बातचीत हुई। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के समर्पण की सराहना करते हुए जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# मारपीट व हत्या का प्रयास मामले में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मारपीट व हत्या का प्रयास के मामले में तीन अभियुक्तों को सिमरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के गंजपर निवासी पिंटू कुमार पासवान, मदन पासवान एवं गया कुमार पासवान के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने बताया कि मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम लेदी दोहर के प्रिंस कुमार एवं लक्की कुमार दोनों गंजपर एक दुकान में अंडा खाने के लिए गए थे। आरोप है कि पिंटू कुमार ने यहां लक्की का बाइक छिनने का प्रयास किया। इस दौरान लक्की और प्रिंस ने विरोध किया तो पकड़े गए तीनों अभियुक्तों के अलावा चार - पांच अन्य लोगों ने दोनों की पिटाई कर दी जिसमें लक्की गंभीर रूप से जख्मी हो गया और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। इस दौरान लक्की के सिर से खून निकलता देख सभी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा लक्की को उठाकर सदर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर प्रिंस कुमार के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जनगणना कार्य में औरंगाबाद का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक में जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं आवासन गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला के कार्यों की प्रगति को सराहनीय बताया गया। बैठक में बताया गया कि राज्यभर में कुल 2,04,916 एचएलबीएस के विरुद्ध 45,439 एचएलबीएस का कार्य पूर्ण किया जा चुका है जबकि 1,58,831 एचएलबीएस में कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में औरंगाबाद जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य के शीर्ष जिलों में अपना स्थान बनाया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 5,189 एचएलबीएस निर्धारित हैं जिनमें से 3,513 एचएलबीएस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिला 67.70 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में तीसरे स्थान पर है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित पदाधिकारियों के सतत प्रयास का परिणाम है। समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि मोबाइल ऐप आधारित रियल टाइम डेटा एंट्री को और अधिक गति दी जाए ताकि आंकड़ों की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। समीक्षा बैठक में जनगणना कार्य के दौरान पाई जा रही सामान्य त्रुटियों पर भी विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि कई स्थानों पर एक भवन में दुकान, किरायेदार, पशुशाला अथवा बंद मकान होने के बावजूद केवल एक जनगणना गृह दर्ज किया जा रहा है जिससे वास्तविक आंकड़ों में भारी कमी आ सकती है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक भवन की सभी इकाइयों का पृथक जनगणना गृह के रूप में अनिवार्य रूप से प्रविष्टि की जाए। बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिया गया कि पेपर कार्यक्रम के स्थान पर प्रारंभ से ही मोबाइल एप्लिकेशन आधारित रीयल-टाइम डेटा एंट्री की जाए। एसई-आईडी सत्यापन को प्रत्येक घर पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने तथा भवन संख्या एवं जनगणना मकान संख्या में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होने देने का निर्देश दिया गया।

# 36 घंटे से बच्चा लापता, पिता ने लगाई खोजबीन की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वट सावित्री पूजा के दौरान लापता हुए चार वर्षीय मासूम अद्विक का 36 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं मिला है। मामला ओबरा थाना क्षेत्र के देवी मंदिर के समीप की है। बच्चे के पिता ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी हुई है। दरअसल शनिवार को देवी मंदिर के पास वट सावित्री पूजा के लिए काफी भीड़ जुटी हुई थी। अद्विक अपनी मां नेहा कुमारी के साथ मंदिर पहुंचा था। मां वट वृक्ष की परिक्रमा कर रही थी और बच्चा पास में खड़ा था। अचानक वह लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें एक महिला बच्चे को ले जाते दिख रही है। मां नेहा कुमारी ने बताया कि आसपास मौजूद लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद वहां मौजूद एक व्यक्ति से मोबाइल लेकर अपने पति सुधीर प्रसाद को फोन किया और मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पिता मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ काफी देर तक बच्चे की तलाश करते रहे, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

# पोगर नहर पुल से बरामद शव की शिनाख्त, प्राथमिकी

**रफीगंज(नबिटा संवाददाता)।** रफीगंज पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र के पोगर बड़की नहर के पुल से बरामद शव की शिनाख्त कर ली गयी है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। देर रात्रि शव की पहचान पौथु थाना क्षेत्र के बेरी गांव के राजेश्वर प्रसाद के रूप में हुई। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो घर पर परिवार का कोई भी सदस्य उपस्थित नहीं था। इस मामले में रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उक्त मृत व्यक्ति को अज्ञात लोगों के द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से पुल के नीचे फेंक दिया गया है। पंचनामा पोस्टमार्टम कराकर मृतक के चचेरे भाई संजय वर्मा को पुलिस ने शव को सुपुर्द कर दिया है।

# समस्याओं के समाधान में न हो अनावश्यक विलंब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

# मासूम की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आठ वर्षीय मासूम सतीश कुमार की हत्या में चार लोगों को देव पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों में संजीत चौधरी, अशोक चौधरी, संगीता देवी एवं संजय चौधरी के रूप में की गई है। घटना को लेकर मृतक के स्वजन ने अभियुक्तों के खिलाफ थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। बताया जाता है कि कुछ दिनों पूर्व सतीश कुमार का शव तालाब से बरामद किया गया था। इसी क्रम में पुलिस ने मामले की सभी पहलुओं पर छानबीन करते हुए इन सभी अभियुक्तों को आज गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर भी कार्रवाई में जुटी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# विवेकानंद के छात्रों का विकसित भारत बिल्डथॉन प्रतियोगिता में जलवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## छोटे शहरों में भी पल रहे बड़े सपने : चेयरमैन

**औरंगाबाद।** विवेकानंद वीआईपी स्कूल के छात्रों ने 'विकसित भारत बिल्डथॉन' प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार क्षमता के बल पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार पर कब्जा जमाया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय एवं अटल इनोवेशन मिशन द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय नवाचार कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य कक्षा छह से बारहवीं तक के छात्रों में रचनात्मकता, विज्ञान, तकनीक और समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करना है। प्रतियोगिता की थीम आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल, स्वदेशी उत्पाद तथा समृद्ध एवं विकसित



भारत पर आधारित थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्टार्टअप और नवाचार की दिशा में प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा नवम की छात्राएं इज्मा युहानिज, अमृता श्रीहंस एवं तहसीन फातिमा ने अपने प्रोजेक्ट 'यूरेका इंजन' के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं कक्षा नवम के छात्र अनिकेत कुमार एवं अनुराग रजक को उनके प्रोजेक्ट 'जम्पिंग एटम' के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा वर्ग षष्ठ के छात्र सूरज कुमार सागर, अविनाश कुमार, ओम सिंह एवं मधुकर आनंद की टीम ने स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने वाले अपने प्रोजेक्ट 'स्वदेशी शरबत' के लिए तृतीय पुरस्कार हासिल किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभूशरण सिंह ने कहा कि विकसित भारत बिल्डथॉन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है। विद्यालय के चेयरमैन मनीष वत्स ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छोटे शहरों में भी बड़े सपने पल रहे हैं।

# किशोरी सिन्हा महिला कालेज में चलाया नशामुक्त अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज के बीच नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने प्रेरणादायक नारा नशा छोड़ें, जीवन संवारे देकर सभी को जागरूक किया तथा कहा कि नशा व्यक्ति,




परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। कार्यक्रम में प्रो. अखिलेश सिंह, बर्सर डॉ. अभिजीत घोष, डॉ. अमरेंद्र कुमार मौलाना, डॉ. रीता कुमारी, डॉ. जयंती कुमारी, डॉ. सौरभ कांति पात्रा, डॉ. जहांगीर, डॉ. सुगंध प्रिया, डॉ. अकबर हुसैन अंसारी, डॉ. बच्चनदेव सिंह, डॉ. गुड़िया कुमारी, डॉ. राहुल, डॉ. प्रभात, डॉ. शिवशंकर, डॉ. कुंदन, डॉ. पंकज, डॉ. अमरदीप, डॉ. कमलदेव, डॉ. अनुज, डॉ. अरुण मिश्रा, डॉ. अजय, डॉ. सत्येन्द्र, डॉ. अर्चना, डॉ. नरेश, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. पुष्पा कुमारी एवं डॉ. मीनू कुमारी सहित महाविद्यालय के अनेक शिक्षक उपस्थित रहे। शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में भंडारपाल विनोद सिंह, दीपक एवं अन्य सहकर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। अभियान के दौरान छात्राओं ने नशा के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली तथा नारों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम का वातावरण उत्साहपूर्ण, प्रेरणादायक एवं जागरूकतापूर्ण रहा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

